■ औरंगाबाद और बोकारो से प्रकाशित www.navbihartime.com ■ बिहार एवं झारखंड का अपना अखबार

वर्ष : 34, अंक : 273
पृष्ठ : 12

औरंगाबाद, गुरुवार
7 मार्च 2024

मूल्य : 3.00 रुपये
रजि. नंबर : 52290/90

# नवबिहार टाइम्स

अपना प्रदेश, अपनी बात

**देश और दुनिया के इतिहास में आज की प्रमुख घटनाएं**

**1875:** अलेक्जेंडर ग्राहम बेल ने टेलीग्राफ का आविष्कार किया।
**1906:** फिनलैंड ने महिलाओं को वोट डालने का अधिकार मिला।
**1918:** फिनलैंड ने जर्मनी के साथ मैत्री समझौते पर हस्ताक्षर किए।
**1969:** इसरायल ने गोल्डा मेयर को अपनी पहली महिला प्रधानमंत्री चुना।
**1971:** शेख रहमान ने बांग्लादेश की स्वतंत्रता का आह्वान किया।

# राज्य स्तरीय नियुक्ति पत्र वितरण समारोह

**यहां होगी नियुक्ति**

स्नातकोत्तर प्रशिक्षित शिक्षक प्रतियोगिता परीक्षा-2023 अंतर्गत **बायोलॉजी के 253, केमिस्ट्री के 259, फिजिक्स के 313** एवं **भूगोल के 195** स्नातकोत्तर प्रशिक्षित शिक्षक

नगर विकास एवं आवास विभाग अंतर्गत **15 पाईप लाइन इंस्पेक्टर** और **55 स्ट्रीट लाइट इंस्पेक्टर**

कृषि विभाग अंतर्गत **09 कनीय अभियंता**

**यहां होगी नियुक्ति**

खान एवं भूतत्व विभाग अंतर्गत **34 खान निरीक्षक**

विद्युत विभाग अंतर्गत **53 कनीय अभियंता**

पथ निर्माण विभाग, जल संसाधन विभाग, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग और नगर विकास एवं आवास विभाग अंतर्गत **1,268 कनीय अभियंता** (सिविल)

झारखण्ड सरकार
GOVERNMENT OF JHARKHAND
सत्यमेव जयते


# 2,454

अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र वितरण

**दिनांक: 07 मार्च, 2024 (गुरुवार)**
**समय: 12:00 बजे मध्याह्न**
**स्थान: शहीद मैदान, धुर्वा, राँची**

## श्री चम्पाई सोरेन

माननीय मुख्यमंत्री, झारखण्ड
के कर कमलों द्वारा



**विशिष्ट अतिथि**

**श्री आलमगीर आलम**
माननीय मंत्री, ग्रामीण विकास, ग्रामीण कार्य, पंचायती राज एवं संसदीय कार्य विभाग, झारखण्ड

**श्री सत्यानंद भोक्ता**
माननीय मंत्री, श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास एवं उद्योग विभाग, झारखण्ड

**श्री बादल पत्रलेख**
माननीय मंत्री, कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग, झारखण्ड

**श्री मिथिलेश कुमार ठाकुर**
माननीय मंत्री, पेयजल एवं स्वच्छता, उत्पाद एवं मद्य निषेध विभाग, झारखण्ड

**श्री बसंत सोरेन**
माननीय मंत्री, पथ निर्माण, भवन निर्माण एवं जल संसाधन विभाग, झारखण्ड

PR 321791 (IPRD) 23-24

**सूचना एवं जनसंपर्क विभाग, झारखण्ड सरकार**

# बिहार में एनडीए के घटक दलों के बीच सीट शेयरिंग का फॉर्मूला तैयार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

- भाजपा 17, जदयू 16, लोजपा के दोनों गुट 5, राष्ट्रीय लोक मोर्चा और हम को एक-एक सीट देने की तैयारी
- पारस को राज्यसभा के जरिये संसद में ले जाने की हो रही बात

**पटना।** लोकसभा चुनाव नजदीक देख एक ओर जहां भाजपा विभिन्न राज्यों के उम्मीदवारों की सूची जारी कर रही है, वहीं दूसरी ओर बिहार में एनडीए में सीट शेयरिंग को लेकर विपक्ष लगातार सवाल उठा रहा है। इस बीच चर्चा है कि एनडीए में सीट शेयरिंग का फार्मूला लगभग तय हो गया है। सूत्रों की मानें तो काफी माथापच्ची के बाद भाजपा, जदयू के साथ चिराग पासवान, पशुपति कुमार पारस, उपेंद्र कुशवाहा और जीतन राम मांझी की पार्टी के लिए सीटों का मुद्दा लगभग हल कर लिया गया है। सूत्रों के अनुसार भाजपा इसबार भी 17 सीटों पर चुनाव लड़ेगी। लेकिन जदयू को इस बार पिछली बार की तुलना में एक सीट कम मिलेगी, यानी वह 16 सीटों पर चुनाव लड़ेगी। इन दोनों को मिलाकर 33 सीटें हो जाती हैं। अब बची 7 सीटों में लोजपा के दोनों गुट, राष्ट्रीय लोक मोर्चा और हम को दी जाएगी। इसमें 5 सीटें पशुपति कुमार पारस और चिराग पासवान में 2+3 के हिसाब से दी जाएंगी। वहीं उपेंद्र कुशवाहा और जीतन राम मांझी की पार्टी के हिस्से 1-1 सीट आएगी। सूत्रों के अनुसार हाजीपुर सीट को लेकर पेंच फंसा हुआ है कि आखिर यहां से वर्तमान सांसद पशुपति कुमार पारस लड़ेंगे या फिर चिराग पासवान? बताया जा रहा है कि पारस को मनाने की कोशिशें जारी हैं और उन्हें राज्यसभा के जरिये संसद में ले जाने की तैयारी है। वहीं, हाजीपुर से चिराग पासवान की पार्टी लोजपा (आर) से उनकी मां उम्मीदवार हो सकती हैं, या फिर वह स्वयं भी यहां से चुनाव लड़ सकते हैं। सूत्रों की मानें तो इसको लेकर एक दो दिनों में घोषणा हो सकती है। दरअसल, एनडीए में नीतीश कुमार की वापसी के बाद से ही सीट शेयरिंग को लेकर पेंच फंस गया था। पिछले लोकसभा चुनाव में भाजपा और जदयू दोनों ने 17-17 सीटों पर चुनाव लड़ी थी। तब लोजपा को 6 सीट दी गई थी। पिछले चुनाव में एनडीए ने 40 में से 39 सीटें जीतीं थी। इस बार पार्टियों की संख्या 6 हो गई हैं। ऐसे में सीटों को लेकर काफी माथापच्ची करना पड़ा है। उल्लेखनीय है कि पीएम मोदी ने इस बार एनडीए के लिए 400 से ज्यादा सीटें जीतने का लक्ष्य रखा है। ऐसे में सर्वसम्मति और एकजुटता से लोकसभा चुनाव लड़ने पर ही यह लक्ष्य साधा जा सकता है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने औरंगाबाद और बेगूसराय में पीएम मोदी के मंच से जनसभाओं में कहा भी था कि सबको मिल जुलकर मजबूती से काम करना है। नीतीश कुमार ने यह संदेश अपने एनडीए के साथियों के लिए भी दिया था। यही कारण है कि अब 17-16-5-1-1 का फॉर्मूला तैयार हो गया है और अब इसकी घोषणा भर बाकी बताई जा रही है।

## रविनंदन सहाय की स्मृति में लगेगा निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर

**पटना।** अखिल भारतीय कायस्थ महासभा (अभाकाम) की कोर कमेटी की बैठक बेली रोड स्थित सहाय सदन में संपन्न हुई। प्रदेश अध्यक्ष सुजीत कुमार वर्मा की अध्यक्षता में हुई बैठक में 10 मार्च को आभाकाम के राष्ट्रीय अध्यक्ष रवि नंदन सहाय(अमर भैया) की स्मृति में निःशुल्क स्वास्थ शिविर लगाने का निर्णय लिया गया। 24 फरवरी को अमर भैया की तीसरी पुण्यतिथि मनाई गई थी। अखिल भारतीय कायस्थ महासभा एवं चित्रांश डॉ. वेलफ़ेयर एसोसिएशन के संयुक्त बैनर तले यह मेगा स्वास्थ शिविर का आयोजन होगा, जिसमें विभिन्न क्षेत्र के 51 विशेषज्ञ चिकित्सकों के द्वारा निःशुल्क परामर्श जांच एवं दवा का वितरण होगा। शिविर में एसोसिएशन के डॉ. सुमन, आशुतोष नारायण सिंह, शालिनी सिन्हा, डॉ. प्रमोद कुमार सिन्हा, सत्येन्द्र नारायण, अमिताभ वर्मा, राजेश कुमार सिन्हा आदि मौजूद रहे।

## लाइनमैन दिवस पर फ्रंटलाइन नायकों का सम्मान

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**पटना।** केंद्रीय विद्युत प्राधिकरण बिजली मंत्रालय ने टाटा पावर दिल्ली डिस्ट्रीब्यूशन लिमिटेड के सहयोग से नई दिल्ली में 'लाइनमैन दिवस' का चौथा संस्करण मनाया। इस पहल का उद्देश्य सभी सरकारी और प्राइवेट ट्रांसमिशन और डिस्ट्रीब्यूशन कंपनियों के लिए एक दिन लाइनमैन दिवस के रूप में समर्पित करने और उसका जश्न मनाने की राष्ट्रव्यापी परंपरा कायम कर इंडियन पावर सेक्टर के फ्रंटलाइन नायकों-लाइनमैन का सम्मान करना है। इस प्रयास ने पावर सेक्टर में फ्रंटलाइन वर्कर्स के लिए मनोबल बढ़ाने का महत्वपूर्ण काम किया है, जिससे उन्हें उचित पहचान और सराहना मिली। इस समारोह में हिस्सा लेने के लिए आंध्र प्रदेश, बिहार, गुजरात, हरियाणा, झारखंड, कर्नाटक, जम्मू और कश्मीर, महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, ओडिशा, पंजाब, राजस्थान, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड और दिल्ली के 40 से अधिक सरकारी और प्राइवेट ट्रांसमिशन और डिस्ट्रीब्यूशन कंपनियों के 150 से ज्यादा लाइनमैन और लाइनवुमेन ने राष्ट्रीय राजधानी का दौरा किया। लाइनमैन दिवस समारोह का थीम 'सेवा, सुरक्षा, स्वाभिमान' था जो पावर सेक्टर के फ्रंटलाइन नायकों के समर्पण, सेवा और बलिदान को दर्शाता है। भारत सरकार के नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्ज़ा मंत्री राज कुमार सिंह ने कहा, कि लाइनमैन दिवस का उत्सव बिजली क्षेत्र के फ्रंटलाइन वर्कर्स के अथक प्रयासों की व्यापक सराहना और सम्मान की संस्कृति की शुरुआत है। केंद्रीय विद्युत प्राधिकरण के चेयरपर्सन घनश्याम प्रसाद ने कहा, ''बिजली क्षेत्र के लाइनपर्सन हमारे देश की बिजली व्यवस्था के सबसे मजबूत स्तंभ हैं। टाटा पावर दिल्ली डिस्ट्रीब्यूशन लिमिटेड के सीईओ गणेश श्रीनिवासन ने कहा, ''हमें इस राष्ट्रव्यापी पहल का नेतृत्व करते हुए गर्व महसूस हो रहा है और इस वर्ष राष्ट्रीय राजधानी में बहुत व्यापक उत्सव मनाया गया, जिसमें लाइनपर्सन को सम्मानित किया गया। इन चार वर्षों में लाइनमैन दिवस राष्ट्रीय आंदोलन में बदल गया है।''

## ए राजा के बयान का विरोध करें विपक्षी दल : सुशील मोदी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** पूर्व उपमुख्यमंत्री सुशील कुमार मोदी ने कहा कि डीएमके नेता ए राजा ने पार्टी का हिंदू विरोधी तेवर जारी रखते हुए स्वयं को राम का शत्रु घोषित किया और भारत को एक राष्ट्र मानने से भी इनकार कर दिया, लेकिन इस आपत्तिजनक बयान पर राहुल गाँधी, लालू प्रसाद, ममता बनर्जी और शरद पवार सहित इंडी गठबंधन के सभी बड़े नेताओं ने चुप्पी साध ली। उन्होंने कहा कि यदि लालू प्रसाद हिंदू हैं और श्री राम उनके भी हैं, तो वे ए राजा के बयान का विरोध करें और उनकी पार्टी को गठबंधन से बाहर करायें। श्री मोदी ने कहा कि जो काम तमिलनाडु में एम के स्टालिन की डीएमके, कर्नाटक में राहुल गांधी की कांग्रेस और पश्चिम बंगाल में ममता बनर्जी की टीएमसी कर रही है, वही काम बिहार में लालू प्रसाद का राजद कर रहा है। इन सबों ने अयोध्या के राम मंदिर में प्राण-प्रतिष्ठा समारोह का बहिष्कार किया था। उन्होंने कहा कि पिछली महागठबंधन सरकार में राजद कोटे के शिक्षा मंत्री चंद्रशेखर ने राम चरित मानस की निंदा की थी। राजद के एक नेता ने मंदिर को गुलामी का प्रतीक बताया और तिलक लगाने वाले श्रद्धालुओं पर अमर्यादित टिप्पणी की थी। श्री मोदी ने कहा कि इंडी गठबंधन भाजपा और प्रधानमंत्री मोदी का विरोध करते-करते सनातन धर्म, श्रीराम और भारतीय राष्ट्र का विरोधी हो गया है। उन्होंने कहा कि इंडी गठबंधन के सभी 26 विपक्षी दल अपने-अपने प्रभाव क्षेत्र में 'भारत तेरे टुकड़े होंगे' का एजेंडा लागू करने में लगे हैं, जबकि भाजपा नेतृत्व वाला एनडीए भारत को विकसित और शक्तिशाली राष्ट्र बनाने के लिए संघर्ष कर रहा है।

## टेंडर हर्ट्स इंटरनेशनल स्कूल ने मनाया वार्षिकोत्सव

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** राजधानी पटना के राजेन्द्र नगर स्थित टेंडर हार्ट्स इंटरनेशनल स्कूल के बच्चों ने बड़े ही हर्षोल्लास के साथ स्थानीय कालिदास रंगालय में अपने वार्षिकोत्सव का आयोजन किया। सांस्कृतिक विरासत विषय पर आधारित इस कार्यक्रम में रंग-बिरंगे परिधानों में सज धज कर बच्चों ने भारतीय तीज-त्योहारों पर आधारित नृत्य नाटिका एवं विभिन्न गीतों पर प्रस्तुति दी। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि पूर्व राज्यपाल गंगा प्रसाद, विद्यालय के निदेशक राजीव भार्गव और डॉ. रवि भार्गव, प्रधानाध्यापिका शिवानी और जूली भार्गव, स्पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ़ इंडिया के अधिकारी सोमेश्वर राव चौहान, बिहार स्टेट पावर लिफ्टिंग एसोसिएशन के सचिव अशोक मेहता, ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी प्रेस के सत्य प्रकाश, कॉर्डोवा पब्लिशिंग हाउस के विपुल, विवा ग्रुप ऑफ पब्लिकेशन के सुमन, समाजसेवी आलोक आदि गणमान्य अतिथियों के द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। बच्चों ने कार्यक्रम की शुरुआत राष्ट्रगान एवं गणेश वंदना से की। प्ले ग्रुप के बच्चों ने चक धूम धूम, जय जय बजरंगबली (मोंट 1), राम जी की चाल देखो (मॉट 1), राधा कैसे न जले (मॉट 2), खईके पान बनारस वाला (मोंट 3), मम्मी पापा (मॉट 3), जियो रे बाहुबली (मॉट 3), देशभक्ति गीत (कक्षा 1), राम सिया राम (कक्षा 2 से 8), शिव तांडव (कक्षा 6 से 8) आदि अनेक गीतों पर मनमोहक प्रस्तुति दी जिसमें राम सीता एक्ट एवं शिव तांडव मुख्य आकर्षण का केंद्र रहा। कार्यक्रम का संचालन रेवा भार्गव के द्वारा किया गया। कार्यक्रम के अंत में निर्देशक रवि भार्गव ने सभी आगंतुकों का धन्यवाद यापन किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में जागृति, वंदना, निक्की, इशिका, अंकिता, सुषमा, रूचि इत्यादि सक्रिय रहे।

## पृष्ठ 01 का शेष

### शिक्षक भर्ती की एकल पाली वाली परीक्षा स्थगित

**पटना।** बिहार लोक सेवा आयोग ने शिक्षक भर्ती परीक्षा के तीसरे तरह की एक परीक्षा को स्थगित कर दिया है। यह परीक्षा 16 मार्च को एक ही पाली में होने वाली थी। बिहार लोक सेवा आयोग के इसके लिए अधिसूचना जारी कर दी है। बीपीएससी की ओर से बताया गया है कि 16 मार्च होने वाली शिक्षक भर्ती परीक्षा अपरिहार्य कारणों से स्थगित कर दी गई है। 15 मार्च होने वाली परीक्षा होगी। इसके लिए सात मार्च से अभ्यर्थी अपना एडमिट कार्ड डाउनलोड कर सकते हैं। इसके लिए अभ्यर्थी बिहार लोक सेवा आयोग के वेबसाइट पर जाकर इसे डाउनलोड कर सकते हैं। बीपीएससी की ओर जारी अधिसूचना में कहा गया है कि शिक्षा विभाग के अंतर्गत आने वाले नौ से दस के सभी विषय, शिक्षा विभाग एवं अनु जाति एवं जनजाति कल्याण विभाग के तहत कक्षा ग्यारह और बारह के सभी विषय और अनुसूचित जाति एवं जनजाति कल्याण विभाग के तहत कक्षा छह से दस के सभी विषयों की परीक्षा के लिए सूचना बाद में प्रकाशित की जाएगी। वहीं 15 मार्च को 26 जिलों में दो पालियों में परीक्षा आयोजित की जाएगी।

### भड़काऊ पोस्ट करने वाले के खिलाफ साइबर थाने में मुकदमा दर्ज

**पटना।** सोशल मीडिया पर भड़काऊ पोस्ट कर बिहार पुलिस को चुनौती देनेवाले युवक के खिलाफ साइबर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। मामले की छानबीन भी शुरू कर दी गई है। प्राथमिक जांच में पता चला है कि आरोपित पटना नहीं बल्कि अन्य जिले का रहने वाला है। सिटी एसपी सेंट्रल चंद्र प्रकाश ने बताया कि आरोपित के पते का सत्यापन किया जा रहा है। जल्द उसे गिरफ्तार किया जाएगा। मल्लिक नाम के युवक ने विवादित वीडियो बनाया है। उसने वीडियो में कहा है कि 15 मिनट के लिए पुलिस को हटा दो, फिर बता देंगे। वीडियो में आरोपित एक धार्मिक झंडा लहराता भी दिख रहा है। आरोपित ने तीन अलग-अलग वीडियो सोशल मीडिया पर पोस्ट किया है। इस पोस्ट को शिवम दीक्षित नाम के यूजर ने बिहार पुलिस के आधिकारिक सोशल मीडिया अकाउंट एक्स पर मंगलवार को टैग किया था। इसके बाद लोग मल्लिक की गिरफ्तारी की मांग करने लगे थे। मामला संज्ञान में आने के बाद देर रात एक्स पर ही इसकी जांच साइबर पुलिस को सौंपने की जानकारी दी गई थी। बुधवार को इस संबंध में साइबर पुलिस ने आरोपित युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया।

## जमाबंदी व वंशावली के लिए नहीं लगाना होगा चक्कर

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार में अब संबंधित जमीन को वही लोग बेच सकेंगे जिनके नाम पर जमीन की जमाबंदी होगी। सरकार के इस नये नियम से जमीन की खरीद-बिक्री कम हो गयी है। इसका मुख्य कारण है पुश्तैनी जमीन का बंटवारा न होना। अब बंटवारे के लिए मुख्य दस्तावेजों में से एक है वंशावली। आमतौर पर वंशावली बनवाने के लिए अंचल कार्यालय का चक्कर लगाना पड़ता है। लेकिन नए नियमों के बाद लोगों को हो रही परेशानी को देखते हुए विभाग ने नई तैयारी की है। सरकार के निर्देश पर सभी जिला प्रशासन भूमि जमाबंदी व वंशावली के कार्य में तेजी लाने के लिए पंचायत स्तर पर विशेष शिविर आयोजित कर रहा है। यह शिविर सप्ताह में तीन दिन मंगलवार, बुधवार एवं गुरुवार को आयोजित किया जा रहा है। जरूरत पड़ने पर शिविर लगाए जाने वाले दिनों की संख्या बढ़ाई भी जा सकती है। वंशावली बनवाने के लिए आपको अपने वार्ड सदस्य से एक आवेदन पत्र लेना होगा और उसमें सारी जानकारी दर्ज करनी होगी। इसके बाद आपको इसे वार्ड सदस्य के कार्यालय या जोनल कार्यालय में जमा करना होगा। यह आवेदन आप तीन दिवसीय आयोजित शिविर में भी जमा कर सकते हैं। इसके बाद आपका आवेदन सत्यापित किया जाएगा। यदि सब कुछ सही रहा तो आपको वंशावली उपलब्ध करा दी जाएगी। इस विशेष शिविर में पूर्व में बनाये गये जमाबंदी में बचे खाता, खेसरा, रकबा एवं लगान को अपडेट करने का भी काम किया जा रहा है। इसके साथ ही पारिवारिक बंटवारे के लिए वंशावली बनाने का काम भी किया जा रहा है। इसके लिए पंचायत भवन, ग्राम कचहरी, सामुदायिक भवन को हल्का मुख्यालय के रूप में चिह्नित कर शिविर का आयोजन किया जा रहा है। दरअसल, भूमि के खरीद-बिक्री आपसी झगड़े एवं धोखाधड़ी को समाप्त करने के उद्देश्य से नये प्रावधान के तहत अब केवल वे ही व्यक्ति जमीन की बिक्री कर पायेंगे, जिनके स्वयं के नाम से जमाबंदी कायम है। जिन परिवारों में अभी तक पूर्वजों के नाम से जमाबंदी संधारित है, आपसी बंटवारा कर अपने-अपने नाम से जमाबंदी करा सकते हैं। जमाबंदी में बिक्रेता का नाम नहीं होने पर जमीन की बिक्री में काफी कमी आयी है।पिछले साल 23 फरवरी से चार मार्च के बीच दस्तावेजों के हुए निबंधन की अपेक्षा इस साल 23 से चार मार्च के बीच दस्तावेजों के निबंधन में 50 प्रतिशत की कमी हुई है। पिछले साल इस अवधि में 800 दस्तावेजों का निबंधन हुआ था। जबकि इस साल उक्त अविध में मात्र 440 दस्तावेजों का निबंधन हुआ है। दस्तावेजों के निबंधन में कमी आने से राजस्व पर इसका असर पड़ा है।

## शिक्षा विभाग ने कुलपतियों के वेतन पर लगी रोक हटाई

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार शिक्षा विभाग ने 28 फरवरी को जारी अपने आदेश को तत्काल स्थगित कर दिया है, जिसके तहत विश्वविद्यालयों के कुलपतियों, रजिस्ट्रारों और परीक्षा नियंत्रकों के वेतन पर रोक लगाने के साथ-साथ खातों के संचालन पर भी रोक लगा दी गई थी। यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू हो गया है। शिक्षा विभाग ने कुलपतियों, कुलसचिवों एवं परीक्षा नियंत्रकों की नौ मार्च को बुलायी गयी बैठक की प्रत्याशा में अपने पहले के आदेश को स्थगित किया है। इससे संबंधित पत्र बुधवार को शिक्षा विभाग के उच्च शिक्षा के उप निदेशक दीपक कुमार सिंह के हस्ताक्षर से राज्य के सभी विश्वविद्यालयों के कुलपतियों को भेज दिये हैं। शिक्षा विभाग के इस आधिकारिक पत्र के मुताबिक, विश्वविद्यालयों से 9 मार्च की बैठक में संबंधित मामले में रिपोर्ट लाने का अनुरोध किया गया है। इस बैठक में विश्वविद्यालयों की विलंबित परीक्षाओं की स्थिति और चल रही परीक्षाओं की समयबद्धता की स्थिति की समीक्षा की जाएगी। बैठक की अध्यक्षता शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव करेंगे। वहीं, बैठक का आयोजन शिक्षा विभाग के सभागार में किया जाना है। गौरतलब है कि 28 फरवरी को शिक्षा विभाग ने लंबित परीक्षाओं को लेकर बैठक बुलाई थी। इसमें एक भी कुलपति मौजूद नहीं थे।

### चिराग पासवान और उपेंद्र कुशवाहा फिर पीएम मोदी की रैली से साइडलाइन

**पटना।** लोकसभा चुनाव से पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बिहार में दनादन रैलियां कर विभिन्न परियोजनाओं की सौगात दे रहे हैं। पीएम मोदी ने बुधवार को बेतिया में जनसभा को संबोधित किया। इसमें 21800 करोड़ के प्रोजेक्ट का शिलान्यास और लोकार्पण किया गया। इस रैली में बिहार बीजेपी के साथ ही सहयोगी दल जेडीयू और हिन्दुस्तान आवाम पार्टी के नेता मौजूद रहे। मगर चिराग पासवान और उपेंद्र कुशवाहा नहीं नजर आए। बताया जा रहा है कि दोनों ही नेताओं को पीएम मोदी की रैली का न्योता नहीं दिया गया। इससे सियासी हलके में बिहार एनडीए के अंदर खटपट होने की अटकलें तेज हो गई हैं। चिराग और कुशवाहा चार दिन पहले पीएम मोदी औरंगाबाद और बेगूसराय रैली से भी नदारद थे।

## दिव्यांग मतदाताओं को मिलेगी विशेष सुविधा

**पटना।** दिव्यांग और वरिष्ठ मतदाताओं को लोकसभा चुनाव में मतदान केंद्रों पर आने-जाने के लिए सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। इसके लिए ई-रिक्शा की व्यवस्था की जा रही है। इसके अलावा मतदान केंद्र पर व्हीलचेयर और वोलंटियर की भी सुविधा रहेगी। जिला प्रशासन ने ऐसे मतदाताओं के लिए सुविधा करने की तैयारी शुरू कर दी है। ऐसे मतदाताओं को मतदान में प्राथमिकता, ग्राउंड फ्लोर पर मतदान केंद्र, रैंप, मतदान केन्द्रों पर व्हीलचेयर तथा वोलंटियर की सुविधा जैसी बुनियादी सुविधाएं हर मतदान केन्द्र पर रहेंगी। साथ ही वैकल्पिक होम वोटिंग-पोस्टल बैलट से मतदान की सुविधा भी रहेगी। मतदान केन्द्रों पर सुविधाओं की उपलब्धता के लिए दिव्यांग मतदाताओं के लिए सक्षम एप उपलब्ध है। इस संबंध में भारत निर्वाचन आयोग द्वारा भी सभी राजनीतिक दलों को दिव्यांग मतदाताओं के प्रति सम्मानजनक व्यवहार के लिए दिशा-निर्देश निर्गत किया गया है। बता दें कि पटना जिले में 80 वर्ष से अधिक के 1 लाख 14 हजार 150 मतदाता हैं।

## केन्द्रीय वस्तु व सेवाकर के वार्षिक हिन्दी पत्रिका का विमोचन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** केन्द्रीय वस्तु एवं सेवाकर तथा केन्द्रीय उत्पाद शुल्क आयुक्तालय, पटना कार्यालय में बुधवार को विभागीय वार्षिक हिन्दी पत्रिका वैशाली 2023-24 अंक -2 के संस्करण का विमोचन आयुक्त मनोज कुमार सारंगी के कर कमलों द्वारा किया गया। पत्रिका वैशाली के लिए विभागीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने अपनी-अपनी रचना प्रेषित करने में बढ़ चढ़कर भाग लिया। इस अवसर पर मुख्य आयुक्त बी. बी. महापात्र, केन्द्रीय वस्तु एवं सेवाकर तथा केन्द्रीय उत्पाद शुल्क राँची जोन, पटना द्वारा दिए गए सन्देश, हिन्दी भाषा में कार्यालय का कार्य करना आसान है, आप सभी इसे अपने दैनिक कार्यालय के कार्य में अवश्य प्रयोग करें ताकि हिन्दी भाषा और अधिक सरल और सुगम हो सके को सुनाया गया। मौके पर मनोज कुमार सारंगी,ने कहा कि अगला संस्करण (अंक -3) इससे भी अच्छा हो ऐसी आप सबों से उम्मीद है। उन्होंने पत्रिका के लिये सभी को धन्यवाद दिया। कार्यक्रम का शुभारम्भ दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती वंदना से किया गया। इस अवसर पर केन्द्रीय वस्तु एवं सेवाकर तथा केन्द्रीय उत्पाद शुल्क मुख्यालय, के सभी अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे। मौके पर कुछ अधिकारियों द्वारा इस पत्रिका में छपे स्वरचित कविता का पाठ भी किया गया।

### बांझपन के मुद्दे पर महिलाओं को दोषी ठहराने की प्रवृत्ति से हमें दूर जाने की आवश्यकता : डॉ. दयानिधि कुमार



**पटना।** विश्व महिला दिवस के उपलक्ष्य में भ्रूण वैज्ञानिक और इंदिरा आईवीएफ समूह के बिहार प्रमुख डॉ. दयानिधि कुमार ने समाज के एक गंभीर मुद्दे के प्रति लोगों का ध्यान आकर्षित कराते हुए कहा कि बांझपन एक जटिल मुद्दा है, और इसके लिए 'धारणा विनिर्माणात परिवर्तनम आवश्यकम' धारणाओं के निर्माण में परिवर्तन आवश्यक है। हमें महिलाओं पर अन्यायपूर्ण दोषारोपण की प्रवृत्ति को बदलने की जरूरत है और इसे एक सहानुभूति और समझ से भरे दृष्टिकोण के साथ संबोधित करना चाहिए। उन्होंने कहा कि आज के समय में बांझपन के मुद्दे पर महिलाओं को दोषी ठहराने की प्रवृत्ति से हमें दूर जाने की आवश्यकता है। हमें सभी के लिए सुख और स्वास्थ्य की कामना करते हुए, एक ऐसे समाज की ओर अग्रसर होना चाहिए जहां महिलाएं और पुरुष दोनों ही स्वास्थ्य सम्बन्धी मुद्दों पर खुलकर चर्चा कर सकें, बिना किसी भेदभाव के। डॉ. दयानिधि कुमार ने लोगों से अपील करते हुए कहा कि आइए, हम सभी एक सहानुभूति और समझ वाले समाज की ओर कदम बढ़ाएं, जहां बांझपन के मुद्दे को संवेदनशीलता के साथ संभाला जाता है। विश्व महिला दिवस पर, हमें इस दिशा में एक सार्थक कदम उठाने का अवसर मिलता है।

## एमएसएमई ने बौद्धिक सम्पदा अधिकार पर आयोजित किया जागरूकता कार्यक्रम

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**पटना।** सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्धम विकास कार्यालय, पटना द्वारा बुधवार को प्रखंड विकास कार्यालय, सोनो आकांक्षी प्रखंड, जमुई में एक दिवसीय बौद्धिक सम्पदा अधिकार (आईपीआर)पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम, एमएसएमई मंत्रालय, भारत सरकार के एमएसएमई चैंपियन्स योजना के एमएसएमई इन्नोवेटिव योजना के आईपीआर कॉम्पोनेंट के अंतर्गत आयोजित की गई, जिसका उद्देश्य, उद्यमियों/भावी उद्यमियों के बीच राज्य में सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम (एमएसएमई) के नवप्रवर्तन, डिज़ाइन (प्रारूप), प्रक्रिया और व्यावसायिक रणनीतियों को सुरक्षित रखने के लिए बौद्धिक सम्पदा अधिकारों के बारे में सजगता बढ़ाना, देश के विभिन्न औद्योगिक क्लस्टर में लागू करना एवं आईपीआर योजना में उपलब्ध वित्तीय सहायता एवं विभिन्न प्रक्रियाओं के बारे में जागरूकता उत्पन्न करना था। बौद्धिक सम्पदा अधिकार (आईपीआर) के विभिन्न टूल्स जैसे ट्रेड मार्क, कॉपी-राइट, डिजाइन रजिस्ट्रेशन, पेटेंट इत्यादि का इस्तेमाल करके एमएसएमई क्षेत्र के उद्यमिओं को प्रोध्योगिकी उन्नयन और प्रतिस्पर्धात्मकता बढ़ाने में मदद मिलेगी साथ ही अपने प्रॉडक्ट की रचनात्मकता को भी सुरक्षित कर सकते हैं। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता सम्राट एम. झा, आई.ई.डी.एस., सहायक निदेशक, एमएसएमई-ड़ीएफओ, पटना ने किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में बसंत, पूर्व सदस्य, खादी ग्रामोद्योग आयोग, एमएसएमई मंत्रालय, भारत सरकार एवं विशिष्ठ अतिथि के रूप में डॉ अर्जुन मंडल, कृषि विशेषज्ञ एवं राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता, मोहम्मद मोइनुद्दीन, प्रखंड विकास पदाधिकारी, सोनों, मितेश कुमार शांडिल्य, महाप्रबंधक प्रभारी, जिला उद्योग केंद्र, अजय कुमार, प्रखंड परियोजना प्रबंधक, जीविका, शिवनंदन सिंह, मनीष रिज़ू, आईपीआर अटोरनी व विशेषज्ञ,पटना, संजय कुमार, प्रबंधक, कौशल प्रशिक्षण केंद्र एवं अन्य अतिथिगण इत्यादि मौजूद रहे।अकार्यक्रम को संबोधित करते हुए सम्राट एम. झा ने कार्यक्रम के उद्देश्य के बारे में विस्तृत जानकारी दी और उद्यमियों /भावी उद्यमियों के बीच राज्य में सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम (एमएसएमई) के नवप्रवर्तन, डिज़ाइन (प्रारूप), प्रक्रिया और व्यावसायिक रणनीतियों को सुरक्षित रखने के लिए बौद्धिक सम्पदा अधिकारों, प्रक्रियाओं, इस संबंध में विभिन्न सरकारी योजनाओं के बारे में जानकारी दी। कार्यक्रम में कुल 75 से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लिया एवं कार्यक्रम का लाभ उठाया। कार्यक्रम तकनीकि सत्र में, मनीष रिजू ने आईपीआर का एमएसएमई के ऊपर प्रभाव एवं आईपीआर के लाभ हेतु आवेदन प्रकिया विषय पर विस्तार से प्रस्तुतीकरण दिया क्र मौके पर एमएसएमई मंत्रालय, नई दिल्ली के द्वारा भेजे गए वीडियो प्रेजेंटेशन उद्यमियों को दिखाया एवं हर तरह की जानकारी साझा की एवं भारत सरकार के एम एस एम ई मंत्रालय के विभिन्न योजनाओं जैसे एमएसएमई इन्नोवेटिव योजना, उद्धम पंजीकरण,चैम्पियन पोर्टल के द्वारा जैसे आपको बड़ा बनाने के लिए हमारे छोटे हाथ, पीएमएस स्कीम एवं जेम के अंतर्गत अपने प्रोडक्टस का मार्केटिंग करने का तरीका एवं बाज़ार प्रबन्धन, एमएसईऽसीडीपी, मुद्रा योजना, प्रधानमंत्री स्वरोजगार सृजन कार्यक्रम जैसे विभिन्न योजनाओं के बारे में जानकारी दी।

### हमारा संकल्प विकसित भारत विषय पर तीन दिवसीय फोटो प्रदर्शनी आज से

**बेनीपुर/पटना।** सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय, भारत सरकार के केंद्रीय संचार ब्यूरो (सीबीसी) दरभंगा द्वारा बेनीपुर के प्रखंड कार्यालय मैदान में कल तीन दिवसीय हमारा संकल्प विकसित भारत विषय पर फोटो प्रदर्शनी का शुभारंभ किया जायेगा। कार्यक्रम का उदघाटन शाम 5 बजे दरभंगा के सांसद गोपालजी ठाकुर करेंगे। इस अवसर पर बेनीपुर के विधायक विनय कुमार चौधरी सहित कई अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहेंगे। केंद्रीय संचार ब्यूरो, दरभंगा के सहायक क्षेत्रीय प्रचार अधिकारी मिहिर कुमार झा ने कहा कि इस फोटो प्रदर्शनी-सह- जागरूकता कार्यक्रम के आयोजन का मुख्य उद्देश्य केंद्र सरकार द्वारा बीते नौ वर्षों के दौरान चलाई गईं नीतियों, योजनाओं एवं उपलब्धियों के बारे में फोटो, आंकड़ों एवं सूचनाओं के माध्यम से आमजनों को बताना एवं उन्हें जागरूक करना है। उन्होंने कहा कि फोटो प्रदर्शनी में अनेक उपलब्धियों को प्रदर्शित किया जायेगा।

■ औरंगाबाद और बोकारो से प्रकाशित
www.navbihartime.com
■ बिहार एवं झारखंड का अपना अखबार

वर्ष : 34, अंक : 273
पृष्ठ : 12
औरंगाबाद, गुरुवार
7 मार्च 2024
मूल्य : 3.00 रुपये
रजि. नंबर : 52290/90

# नवबिहार टाइम्स

अपना प्रदेश, अपनी बात

**देश और दुनिया के इतिहास में आज की प्रमुख घटनाएं**

**1875:** अलेक्जेंडर ग्राहम बेल ने टेलीग्राफ का आविष्कार किया।
**1906:** फिनलैंड ने महिलाओं को वोट डालने का अधिकार मिला।
**1918:** फिनलैंड ने जर्मनी के साथ मैत्री समझौते पर हस्ताक्षर किए।
**1969:** इसरायल ने गोल्डा मेयर को अपनी पहली महिला प्रधानमंत्री चुना।
**1971:** शेख रहमान ने बांग्लादेश की स्वतंत्रता का आह्वान किया।

**जिंदगी में कभी भी कोशिश करना ना छोड़ें क्योंकि गुच्छे की आखिरी चाबी भी ताला खोल सकती है।**

# 15 आइएएस अफसरों के तबादले, पांच जिलों के एसपी का भी स्थानांतरण

## कई विभागों के प्रधान सचिव, सचिव के साथ-साथ तीन जिलों के डीएम भी बदले गये

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** लोकसभा चुनाव की घोषणा से पहले राज्य में ताबड़तोड़ तबादले का दौर जारी है। इसी क्रम में राज्य सरकार ने बुधवार को बड़े पैमाने पर प्रशासनिक फेरबदल कर भारतीय प्रशासनिक सेवा के 15 अधिकारियों का स्थानांतरण कर दिया। कई विभागों के प्रधान सचिव, सचिव के साथ-साथ जिलों के डीएम को बदल दिया गया है। वहीं ट्रेनी आईएएस अधिकारियों को जिला आवंटित किया गया है। बिहार विद्यालय परीक्षा समिति के अध्यक्ष आनंद किशोर समेत राज्य के 15 आईएएस अफसरों को सरकार ने इधर-उधर कर दिया है। बुधवार को जारी अधिसूचना के मुताबिक दीपक कुमार सिंह को भूमि सुधार एवं राजस्व विभाग का अपर मुख्य सचिव बनाया गया है। यह पद ब्रजेश मेहरोत्रा के मुख्य सचिव बनने से खाली हुआ था। खान एवं भूतत्व विभाग के अपर मुख्य सचिव परमार रवि मनुभाई को मुख्य जांच आयुक्त का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। आनंद किशोर को नगर विकास एवं आवास विभाग का प्रधान सचिव बनाया गया है। वे बिहार विद्यालय परीक्षा समिति के अध्यक्ष पद पर बने रहेंगे। हालांकि उन्हें बिहार मुक्त विद्यालयी शिक्षण एवं प्रशिक्षण बोर्ड के प्रभार से मुक्त कर दिया गया है। संतोष कुमार मल्ल को सहकारिता विभाग का प्रधान सचिव बनाया गया है। वे लघु जल संसाधन विभाग के प्रधान सचिव का अतिरिक्त प्रभार भी संभालेंगे। मुख्यमंत्री के सचिव अनुपम कुमार को संसदीय कार्य विभाग के सचिव का प्रभार भी दिया गया है। वहीं, धर्मेंद्र सिंह को खान एवं भूतत्व विभाग के सचिव पद पर तैनात किया गया है। संजय कुमार सिंह को नगर विकास एवं आवास विभाग के सचिव का प्रभार दिया गया है, वे स्वास्थ्य विभाग के सचिव पद पर भी तैनात रहेंगे। दिनेश कुमार को भागलपुर प्रमंडल का आयुक्त बनाया गया है। नगर विकास एवं आवास विभाग के सचिव पद पर तैनात धर्मेंद्र कुमार को बिहार चिकित्सा सेवाएं एवं आधारभूत संरचना निगम का एमडी बनाया गया है। बेलट्रॉन के एमडी राजीव कुमार श्रीवास्तव को बिहार राज्य आवास बोर्ड का एमडी बनाया गया है। इसके साथ ही सीतामढ़ी, कटिहार और जहानाबाद के डीएम को बदला गया है। सीतामढ़ी के डीएम मनेश कुमार मीणा को कटिहार का नया डीएम बनाया गया है। जहानाबाद के डीएम रिची पांडेय को सीतामढ़ी का नया जिलाधिकारी बनाया गया है। कटिहार के डीएम रवि प्रकाश को उद्योग विभाग में संयुक्त सचिव बनाया गया है। वहीं, अलंकृता पांडेय को जहानाबाद का डीएम बनाया गया है। उद्योग विभाग के संयुक्त सचिव योगेश कुमार सागर को बिहार शहरी आधारभूत संरचना विकास निगम का एमडी बनाया गया है। बिहार में पांच जिलों के एसपी का स्थानांतरण किया गया है। बिहार सरकार के गृह विभाग द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार समादेष्टा गृह रक्षा वाहिनी बिहार चंदन कुमार कुशवाहा को खगड़िया का पुलिस अधीक्षक बनाया गया है। हरकिशोर राय वैशाली के पुलिस अधीक्षक बनाए गए हैं। अपर निदेशक सह सहायक राज्य अग्निशमन पदाधिकारी राजेंद्र कुमार भील अब पुलिस अधीक्षक अरवल बनाए गए हैं। किशनगंज के पुलिस अधीक्षक डॉक्टर इनामुल हक मेंगनु को गृह रक्षा वाहिनी का समादेष्टा बनाया गया है। वैशाली के पुलिस अधीक्षक कार्तिकेय के शर्मा अब सहायक पुलिस महानिरीक्षक बिहार विशेष सशस्त्र पुलिस पटना होंगे। अरवल के पुलिस अधीक्षक विद्यासागर को अपर निदेशक सह सहायक राज्य अग्निशमन पदाधिकारी बनाया गया है। खगड़िया के पुलिस अधीक्षक सागर कुमार अब किशनगंज के पुलिस अधीक्षक होंगे। सहायक पुलिस अधीक्षक अपराध अनुसंधान विभाग काम्या मिश्रा को दरभंगा ग्रामीण का पुलिस अधीक्षक बनाया गया है। इसके साथ ही बिहार कैडर के 11 ट्रेनी आईएएस अधिकारियों को सहायक समाहर्ता के रूप में जिला अलॉट किया गया है। ये सभी आईएएस अधिकारी 2023 बैच के हैं। प्रशिक्षण की समाप्ति के बाद ये सभी जिला प्रशिक्षण लेंगे। 5 अप्रैल 2024 को लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशासन अकादमी मसूरी से ये सभी ट्रेनी आईएएस अफसर विरमित होंगे। अब सरकार ने सभी को 11 जिलों में सहायक समाहर्ता सह सहायक दंडाधिकारी के रूप में जिला अलॉट किया है। जिन ट्रेनी आईएएस अधिकारियों को जिला दिया गया है, उसमें गरिमा लोहिया को भागलपुर, तुषार कुमार को नालंदा, प्रतीक्षा सिंह को बक्सर, अनिरुद्ध पांडे को बांका, कृतिका मिश्रा को मधेपुरा, आकांक्षा आनंद को मुजफ्फरपुर, प्रद्युमन सिंह यादव को किशनगंज, अंजली शर्मा को पटना, रोहित कर्दम को पूर्णिया, शिप्रा विजय कुमार चौधरी को सारण और नेहा कुमारी को सीवान का एडीएम बनाया गया है।

### प्रधानमंत्री ने बेतिया की धरती से बिहार और उत्तर प्रदेश को दी 12800 करोड़ की योजनाओं की सौगात

# पूरा भारत मेरा परिवार : मोदी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बेतिया।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पांच दिनों के अंदर आज दूसरी बार बिहार पहुंचे। उन्होंने बेतिया में 12800 करोड़ रुपये की विभिन्न परियोजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण किया। साथ ही नरकटियागंज-गोहना और रक्सौल-जोगबनी एक्सप्रेस ट्रेनों को हरी झंडी भी दिखाई। पीएम ने यहां जनसभा को संबोधित किया एवं जंगलराज और परिवारवाद के मुद्दे पर एक बार फिर आरजेडी एवं लालू यादव के परिवार पर निशाना साधा। उन्होंने विपक्ष को जवाब देते हुए कहा कि पूरा भारत उनका परिवार है। साथ ही उन्होंने विकसित बिहार के लिए आगामी लोकसभा चुनाव में एनडीए को 400 पार सीटें देने की अपील की। पीएम ने कहा कि बेतिया में मां सीता और लवकुश की अनुभूति है। इंडी गठबंधन के लोग जिस तरह राम और राम मंदिर के खिलाफ बातें बोल रहे हैं वो बिहार के लोग देख रहे हैं। यही परिवारवादी हैं, जिन्होंने दशकों तक रामलला को टेंट में रखा। जिन्होंने राम मंदिर न बने, इसकी जी तोड़ कोशिश की। मगर आज भारत अपनी विरासत और अपनी संस्कृति का सम्मान कर रहा है। इन लोगों को इसमें भी परेशानी हो रही है। पीएम ने अपने भाषण में कहा कि मैंने बहुत छोटी आयु में घर छोड़ दिया था। बिहार का कोई भी व्यक्ति बाहर रहे लेकिन छठ-दिवाली पर घर जरूर पहुंचता है। मगर मोदी ने बचपन में ही घर छोड़ दिया। मेरे लिए तो पूरा भारत ही घर है। हर भारतवासी मेरा परिवार है। हर भारतीय यह कह रहा है- मैं हूं मोदी का परिवार। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि एक तरफ नया भारत बन रहा है, दूसरी तरफ इंडिया



गठबंधन बीसवीं सदी में ही जी रहा है। एनडीए सरकार सूर्य घर योजना के तहत घरों पर सोलर प्लांट लगा रही है, वहीं इंडिया गठबंधन लालटेन की रोशनी में ही जी रहा है। लालटेन से एक ही परिवार समृद्ध हुआ है। ये मोदी को गाली देते हैं। विपक्षी गठबंधन का सबसे बड़ा मुद्दा है कि मोदी का परिवार नहीं है। ये लोग कहते हैं कि उनके परिवारों को लूटने का लाइसेंस मिलना चाहिए। आज भारत रत्न कर्पूरी ठाकुर होते तो उनसे भी यही सवाल पूछते जो मुझसे पूछ रहे हैं। परिवारवाद के कट्टर समर्थक आज वीपी सिंह, राममनोहर लोहिया, बीआर आंबेडकर से भी यही पूछते। इन्होंने भी परिवारवाद को बढ़ावा नहीं दिया। पीएम मोदी ने कहा कि एनडीए सरकार ने बिहार में रेल इंजन बनाने की फैक्ट्रियां बनाई हैं। कई विकसित देशों में डिजिटल व्यवस्था नहीं है, जो बेतिया और चंपारण में उपलब्ध है। विदेशी नेता जब मुझसे मिलते हैं तो पूछते हैं कि आपने यह सब इतनी जल्दी कैसे किया। तब मैं कहता हूं कि यह मोदी ने नहीं भारत के नौजवानों ने किया है। मोदी ने तो भारत के हर युवा को हर कदम पर साथ देने की गारंटी दी है। विकसित बिहार के लिए आज यही गारंटी, बिहार के युवाओं को भी मैं दे रहा हूं। उन्होंने कहा कि मोदी की गारंटी यानी काम पूरा होने की गारंटी है। पीएम मोदी ने आरजेडी पर हमला बोलते हुए कहा कि आजादी के बाद से यहां युवाओं का पलायन बड़ी समस्या रही है। बिहार में जंगलराज आया तो यह पलायन और बढ़ गया। जंगलराज लाने वाले लोगों ने सिर्फ अपने परिवार की चिंता की और बिहार के लाखों बच्चों का भविष्य दांव पर लगा दिया। पीएम ने कहा कि यह परिवार बिहार के लोगों का सबसे बड़ा गुनहगार है। इन्होंने नौजवानों से उनका भाग्य छीन लिया। एनडीए की सरकार जंगलराज से बिहार को बचाकर इतना आगे लाई है। प्रधानमंत्री ने कहा कि देश को विकसित बनाने के लिए बिहार का विकसित होना जरूरी है। आज 12800 करोड़ की योजनाओं की सौगात दी गई है। विकसित बिहार के लिए इसी तेजी को पकड़कर रखना होगा। डबल इंजन की सरकार इस दिशा में काम कर रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने भाषण के अंत में कहा कि बिहार को विकसित राज्य बनाने के लिए आगामी लोकसभा चुनाव में एनडीए का 400 पार होना जरूरी है।

## भाकपा माले ने शशि यादव को बनाया एमएलसी उम्मीदवार

**पटना।** 1990 से चुनावी राजनीति में सक्रिय भाकपा माले अब बिहार विधान परिषद में भी नजर आएगी। महागठबंधन में परिषद की सीटों का बंटवारा हो गया है। एक सीट माले को दी गई है। माले नेत्री शशि यादव उम्मीदवार बनेंगी। इससे पहले माले ने राज्यसभा में एक सीट की मांग की थी। कहा गया कि विधान परिषद की सीट मिलेगी। विधान परिषद की 11 सीटों के लिए चुनाव हो रहा है। इनमें पांच महागठबंधन के खाते में आएंगी। राजद के तीन, माले और कांग्रेस के एक-एक सदस्य चुने जाएंगे। भाकपा माले के महासचिव दीपंकर भट्टाचार्य ने बुधवार को पत्रकार सम्मेलन में विधान परिषद के चुनाव में पार्टी की तेज-तर्रार नेत्री शशि यादव की उम्मीदवारी की घोषणा की। उन्होंने बताया कि शशि यादव भाकपा माले की ओर से बिहार विधान परिषद सीट की उम्मीदवार होंगी। वर्तमान में शशि यादव पार्टी के पोलित ब्यूरो की सदस्य और ऐपवा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष हैं। वह ऑल इंडिया स्कीम वर्कर्स फ़ेडरेशन की राष्ट्रीय महासचिव भी हैं। माले उम्मीदवार को राजद और कांग्रेस समेत भाकपा व माकपा का समर्थन प्राप्त है। माले ने झारखंड के कोडरमा लोकसभा सीट से भी चुनाव लड़ने की बात कही है। बता दें कि बिहार विधान परिषद में 11 सीटों पर चुनाव की प्रक्रिया 4 मार्च से शुरू हो गई है। 21 मार्च को चुनाव होगा और उसी दिन शाम में परिणाम की घोषणा की जाएगी।

## मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने जारी की लघु उद्यमी योजना की प्रथम किस्त



**■ पांच लाभार्थियों को दिया 50-50 हजार का चेक**

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बुधवार को लघु उद्यमी योजना के लिए प्रथम किस्त की राशि जारी कर दी। इस दौरान उन्होंने बुधवार को उद्योग विभाग एवं भवन निर्माण विभाग के विभिन्न योजनाओं का वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से लोकार्पण एवं शिलान्यास भी किया। साथ ही मुख्यमंत्री ने लगभग 2500 करोड़ रुपये की लागत से भवन निर्माण विभाग एवं उद्योग विभाग की कुल 81 योजनाओं का उद्घाटन एवं शिलान्यास किया। मुख्यमंत्री ने सांकेतिक रुप से लघु उद्यमी योजना के 5 लाभार्थियों को प्रथम किस्त के रुप में 50-50 हजार का चेक प्रदान किया। संकल्प सभागार में आयोजित कार्यक्रम में बिहार लघु उद्यमी योजना के तहत चयनित 40 हजार 102 लाभार्थियों को प्रथम किस्त के रूप में 200 करोड़ 51 लाख रुपये का ऑनलाइन हस्तांतरण किया गया। इस दौरान उद्योग विभाग की 1 हजार 68 करोड़ रुपये की लागत से कुल 75 योजनाओं का शिलान्यास एवं उद्घाटन किया गया। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने 50 करोड़ रुपए की लागत से बिहटा में ई-रेडिएशन सेन्टर एवं एक्सपोर्ट पैक हाउस का लोकार्पण किया। मुख्यमंत्री ने पटना, मुजफ्फरपुर, पश्चिम चम्पारण एवं भागलपुर जिलों में 24 लाख वर्ग फीट के प्लग एण्ड प्ले शेड्स का भी उद्घाटन किया। उद्योग विभाग के अंतर्गत 106 करोड़ रूपये की लागत से पटना जिले के फतुहा इंडस्ट्रियल एरिया, पूर्णियां जिले के पूर्णिया इंडस्ट्रियल एरिया तथा भागलपुर जिले के बरारी इंडस्ट्रियल एरिया में स्टॉर्म वाटर ड्रेनेज सिस्टम, बिटुमिनस रोड तथा स्ट्रीट लाईट संबंधी योजना का शिलान्यास किया गया। मौके पर उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा, भवन निर्माण मंत्री विजय कुमार चौधरी, पर्यटन मंत्री डॉ. प्रेम कुमार भी मौजूद थे।

**संक्षिप्त समाचार**

## विधायक के भतीजे को गोलियों से भूना

**कटिहार।** जिले में हथियारबंद अपराधियों ने विधायक कविता देवी के भतीजे को गोलियों से भून डाला। बताया जा रहा है कि मेडिकल कॉलेज की दहलीज पर पहुंचते ही पीड़ित ने दम तोड़ दिया। मृतक नीरज पासवान, मेयर शिवा पासवान मर्डर केस में नामजद आरोपित था और हाल ही में जमानत पर जेल से बाहर आया था। दरअसल, पूरी घटना नगर थाना क्षेत्र के संग्राम चौक ड्राइवर टोला इलाके की है। यहां हथियारबंद अपराधियों ने विधायक कविता देवी के भतीजे नीरज पासवान को गोली मार दी। आनन-फानन में पीड़ित को इलाज के कटिहार मेडिकल कॉलेज अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

## प्रियंका रायबरेली व अमेठी से राहुल लड़ेंगे चुनाव!

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नयी दिल्ली।** उत्तर प्रदेश में कांग्रेस की दो महत्वपूर्ण सीटों अमेठी और रायबरेली पर गांधी परिवार के ही चुनावी मैदान में उतरने का फैसला करीब-करीब तय हो चुका है। तय हुआ है कि प्रियंका गांधी रायबरेली से चुनाव लड़ेंगी जबकि राहुल गांधी अपनी पुरानी सीट अमेठी से चुनाव लड़ेंगे। हालांकि इसका आधिकारिक फैसला गुरुवार को होने वाली कांग्रेस की चुनाव समिति की बैठक में होगा। फिलहाल दोनों महत्वपूर्ण सीटों पर गांधी परिवार से चुनाव लड़ने को लेकर उत्तर प्रदेश में कांग्रेस के कार्यकर्ता लंबे समय से मांग कर रहे थे। पार्टी से जुड़े नेता मानते हैं कि अगर राहुल और प्रियंका अमेठी और रायबरेली से लड़ते हैं, तो इसका सियासी फायदा पार्टी को अन्य सीटों पर भी होगा। कांग्रेस पार्टी से जुड़े सूत्रों की मानें तो राहुल गांधी और प्रियंका गांधी के लिए उत्तर प्रदेश में सीटों का चयन तकरीबन तय हो गया है। सोनिया गांधी के चुनाव न लड़ने से खाली हुई रायबरेली की सीट पर प्रियंका गांधी के चुनाव लड़ने की बात तय हुई है। सूत्रों के मुताबिक सोनिया गांधी ने रायबरेली के लोगों को जो चिट्ठी लिखी थी, उसमें इशारों में जिसका जिक्र किया था, वो प्रियंका गांधी ही थीं। कांग्रेस पार्टी के बड़े नेताओं के साथ प्रियंका गांधी की हुई व्यक्तिगत बैठकों में उनको रायबरेली से प्रत्याशी बनाने की बात कही जा चुकी है।

## विदेश जाने के लिए सीएम नीतीश कुमार दिल्ली रवाना

**पटना।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार बुधवार को दिल्ली गये। वहां से वह गुरुवार को यूनाइटेड किंगडम के लिए रवाना होंगे। इसी कारण मुख्यमंत्री आज बेतिया में पीएम मोदी के कार्यक्रम में शामिल नहीं हो सके थे। बता दें कि विदेश जाने के लिए पिछले दिनों ही उन्होंने पटना स्थित रीजनल ऑफिस में जाकर अपना पासपोर्ट रिन्यूअल कराया था। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार 7 से 14 मार्च तक विदेश दौरे पर रहेंगे। ब्रिटेन में वह सबसे पहले स्कॉटलैंड जाएंगे जहां आधुनिक साइंस सिटी का दौरा करेंगे। विदेश जाने से पहले मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने 5 मार्च को विधान परिषद चुनाव के लिए अपना नामांकन दाखिल किया। दरअसल, बिहार में विधान परिषद की खाली हो रही 11 सीटों के लिए नामाकंन शुरु हो गया है। संख्या बल के हिसाब से जेडीयू के खाते में दो सीटें आई हैं। विदेश जाने से पहले मंगलवार को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने जदयू उम्मीदवार के तौर पर अपना नामांकन दाखिल कर दिया है। विधान परिषद सदस्य के तौर पर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का कार्यकाल 6 मई तक है।

# कौन कहां से चुनाव लड़ेगा, यह एनडीए की बैठक में तय होगा : मांझी

**■ बिहार में मंत्रिमंडल विस्तार 14 मार्च तक संभव**

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** पूर्व मुख्यमंत्री और हिंदुस्तानी अवाम मोर्चा (हम) के संरक्षक जीतन राम मांझी ने बुधवार को कहा कि बिहार में एनडीए लोकसभा की सभी 40 सीटें जीतने जा रहा है। मीडिया से बातचीत करते हुए मांझी ने कहा कि एनडीए की बैठक होने वाली है। उसी में यह तय होगा कि कौन कहां से किस सीट पर चुनाव लड़ेगा और कितनी सीट पर कौन पार्टी चुनाव लड़ेगी। उन्होंने कहा कि अगले दो-तीन दिन में यह बैठक हो जाएगी। उसके बाद सब कुछ साफ हो जाएगा। तेजस्वी



यादव के इस बयान पर कि महागठबंधन प्रत्याशियों की घोषणा पहले होगी, मांझी ने कहा कि इसमें कौन सी बड़ी बात है। वह अपना उम्मीदवार उतारें, हम अपना उम्मीदवार उतारेंगे। उनकी राज्य की पार्टी है और हमारे साथ ऐसी पार्टी है जो राज्य और देश दोनों जगह सरकार चला रही हैं। ऐसे में सारी बातों को ध्यान में रखकर ही सबकुछ तय किया जाता है न। इसलिए वो हमसे पहले अपना उम्मीदवार बता देंगे तो इसमें कोई बड़ी बात नहीं है। नीतीश मंत्रिमंडल के विस्तार पर मांझी ने कहा कि कोई ज्यादा समय नहीं हो रहा है। अभी जितने मंत्री हैं, उन्हीं से काम हो रहा है। मुख्यमंत्री सरकारी कार्यक्रम के लिए विदेश जा रहे हैं। वहां से लौटेंगे, तभी 13 या 14 मार्च तक मंत्रिमंडल विस्तार हो सकता है। यह पूछे जाने पर कि क्या आपकी पार्टी को एक और मंत्री पद मिलेगा, इस पर वे भड़कते हुए बोले, क्या आपके कहने से मंत्री पद मिल जाएगा। जहां बात करनी है, वहां हम बात करेंगे। इस बारे में मीडिया में कुछ नहीं बोल सकते। इसके साथ ही हम पार्टी के लोकसभा चुनाव लड़ने को लेकर किए गए सवाल पर मांझी ने कहा कि फिलहाल इस पर कुछ नहीं कहना है, बैठक हो जाने के बाद ही इस पर कुछ कहना उचित होगा। चिराग पासवान के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ मंच साझा नहीं करने के सवाल पर जीतनराम मांझी ने कहा कि चिराग पासवान, उपेंद्र कुशवाहा और जीतन राम मांझी सब एनडीए के पार्ट हैं। लालू यादव के नरेंद्र मोदी के हिंदू नहीं होने के सवाल पर उन्होंने कहा कि इस पर हम अभी कोई बात नहीं करेंगे।

BAYC Institute स्थापित 1972
बिहार एक्युप्रेशर योग कॉलेज
गांधी सेतु लिंक पथ, बिस्कोमान कॉलोनी गोलम्बर के पूरब, पटना-7
नामांकन प्रारंभ | नियमित / पत्राचार कोर्स
डॉक्टर बनें एक्युप्रेशर, योग, इलेक्ट्रोपैथी, ट्रेडिशनल मेडिसिन
DIPLOMA COURSE: DAT Acupressure Therapy | DAYS Acupressure Yoga Science | DY Yoga (अवधि : 1 वर्ष, योग्यता : 10th) | DEMS Electrohomeopathy Medicine Science (अवधि : 2 वर्ष, योग्यता : 10th)
DEGREE COURSE: MBBA Bachelor of Magnet & Acupressure | BAYS Bachelor of Acupressure Yoga Science (अवधि: 3 वर्ष, योग्यता :10+2) | BEMS Bachelor of Electrohomeopathy Medicine Science | MBAS Bachelor of Medicine in ALT. Science (अवधि: 4½ वर्ष, योग्यता : 10+2)
MD (Acu Yoga) | MD (TM) अवधि : 1 वर्ष, योग्यता : मेडिकल ग्रेजुएट | MD (EH) अवधि : 2 वर्ष, योग्यता : BEMS
BA (Yoga) | MA (Yoga) | Yoga Teacher Course
PROFESSIONAL: BLIS | MLIS | BBA | MBA
TRADITIONAL: BA | MA HINDI | POLITICAL SCIENCE | SOCIOLOGY | HISTORY
Proposed Campus
Bihar State Govt. University & Central University UGC DEB MHRD Govt. of India Recognised
Direct Admission | Regular Classes | Online Classes | Experienced Faculties
● एक्युप्रेशर चिकित्सा की उत्तम व्यवस्था यथा गर्दन, कंधा, कमर, घुटना दर्द, गठिया, डायबिटिज आदि।
कॉलेज से उत्तीर्ण हजारों विद्यार्थी सरकारी संस्थानों, गैर सरकारी संस्थानों एवं निजी संस्थान खोलकर सेवा दे रहे हैं।
डा. अजय प्रकाश, सचिव
डा. सर्वदेव प्रसाद गुप्त, अध्यक्ष
Apply Online: www.bayc.in
9572607696, 9304942855, 9334278279
परीक्षा सूचना : एक्युप्रेशर, योग, इलेक्ट्रो होमियोपैथी, ट्रेडिशनल मेडिसीन, हर्बल मेडिसिन, कम्युनिटी मेडिकल कोर्स की परीक्षा शीघ्र प्रारंभ होने वाली है। संबंधित छात्र/छात्राएं कॉलेज कार्यालय में सम्पर्क करें।
Email : baycpatna@gmail.com | Website : www.indianacupressure.com

# ईवीएम कोषांग की बैठक में अनुपस्थित पदाधिकारी-कर्मी का वेतन हुआ बंद

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा**। आशुतोष कुमार वर्मा जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-जिला पदाधिकारी की अध्यक्षता में आज ईवीएम कोषांग की समीक्षात्मक बैठक हुई। उन्होंने ईवीएम की आवश्यकता एवं उपलब्धता का आकलन करने, सुरक्षित भंडारण सुनिश्चित करने का दिये निर्देश। जिला पदाधिकारी ने कोषांगों के कार्यकलाप के बारे में फिडबैक प्राप्त किये। उन्होंने कोषांगों की आंतरिक बैठक की कार्यवाही का प्रतिवेदन देने का निर्देश दिये। आज की बैठक में अनुपस्थित पाये गए अधिकारी एवं कर्मियों को स्पष्टीकरण के साथ वेतन अवरूद्ध करने का जिला पदाधिकारी द्वारा निर्देश दिया गया। अनुपस्थित पाये गए धनंजय कुमार सहायक अभियंता जिला योजना कार्यालय नवादा, प्रेमानंद कुमार राजस्व कर्मचारी अंचल कार्यालय वारिसलीगंज, मनोज कुमार राजस्व कर्मचारी अंचल कार्यालय नवादा, ओम प्रकाश राजस्व कर्मचारी अंचल कार्यालय सिरदला, राजीव रंजन कार्यपालक सहायक बुधौली प्रखंड पकरीबरावां, रामश्रृंगार पाण्डेय कार्यालय परिचारी नगर परिसर नवादा, कृष्णदेव प्रसाद लिपिक जिला डाक शाखा नवादा, मो. शकील कार्यालय परिचारी नगर परिसर नवादा जो ईवीएम कोषांग के अधिकारी एवं कर्मी हैं।




बैठक में दीपक कुमार मिश्रा उप विकास आयुक्त, चन्द्रशेखर आजाद अपर समाहर्त्ता,प्रमोद कुमार भूमि सुधार उप समाहर्त्ता रजौली, राजकुमार सिंहा अनुमंडलीय लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी नवादा सदर, मो. अबु परवेज हैदर अली अवर निर्वाचन पदाधिकारी नवादा के साथ-साथ ईवीएम कोषांग के नोडल पदाधिकारी, सहायक नोडल पदाधिकारी, लिपिक एवं कर्मी उपस्थित थे।

## किसानों के बीच कृषि उपकरण का किया वितरण

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**कौआकोल**। प्रखण्ड के महुडर पंचायत के महुलियाटांड़ गांव में बुधवार को कृषि विज्ञान केंद्र,ग्राम निर्माण मंडल सर्वोदय आश्रम सोखोदेवरा,नवादा के द्वारा अनुसूचित जाति उपयोजना कार्यक्रम के अंतर्गत किसानों के बीच कृषि उपकरण का वितरण किया गया। इस दरम्यान पचास किसानों के बीच खुरपी, हसुली एवं छोटा कुदाल का वितरण किया गया। वहीं पांच पशुपालकों को बकरियों को स्वस्थ रखने के लिए मिनरल मिक्सर,लिवर टॉनिक,दस्त की दवा, मल्टीविटामिन आदि दवाओं का निःशुल्क वितरण किया गया एवं पशुओं को स्वस्थ रखने के गुर बताए गए। कार्यक्रम के संचालक व पशु विज्ञान विभाग के विषय वस्तु विशेषज्ञ डॉ० धनंजय कुमार ने बताया कि पशुपालकों की पशुशाला की साफ सफाई,ससमय कृमीनाशक दवाई का प्रयोग,टीकाकरण का महत्व,आहार एवं आवास प्रबंधन का महत्व आदि विषयों पर विस्तृत रूप से चर्चा किया गया। विषय वस्तु विशेषज्ञ (उद्यान) डॉ० शशांक शेखर सिंह ने वर्तमान मौसम में लगने वाले सब्जियों एवं उसके कीट व्याधि प्रबंधन विषयों पर चर्चा किया।

# दहेज को लेकर महिला की हत्या, पति समेत ससुराल वालों पर हत्या का आरोप

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा**। जिले के मुफस्सिल थाना क्षेत्र में एक विवाहिता की संदिग्ध हालत में मौत हो गयी। घटना जिले के तेतरिया बेलदारी गांव की है। मायके वालों की सूचना पर पुलिस ने विवाहिता का शव तेतरिया बेलदारी स्थित उसके ससुराल से बरामद किया। मायके वालों ने दहेज के लिए जहर पिलाकर हत्या कर देने का आरोप लगाया है। मृतका लखिया देवी (23) तेतरिया बेलदारी गांव के छत्तीस चौहान की पत्नी बतायी जाती है। वह सात माह के एक बच्चे की मां थी। पुलिस ने मृतका के शव का अन्वीक्षण रिपोर्ट तैयार कर मंगलवार की सुबह सदर अस्पताल में पोस्टमार्टम कराया और बॉडी मायके वालों को सौंप दिया। घटना के बाद मृतका के पति समेत अन्य परिजन फरार बताये जाते हैं। इधर, घटना के बाद परिजनों में कोहराम मच गया। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल था।

पति समेत छह पर हत्या का आरोप




: मृतका के पिता नालंदा जिले के गिरियक थाना क्षेत्र के सोहदा गांव के निवासी भरत चौहान द्वारा मामले में प्राथमिकी दर्ज करायी गयी है। प्राथमिकी में मृतका के पति छत्तीस चौहान समेत छह ससुराल वालों पर दहेज हत्या की प्राथमिकी दर्ज करायी गयी है। आरोपितों में मृतका का ससुर, भैंसुर, भैंसुर की पत्नी, देवर व ननद शामिल बताये जाते हैं। पिता का आरोप है कि शादी के बाद से ही दहेज के लिए उसकी बेटी को प्रताड़ित किया जा रहा था। घटना के दिन इसी बात को लेकर पति-पत्नी के बीच झगड़ा हुआ और ससुराल वालों ने उसे जबरन जहर पिलाकर मार दिया है।

# शराब के साथ दो बाइक जब्त, धंधेबाज गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रजौली**। थाना क्षेत्र के हरदिया के गेट नम्बर एक के समीप बुधवार के अहले सुबह एसआई गौतम कुमार ने दो बाइकों पर लदे कुल 159 लीटर देशी महुआ शराब को जब्त किया। मौके से एक शराब धंधेबाज को गिरफ्तार किया गया। जबकि दूसरा शराब धंधेबाज बाइक को सड़क पर पटक कर भगाने में सफल रहा।थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर राजेश कुमार ने कहा कि बिहार मद्यनिषेध को थाना क्षेत्र में सफल बनाने को लेकर पुलिस बलों की सहायता से लगातार छापेमारी अभियान चलाई जा रही है। साथ ही कहा कि बुधवार की अहले सुबह दो बाइकों पर लदे जूट के बोरे में रहे देशी महुआ शराब



को पुलिस बलों ने जब्त किया है।उन्होंने कहा कि एक बाइक पर 84 लीटर एवं दूसरे पर 75 लीटर महुआ शराब को बाइक समेत जब्त किया गया है। थानाध्यक्ष ने कहा कि शराब धंधेबाज पुलिस वाहन को देखकर भागने लगा।इसी क्रम में एक शराब धंधेबाज को पुलिस बलों की सहायता से गिरफ्तार किया गया है। जबकि दूसरा शराब धंधेबाज शराब लदे बाइक को छोड़कर भागने में सफल हो गया। गिरफ्तार शराब धंधेबाज की पहचान हरदिया पंचायत के सुअरलेटी गांव निवासी राजकुमार भुइयां के पुत्र प्रमोद कुमार के रूप में हुई है। थानाध्यक्ष ने कहा कि जब्त बाइकों व शराब के अलावे गिरफ्तार और फरार होने वाले शराब धंधेबाजों के विरुद्ध बिहार उत्पाद अधिनियम के सुसंगत धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है।साथ ही कहा कि गिरफ्तार शराब धंधेबाज को अनुमंडलीय अस्पताल में स्वास्थ्य जांच के बाद न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है।

# महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाना सरकार की प्राथमिकता : अनिल मेहता

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा**। जिले के रजौली विधानसभा अंतर्गत लौंद मंडल में मंडल अध्यक्ष अवधेश कुमार के नेतृत्व में देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का वर्चुअल संबोधन एलइडी टीवी के माध्यम से स्थानीय महिला एवं स्थानीय स्वंय सहायता समूह के साथ सुना गया।

लाईव प्रसारण कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में नवादा भाजपा जिलाध्यक्ष अनिल मेहता एवं जिले के पदाधिकारी उपस्थित रहे। अनिल मेहता ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का लाइव संबोधन शक्ति वंदन अधिनियम कार्यक्रम के निमित्त नवादा जिला के विभिन्न स्थानों,मंडलों में स्थानीय महिला



सेल्प ग्रुप की बहनों, पार्टी के महिला पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं ने सुना। कार्य शुरू होने के उपरांत महिलाओं का पंजीकरण एवं मोबाइल नंबर-9090902024 पर मिस्ड कॉल कर मोदी के प्रति समर्थन दिलवाया गया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में दीनदयाल अंत्योदय योजना-नेशनल रूरल लाइवलीहुड मिशन के अंतर्गत स्कीयम महिलाओं को एकजुट करने का देश का सबसे बड़ा प्लेटफार्म है। 2019-20 में- 30% 2020-21 में-33% महिलाओं का लेबर फोर्स पार्टिसिपेशन रेट बढ़ने में मनरेगा और NRLM जैसी स्कीओम का काफी बड़ा योगदान है। मनरेगा में जहां 2014 में सिर्फ 48% महिलाओं का योगदान था,आज वह 55-56% तक पहुंच गया है। इसके अलावा NRLM जैसी स्कीम के माध्यम से महिलाओं की आय में बढोत्तरी देखने को मिल रही है। आज प्रधानमंत्री आवास योजना के घरों की रजिस्ट्री भी महिलाओं के नाम पर हो रही है,जो महिला सशक्तिकरण का उदाहरण है। यही कारण है कि आज महिलाएं देश की राजनीति में निर्णायक भूमिका रखती है। रजौली मंडल अध्यक्ष गौरव शांडिल्य गगन ने बताया कि महिलायें जिस नेता को अपना आर्शीवाद देगी वही इस देश का कमान भी संभालेगा। नरेन्द्र मोदी के सरकार में महिलाओं के लिए विभिन्न योजनाएं मिशन लखपति, ड्रोन दीदी, चलाया जा रहा है। इस मौके पर जिला महामंत्री विजय पांडेय,जिला उपाध्यक्ष अनिता मेहता,महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष गौरी रानी,जिला कोषाध्यक्ष विश्वास कुमार विशु,जिला प्रवक्ता कुंदन कुमार प्रभाकर,अनुसूचित मोर्चा जिलाध्यक्ष विमल राजवंशी,जिला मंत्री चिंता चौधरी,चंद्रिका राम,रजौली मंडल अध्यक्ष गौरव शांडिल्य गगन,मेसकौर मंडल अध्यक्ष सुनील कुमार, अमाँवा मंडल अध्यक्ष अवधेश कुशवाहा, प्रमोद कुमार मेहता सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

# कढ़ी पत्ते के गुण व पौष्टिकता के बारे में दी जानकारी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

नारदीगंज(नवादा)।सक्षम आंगनबाड़ी के तहत पोषण वाटिका के लिए करी पत्ते पौधे को आंगनबाड़ी केंद्रों पर उगाने के लिए वितरण कार्यक्रम हुआ। कार्यक्रम का आयोजन बुधवार को सीडीपीओ कार्यालय परिसर में किया गया। इस दौरान सीडीपीओ मंजू कुमारी ने आंगनबाड़ी सेविकाओं को करी पत्ते पौधे का वितरण कर घर घर लगाने के लिए प्रेरित की। मौके पर प्रखंड समन्वयक सतीश कुमार, महिला पर्यवेक्षक कुमारी आशा रानी,शबा प्रवीण समेत अन्य सेविका मौजूद रहे। इस दौरान सीडीपीओ मंजू कुमारी ने करी पत्ते के गुण व पौष्टिकता की जानकारी दी। कहा कि आप अपने दैनिक जीवन में इस पते को मीनू में शामिल कीजिए, इसके उपयोग करने से भोजन भी स्वादिष्ट होता है, और अनेक प्रकार



की बीमारियों को दूर करने में भूमिका को निभाता है। इसे खाली पेट चार पते खाने से सुगर,बीपी,पाचन शक्ति मजबूत होने के साथ लीवर,आंख की रोशनी को भी ठीक रखने में काम करता है। दक्षिण भारत के लोग इसे अपने भोजन में प्रतिदिन सेवन करते हैं।आप अपने केंद्र पर इसे बच्चे को भी दे,बच्चे के सेहतमंद व न्यूट्रिशन में लाभदायक होगा। आपके केंद्र में 40 बच्चे पढ़ते हैं, हर घर में इस पौधे को लगाना है। पौधे लगाकर वाट्सएप पर भी भेजना है,इस कार्य का निरीक्षण भी किया जाएगा। टमाटर के जूस से भी फायदा है। बच्चे की मां को जानकारी होना चाहिये कि बच्चे का स्वास्थ्य कैसे ठीक रहेगा। आलू व अंडे मिलाकर भी दें। आप लोगों के माध्यम से करी पते एक उदाहरण बने,आंगनबाड़ी सेविकाओं के माध्यम से जागरूकता फैलाया जाएगा। इसके लिए सभी शपथ भी लें। बिहार को स्वस्थ्य बनाना है,इस मे आप सभी की भागीदारी सुनिश्चित है। इसके लिए नारदीगंज एक उदाहरण बन सके। उन्होंने कहा पढ़ना बहुत जरूरी है,दोस्ती करो तो,पुस्तक से करो।इस दौरान उपस्थित सेविकाओं ने करी पत्ते को लगाकर अपने डायट में शामिल करने व जागरूकता अभियान चलाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में पोषण वाटिका में चयनित 14 आंगनबाड़ी केंद्र के सेविका को शामिल किया गया। मौके पर सेविका कुमारी पूजा,शोभा कुमारी, इंदु कुमारी, निभा कुमारी, रेणु सिन्हा, पुष्पा कुमारी समेत अन्य शामिल हुए।

## दंबगों से तंग आ परिवार ने लगाई न्याय की गुहार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ**। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के गृह क्षेत्र नालंदा जिले में आज भी छुआछूत जैसी कुरीती जिंदा है। जिसकी बानिगी नालंदा थाना क्षेत्र के बेगमपुर गांव में देखने को मिला। दरअसल बेगमपुर गांव स्थित काली मंदिर में पिछले दिनों मुकुट की चोरी हुई थी। इसी चोरी का आरोप लगाकर महादलित के साथ मारपीट करते हुए उसके पंद्रह वर्षीय पुत्र गौरव मांझी को गायब कर दिया है। आलम यह है की दबंगो के भय से आज पूरा परिवार बेगमपुर गांव छोड़कर भाग चुके है। पीड़ित कुसुम देवी बताया कि गांव के ही कुछ दबंग के द्वारा उनके पुत्र गौरव मांझी को घर से बुलाकर अपने साथ ले गए और सुनसान इलाका में जाति सूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए मारपीट किया। पीड़ित कुसुम देवी ने बताया कि दबंगों ने इन महादलित परिवार को मंदिर में जाने से भी रोक लगा दिया है।

# अवैध बालू लदा ट्रैक्टर जब्त, प्राथमिकी दर्ज

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रजौली**। थाना क्षेत्र में अवैध बालू खनन के खिलाफ पुलिस द्वारा लगातार अभियान चल रहा है, किन्तु फिर भी बालू माफिया अपने हरकतों से बाज नहीं आ रहे हैं। प्रतिदिन अवैध तरीके से नदियों से बालू का खनन कर रहे हैं।जिससे सरकार के लाखों रुपए के राजस्व का चूना खनन माफियाओं के द्वारा लगाया जा रहा है। इसी बीच अवैध बालू खनन के खिलाफ रजौली थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर राजेश कुमार के नेतृत्व में पुलिस पदाधिकारी एसआई गौतम कुमार की अगुवाई में गुप्त सूचना पर रजौली पूर्वी पंचायत के झिरझो नदी बालू घाट पर दल-बल के साथ कार्रवाई की गई।कार्रवाई के दौरान झिरझो नदी बालू घाट से ले जा रहे अवैध बालू लदे एक ट्रैक्टर जब्त किया गया।हालांकि ट्रैक्टर के चालक सह मालिक फरार होने में



सफल हो गए। थानाध्यक्ष ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि नदी घाट से बालू की चोरी की जा रही है। फलस्वरूप एसआई गौतम कुमार के नेतृत्व में टीम बनाकर कार्रवाई के लिए भेजा गया। जिसमें अवैध बालू लदे एक ट्रैक्टर को जब्त किया गया है। बालू लदे ट्रैक्टर को थाना परिसर में जब्त कर रखा गया है।इसकी सूचना खनन पदाधिकारी नवादा को दे दी गई है। खनन पदाधिकारी के निर्देशानुसार ट्रैक्टर मालिक सह चालक के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है।

# सांसद ने तीन दिवसीय स्वास्थ्य शिविर का किया उद्घाटन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बिहारशरीफ**। बिहारशरीफ प्रखंड के मघड़ा वार्ड नंबर 48 में आज रेल टेल (भारत सरकार का उपर्कम) के सीएसआर पहल के तहत सोशियो इकोनामिक रिसर्च इंस्टिट्यूट संस्था (सेरी) और इंजीनियर राजेश कुमार के तत्वाधान में तीन दिवसीय निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसका उद्घाटन सांसद कौशलेंद्र कुमार ने फीता काट कर किया। श्री कुमार ने बताया कि इस संस्था का बिहारशरीफ मे तीन दिवसीय शिविर लगाया गया है। जिसमें लगभग 2000 परिवारों को स्वास्थ्य परीक्षण कर दवा संग डेंगू, मलेरिया से रोकथाम के लिए मच्छरदानी वितरित किया जाएगा। सांसद कौशलेंद्र कुमार ने कहा कि जिस तरह से हमारी प्रकृति असंतुलित हो गई



है। अनेकों अनेक बीमारियां पांव पसार ही है। आमजनों को जागरूक करके इसका बचाव करना है इसी के उद्देश्य इस तरह का आयोजन किया गया है। आने वाले दिनों में इस तरह का हर प्रखंड मे आयोजन किया जाएगा एवं लोगों को इसका लाभ दिया जाएगा। आगत अतिथियों का स्वागत मघड़ा वार्ड 48 से पार्षद प्रतिनिधि जयंत शर्मा ने किया। इस अवसर पर डॉ. शशिकांत कुमार, टोनी अमित कुमार उर्फ रिकी अनंत शर्मा, अविनाश कुमार, नीतीश कुमार, मुनचुन कुमार, विकु कुमार, अनूज पांडेय, राजकुमार गोपाल कुमार आदि ने किया। सभी लोगों ने संस्था सेरी के पदाधिकारी रघुवंश सिंह, शुभम सिंह, ई विनय कुमार यादव के प्रति आभार प्रकट किया।

# कार्यपालक अभियंता की मनमानी से लिपिक को नहीं किया गया भुगतान

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रजौली**। मुख्यालय स्थित ग्रामीण कार्य विभाग के रजौली प्रमंडल कार्यलय में कार्यरत लिपिक धनंजय कुमार सिन्हा की पत्नी शोभा सिन्हा अपने पति के साथ बकाए वेतन के भुगतान नहीं किये जाने पर आमरण अनशन पर बीते चार दिनों से बैठी है।इसके बावजूद ग्रामीण विभाग के कार्यपालक अभियंता अरविंद कुमार के मनमानी कर कारण लिपिक का वेतन भुगतान नहीं किया गया है।लिपिक की पत्नी शोभा सिन्हा ने कहा कि मेरे पति को बीते कई माह का वेतन भुगतान कार्यपालक अभियंता द्वारा नहीं किया गया है।जिसके कारण उनका परिवार भूख से तड़प रहा है। उन्होंने कहा कि बीते फरवरी को




चार दिनों से पति-पत्नी कार्यालय के बाहर आमरण अनशन पर

भी बकाए भुगतान को लेकर धरना प्रदर्शन पर सपरिवार बैठीं थी।तब कार्यपालक अभियंता के द्वारा वेतन भुगतान करने का आश्वासन दिया गया।किन्तु एक माह से भी अधिक समय बीत जाने के बाद भी वेतन भुगतान नहीं किया गया।जिसके कारण वे पुनः सपरिवार कार्यालय के बाहर बीते 4 मार्च से आमरण अनशन पर बैठी हैं।वहीं उनके पति ने कहा कि पटना मुख्यालय से मिले निर्देश के बावजूद उनका वेतन भुगतान अबतक नहीं किया गया है।ऐसी स्थिति में वे अपने परिजनों का पालन-पोषण कैसे करेंगे।यह सोचनीय विषय है।इस बाबत पर कार्यपालक अभियंता ने कहा कि लिपिक का पैसा बकाया है।उन्होंने कहा कि ट्रेजरी से पैसों का भुगतान होता है।इसमें हमारा कोई रोल नहीं है।वहीं उन्होंने यह भी कहा कि लिपिक का स्थानांतरण किये जाने के कारण वे मुझपर आरोप लगा रहे हैं।

# दिवंगत साहित्यकारों की कृति को जनमानस के सामने लाने की जरूरत : दीनबंधु

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नवादा**। दिवंगत साहित्यकारों को कृति को जनमानस के सामने लाने की जरूरत है। वह उनकी रचनाकाल का दर्पण है। उनकी कृति और रचनाओं में हमारा संस्कार, हमारी संस्कृति और इतिहास छिपा हुआ है। इसे अपनी पीढ़ियों को रूबरू कराने की जरूरत है। यह बातें हिन्दी मगही के विद्वान दीनबंधु ने साहित्यिक समीक्षा की कड़ी में कही। हिन्दी मगही साहित्य मंच के तत्वावधान में समीक्षात्मक गोष्ठी थी। उन्होंने मगही के दिवंगत रचनाकारों की लेखनी को प्रकाशित करने की बातें कही। उन्होंने बताया कि साहित्यकार को इसपर बहुत काम करने की जरूरत है। इस कड़ी में साल की शुरूआत में मगही को एक और सौगात मिली है। रामवृक्ष महाराज संकलित और डॉ. अरूण सज्जन के संपादन में लगभग तीन हजार मगही कहावत का संग्रह प्रकाशित हुआ है। यह मगही कहावतों का पहला संग्रह है जो मगही के विलुप्त होते कहावतों को फिर से जीवंत कर दिया। उनके काल के कहावतें संग्रहित हो गयी। मगध विश्वविद्यालय के मगही के पूर्व विभागाध्यक्ष डॉ. भरत सिंह ने कहा कि कहावत जन साधारण के उक्ति और सामाजिक समीकरण होता है। जिसमें जीवन की दीर्घकालीन अनुभव छिपे होते हैं। इस कहावत संग्रह में प्रकृति, खेती, नीति, भाग्य, जाति, स्वास्थ्य, खान-पान, परिवेश के साथ-साथ अनुभव और व्यंग्य छिपे हुए हैं। इससे मगही लोक समुदाय के जीवन का सत्य उद्घाटित होता है। साहित्यकार डॉ लक्ष्मण प्रसाद ने कहा की डॉ. अरूण सज्जन ने मगही कहावत संग्रह का संपादन और प्रकाशन करके मगही साहित्य को इस वर्ष की शुरूआत में ही मगही साहित्य को बड़ा उपहार दिया है। यह संग्रह मगध के कई कालखंड के संदर्भों को उजागर कर रहा है। मगही कहावतें विलुप्त हो रही थी। रामवृक्ष महाराज इसे संग्रह कर मगही साहित्य व व्याकरण को समृद्ध करना चाहते थे। उनके निधन के बाद यह विलुप्त हो जाता। डॉ अरूण सज्जन ने इसका प्रकाशन कर मगही को बड़ा सौगात दिया है। इससे मगही को समृद्धि मिलेगी। छात्र-छात्रा सहित साहित्यकार और रचनाकारों को इससे बहुत लाभ मिलेगा। मौके पर व्यंग्यकार उदय भारती, शफीक जानी नादां, अनिल कुमार, धनंजय कुमार आदि उपस्थित थे।

गया वजीरगंज के पूरा के रहने वाले थे रामवृक्ष महाराज : रामवृक्ष महाराज गया जिला के वजीरगंज के पूरा गांव के रहने वाले एक शिक्षक थे और बाद में शिक्षा परियोजना पदाधिकारी भी हुए। हिन्दी मगही साहित्यकार और समाजसेवक के रूप में ये विनोबा भावे और जयप्रकाश नारायण के सानिध्य में रहे और सर्वोदय के लिए काम किया। आकाशवाणी पर और मगही साहित्य सम्मेलन में सक्रिय रहे। 28 फरवरी 2011 को इनका निधन हो गया। मगही माधुरी और दीप ज्योति काव्य संग्रह प्रकाशन के बाद इसकी बहुत सारी रचनाएं अप्रकाशित हैं। डॉ अरूण सज्जन ने इसने कहावत संकलन को श्रद्धा प्रकाशन के प्रकाशित करने का काम किया है। हिसुआ सहित जिले के साहित्यकार उन्हे साधुवाद दे रहे हैं।

# दो साइबर ठग गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बिहारशरीफ**। नूरसराय थाना पुलिस ने छापेमारी कर हेगनपुरा गांव से दो साइबर ठगों को गिरफ्तार कर लिया। बुधवार को नूरसराय थाना में प्रेस वार्ता के दौरान थानाध्यक्ष रजनीश कुमार ने बताया कि गिरफ्तार साइबर ठग नवादा जिले के वारसलीगंज थाना क्षेत्र के दौलतपुर गांव निवासी रविन्द्र राम के 21 वर्षीय पुत्र रवि कुमार व 22 वर्षीय पुत्र चंदन कुमार है। गुप्त सूचना के आधार पर मंगलवार की देर शाम हेगनपुरा गांव में छापेमारी कर गिरफ्तार किया गया है। साथ मे चार मोबाइल फोन, 42 हजार रुपये नगद,एक बाइक व चारों मोबाइल से धोखाधड़ी में उपयोग किये जाने वाले विभिन्न प्रकार के इलेक्ट्रॉनिक्स दस्तावेज व ग्राहकों का मोबाइल नंबर भी बरामद किया गया। दोनों साइबर ठग धानी फाइनेंस लोन, इन्सटेन्ट पर्सनल लोन, एसबीआई पर्सनल लोन के नाम पर भोले भाले जरूरतमंद लोगों को सस्ते ब्याज पर लोन देने का प्रलोभन देकर साइबर ठगी करने का काम करता था। दोनों गिरफ्तार साइबर ठगों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर अग्रतर करवाई की जा रही है। छापेमारी दल में थानाध्यक्ष के अलावे दारोगा राजेश कुमार ठाकुर, सिपाही गौतम कुमार, संदीप मिंज, अशोक कुमार गुप्ता व चालक सौरभ कुमार शामिल थे।

## मारपीट में तीन जख्मी

**हिलसा (नालंदा)**। हिलसा थाना क्षेत्र के बड़ी घोषी गांव में संपत्ति बटवारा को लेकर दो पक्षों के बीच जमकर मारपीट हो गया जिसमें एक पक्ष से तीन लोग गंभीर रूप से जख्मी हो गया। तीनों जख्मी को 112 नंबर की पुलिस के सहयोग से आनन-फानन में हिलसा के अनुमंडलीय अस्पताल में लाकर भर्ती कराया गया जहां इलाज चल रहा है। जख्मी में बड़ी घोषी गांव निवासी मुन्ना प्रसाद के 50 वर्षीय पत्नी उपासा देवी मुन्ना प्रसाद के 15 वर्षीय पुत्री झालिया कुमारी एवं सिया सरण प्रसाद के 30 वर्षीय पुत्र संतोष कुमार के रूप में किया गया है।

# पांच दिनों में बिहार को 54 हजार करोड़ की सौगात : डॉ प्रेम कुमार

## 534 वादों में से 529 को मोदी ने किया है पूरा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**गया।** बिहार भाजपा के वरीय नेता व बिहार सरकार में कैबिनेट मंत्री डॉ प्रेम कुमार ने आज प्रधानमंत्री के बेतिया कार्यक्रम की सफलता के बाद कहा कि बिहार विकास की पटरी पर तेज रफ्तार से दौड़ रहा है। पिछले 5 दिनों के अंदर प्रधानमंत्री मोदी ने बिहार को 54,000 करोड़ से अधिक की राशि की परियोजना की सौगात दी।

मोदी जी जो कहते हैं उसे पूरा करते हैं। इसकी एक मिसाल है 534 वादों में से 529 वादों को उन्होंने पूरा किया। 99% से अधिक वादों को प्रधानमन्त्री ने पूरा किया है,जो विश्व रिकॉर्ड है। बिहार की एनडीए सरकार भी पिछले 5 दिनों में 65 लाख आयुष्मान कार्ड बनाकर कीर्तिमान रचा है। अब बिहार के लोगों को 5 किलो मुक्त अनाज के साथ-साथ 5 लाख का मुफ्त इलाज भी मिलेगा। विकसित बिहार से विकसित भारत का संकल्प बेतिया से पूरा होगा। बिहार की समृद्धि से भारत की समृद्धि आएगी। यह मोदी के कारण संभव है। मंत्री ने प्रधानमन्त्री को बिहार की जनता की ओर से कोटि- कोटि आभार दिया है।

### लोकतंत्र की हत्यारी है टीएमसी सरकार : डॉ प्रेम कुमार

**गया।** बिहार भाजपा के वरीय नेता व बिहार सरकार के केबिनेट मंत्री डॉ प्रेम कुमार ने कहा है कि पश्चिम बंगाल में टीएमसी सरकार लोकतंत्र की हत्यारी है। टीएमसी विधायक शाहजहां शेख पर गंभीर आरोप महिलाओं ने लगाया है, जिसने आतंक का राज संदेश खाली में कायम किया है, उसे हाई कोर्ट के आदेश के बाद गिरफ्तार किया गया।

उस केस की जांच का आदेश कोलकाता हाईकोर्ट ने सीबीआई को दिया। सीबीआई जांच से बचाने के लिए आरोपित के पक्ष में टी एम सी सरकार सुप्रीम कोर्ट चली गई। हाईकोर्ट के आदेश के बाद भी आरोपित को सी बी आई को कस्टडी में नहीं लेने देती राज्य सरकार। लोकतंत्र की दुहाई देने वाली टी एम सी सरकार सहित पूरा विपक्ष आज चुप क्यों, देश की जनता को बताए।

# डीएम व एसपी ने किया ईवीएम वेयर हाउस का निरीक्षण

## सीसीटीवी के माध्यम से निगरानी करने का दिया निर्देश



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**गया।** लोकसभा आम चुनाव के मद्देनजर मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के जिला स्तरीय प्रतिनिधियों के साथ ज़िला निर्वाचन पदाधिकारी सह ज़िला पदाधिकारी डॉ0 त्यागराजन एसएम एवं वरीय पुलिस अधीक्षक आशीष भारती ने समाहरणालय स्थित ईवीएम वीवीपैट वेयरहाउस का संयुक्त रूप से निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान ईवीएम वीवीपैट वेयरहाउस की पूर्ण सुरक्षा 24 गुणा 7, साफ-सफाई, सीसीटीवी कैमरे के माध्यम से निगरानी करने एवं कई महत्वपूर्ण दिशा निर्देश दिए गये। इस अवसर पर उप निर्वाचन पदाधिकारी गया भी उपस्थित थे।

## एक नजर

### पुलिस पर हमला मामले में दो गिरफ्तार, भेजे गए जेल

**कोंच।** स्थानीय कोंच थाना क्षेत्र के ललिया बीघा एवं मनोहरपुर गांव से पुलिस पर हमला मामले में दो लोगों को गिरफ्तार कर बुधवार को जेल भेजा गया है। जानकारी देते हुए कोंच प्रभारी थानाध्यक्ष ने कहा कि कोंच थाना कांड संख्या 607/23 के अभियुक्त पंकज कुमार पिता बली यादव ग्राम ललिया बीघा एवं अमरजीत कुमार पिता नरेश यादव ग्राम मनोहरपुर दोनों के थाना कोंच को पुलिस बल के सहयोग से छापामारी कर एस आई सत्यम कुमार ने गिरफ्तार किया और जेल भेजे गए हैं। उन्होंने बताया कि मनोहरपुर व खैरा गांव के बीच अवैध बालू लदा ट्रैक्टर के साथ ढुलाई का कार्य हो रहा था उसी क्रम में पुलिस को देख हमला किया था।

### पूर्व मंत्री सह विधायक ने किया चबूतरा निर्माण कार्य का उद्घाटन

**कोंच।** कोंच डीह में विष्णु स्थान के पास पूर्व मंत्री सह विधायक ने छायादार चबूतरा का निर्माण कार्य का उद्घाटन बुधवार को किया है। प्राप्त जानकारी अनुसार बिहार सरकार योजना एवं विकास विभाग मुख्यमंत्री क्षेत्रीय विकास योजना अंतर्गत के द्वारा अनुशंसित कोंच डीह में छायादार चबूतरा का निर्माण कार्य का उद्घाटन पूर्व मंत्री सह विधायक डॉ अनिल कुमार ने किया। उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए विधायक श्री कुमार ने कहा कि मेरे कार्यकाल में विधानसभा अंतर्गत कई कार्यो को किया गया है और अभी और कई कार्यो को किया जायेगा। सड़क का जाल बिछ गया है। अब लोगों को आने जाने में सहूलियत होती है। मौके पर बीडीओ बिपुल भारद्वाज, संजय कुमार, मंटू पासवान समेत अन्य लोग मौजूद थे।

### राजस्व शिविर में कई मामले आए

**दनियावां।** दनियावां अंचल के चार राजस्व ग्रामों में भूमि सुधार संबंधी शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें रैयतों के जमीन संबंधी अभिलेख में त्रुटियों के सुधार हेतु ऑफ लाइन आवेदन प्राप्त किए गए। वहीं पूर्व जानकारी अथवा प्रचारऽप्रसार के अभाव में बड़ी संख्या में रैयत और किसान इस शिविर के लाभ से वंचित हो रहे हैं। अंचलाधिकारी गीता कुमारी ने बताया कि प्रत्येक सोमवार,मंगलवार और बुधवार को गांवों में राजस्व शिविर का आयोजन किया जाएगा।

# कन्याओं ने निकाली भव्य कलश शोभा यात्रा



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**शिवाजीनगर।** शिवाजीनगर प्रखंड अंतर्गत बंधार गांव के ओंकारेश्वर महादेव मंदिर परिसर में पांच दिवशीय माता पार्वती पुर्नस्थापना सह सावर्ण ऋषि प्रतिस्थापन महायज्ञ की शुभारंभ हुई। यज्ञ आयोजन को लेकर साधु संत एवं ग्रामीण श्रद्धालुओं के साथ 51 कन्याएं मंदिर परिसर में एकत्रित होकर भव्य झांकी व गाजे बाजे के साथ भजन संकीर्तन गाते हुए गांव स्थित बागमती तट पर पहुंची। वहां कन्याएं नदी से जल भर कर नाचते गाते ग्रामीणों श्रद्धालुओं के साथ गांव स्थित विभिन्न धर्म स्थल का भ्रमण करते हुए मंदिर परिसर स्थित यज्ञस्थल पहुंची। वहां सिमरिया धाम से पधारे स्वामी चिदात्मन जी महाराज की देख रेख में वैदिक मंत्रोचार के बीच विधि पूर्वक कलश स्थापना की गई। और विधान पूर्वक माता पार्वती पुर्नस्थापना सह सावर्ण ऋषि प्रतिस्थापन महायज्ञ की शुरुआत हुई। यज्ञ आरंभ होते ही आचार्य वरुण पाठक, दिनेश झा, पद्मनाभ झा, देवेश मिश्रा, राम भारद्वाज, लक्ष्मण भारद्वाज, सदानंद जी, शिवेंद्र झा, अरविंद झा, शशी झा, के द्वारा वैदिक मंत्रोचार की उद्घोष से गांव समेत आसपास का इलाका भक्तिमय हो गया। महायज्ञ के मुख्य जजमान देवेन्द्र कुमार चौधरी, हवन नंदकुमार चौधरी, अशोक चौधरी, जटाशंकर चौधरी उर्फ बम बम, राम उदगार झा ने किया। मौके पर प्रभात चौधरी, शिवेंद्र चौधरी, राम शंकर चौधरी, उदय चौधरी, अमरेन्द्र पाठक, अमरनाथ चौधरी, पिंटू

# सुरक्षा दिवस पर सुरक्षा सप्ताह कार्यक्रम का शुभारंभ

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो




**दनियावां।** अल्ट्राटेक पाटलिपुत्र सीमेंट वर्क्स में 53 वें राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस का उद्घाटन इकाई प्रमुख अमरेंद्र कुमार द्वारा ध्वजारोहण करके किया गया। यूनिट हेड, टेक्निकल हेड, लॉजिस्टिक हेड और सिविल हेड के स्वागत के बाद, सभी को बैच लगाकर, सुरक्षा के प्रति प्रतिबद्धता की शपथ दिलाई गई, कर्मचारियों ने सुरक्षा दिवस पर गाना गाया व सेफ्टी विभाग ने नुक्कड़ नाटक करके सभी को सुरक्षित काम करने का संदेश दिया, तत्पश्चात विभिन्न वर्गों में विजेताओं को पुरुस्कृत किया गया।

लगातार सात दिन विभिन्न प्रकार की गतिविधियों के माध्यम से सुरक्षा के प्रति जागरूक और सजग किया जायेगा। इस सुरक्षा सप्ताह में कामगार भाइयों के लिए निशुल्क हेल्थ कैंप, ट्रेड संबंधित प्रशिक्षण, रक्षात्मक ड्राविरंग प्रशिक्षण, अग्निशमक प्रशिक्षण, प्रश्नोत्तरी, पोस्टर व स्लोगन प्रतियोगिता, वाहनों की जांच आदि कार्यक्रमों का आयोजन करके सुरक्षा के प्रति सभी को जागरुक और सुरक्षित कार्य परिवेश के निर्माण करने के लिए प्रोत्साहित किया जायेगा। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए मुख्य अतिथि इकाई प्रमुख अमरेंद्र कुमार ने इस साल की थीम 'इएसजी उत्कृष्टता के लिए सुरक्षा नेतृत्व पर ध्यान दें' पर प्रकाश डाला। इस मौके पर अल्ट्राटेक के टेक्निकल हेड, एच.आर. हेड सुजीत कुमार, शशि कुमार, विद्यासागर समेत सभी स्टैण्डर्ड चैंपियन और बड़े, छोटे अधिकारियों, ड्राइवरों व कर्मचारियों की उपस्थिति रही।

### आंगनबाड़ी केंद्र का उद्घाटन

**शिवाजीनगर।** रानी पड़ती पंचायत बंडीहा गांव में नवनिर्मित आंगनबाड़ी केंद्र का उद्घाटन किया गया। कार्यक्रम के बाद पीओ रजनीश कुमार सीडीपीओ प्रियंका पंचायत मुखिया विनोद पासवान ने संयुक्त रूप से फीता काटकर उद्घाटन किया।


**पूर्व रेलवे**

**निविदा सूचना सं. 222-एस/1/डब्ल्यू-II, दिनांक 05.03.2024, वरिष्ठ मंडल अभियंता/III, पूर्व रेलवे, सियालदह, दूसरी मंजिल, डीआरएम बिल्डिंग, काइजर स्ट्रीट, सियालदह, कोलकाता-700014 द्वारा निम्नलिखित कार्यों के लिए निम्नलिखित ई-निविदा ऑनलाइन आमंत्रित की जाती है: क्रम सं. 1, निविदा सं.: टीएन-196-23-24, कार्य का नामः** सियालदह मंडल में ब्रिज नं. 17ए, 2ए, 86, बी/7 आदि में स्टेनलेस स्टील चेकर्ड प्लेट को फिक्स करना। **निविदा मूल्य :** रु.69,56,935/- **बयाना राशि :** रु. 1,39,100/-, **क्रम सं. 2 , निविदा सं.: टीएन-197-23-24, कार्य का नामः** सियालदह मंडल के बजबज यार्ड लाइन पर ब्रिज नं.2-सीएच की रिगर्डरिंग। **निविदा मूल्य :** रु.1,51,63,442/-, **बयाना राशि :** रु. 2,25,800/-, **क्रम सं. 3 , निविदा सं.: टीएन-199-23-24, कार्य का नामः** सियालदह मंडल के अप एवं डाउन मेन लाइन पर स्टेशन दक्षिणेश्वर-बाली घाट शाखा के बीच ब्रिज नं. 11सीसीआर (आरयूबी) की रिगर्डरिंग के लिए प्रावधान। **निविदा मूल्य :** रु.1,77,99,882/-, **बयाना राशि :** रु. 2,39,000/-, **निविदा की अंतिम तिथि और समयः** दिनांक 01.04.2024 को 15.00 बजे (क्रम सं. 1 से 3 प्रत्येक हेतु)। **कार्य की समापन अवधिः** 12 (बारह) माह (क्रम सं. 1 से 3 प्रत्येक हेतु)। निविदा कागजात एवं अन्य विवरण वेबसाइटः **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। बोली उपर्युक्त वेबसाइट पर ई-निविदा प्रणाली के माध्यम से जमा की जाएगी। मैनुअल प्रस्ताव तत्काल रद्द कर दिया जाएगा। भारतीय रेल मानक अनुबंध 2022 की सामान्य शर्त के अनुसार निविदा प्रपत्र की लागत शून्य है। **निविदा के खुलने की तिथि और समय** दिनांक 01.04.2024 को 15.30 बजे है। SDAH-405/2023-24

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter


# कृमि मुक्ति दिवस पर सेविकाओं को दिया गया प्रशिक्षण

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**शिवाजीनगर।** शिवाजी नगर प्रखंड के इंटर कॉलेज परिसर में प्रखंड के सभी आंगनबाड़ी सेविका के बीच पीएससी अस्पताल के द्वारा राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस के अवसर पर बच्चों के बीच दवा खिलाने को लेकर प्रशिक्षण दिया गया प्रशिक्षण स्वास्थ्य प्रबंधक अमानुल्लाह ने सभी आंगनबाड़ी सेविका को अपने-अपने केंद्र पर राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस के अवसर पर आगामी 15 मार्च से सभी छूटे हुए बच्चे के बीच एल्बेंडाजोल गोली खिलाने को लेकर विस्तार से जानकारी दी गई वही बाल विकास परियोजना पदाधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रखंड के सभी आंगनबाड़ी सेविका को राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस के अवसर पर सभी आंगनबाड़ी सेविका अपने-अपने केंद्र पर सभी बच्चों को दवा खिलाई जाएगी मौके पर बाल विकास परियोजना पदाधिकारी प्रियंका महिला पर्यवेक्षी का रंजना कुमारी प्रीति कुमारी एवं सभी आंगनबाड़ी सेविका रही मौजूद थीं


**पूर्व रेलवे**

**शुद्धिपत्र**

**निविदा सं.** केपीए-ईजी-ओटी-06-23-24 (खुली निविदा) **को रद्द किया जाना। अंतिम तिथि और समयः** 28.02.2024, 14.00 बजे। **कार्य का नामः** काँचरापाड़ा वर्कशॉप में स्टाफ क्वार्टरों और सेवा भवन में रिमोट मॉनिटरिंग, वेब-जीपीआरएस स्मार्ट ऊर्जा मीटर द्वारा पारंपरिक स्टैटिक एनर्जी मीटर का प्रतिस्थापन। निविदा कागजात में अपूर्ण तकनीकी स्पेसिफिकेशन के कारण इस निविदा को रद्द कर दिया गया है। MISC-265/2023-24

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter


# पुलिस ने तीन वारंटियों व एक शराबी को किया गिरफ्तार

**मदनपुर।** मदनपुर थाना के पुलिस सघन छापेमारी अभियान के तहत अलग अलग तीन जगहों से तीन वारंटी एवं एक शराबी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। थानाध्यक्ष राजेश कुमार ने बताया कि थाना क्षेत्र के संढ़ैइल निवासी पूर्व प्रखंड प्रमुख लालमोहन राम एवं मनोरंजन सिंह और शिवा बिगहा गांव निवासी रमेश राम के ऊपर न्यायलय के द्वारा वारंट निर्गत था। जिसे गुप्त सूचना के आधार मंगलवार की रात उसके घर से गिरफ्तार किया गया जबकि सीतारामपुर गांव निवासी सकलेश भुइयां शराब पीकर अपने घर पर हंगामा कर रहा था। ग्रामीणों ने थाना पुलिस को इसकी सूचना दी गई। सूचना पर मौके पर पहुंच कर उसे हिरासत ले कर थाना लाया गया। शराब पीने जांच कराए जाने पर शराब पीने की पुष्टि होने पर उसे बुधवार को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है।

### उमंगेश्वरी महोत्सव का आगाज कल से

**मदनपुर।** मदनपुर के मां उमंगेश्वरी परिसर में दो दिवसीय उमंगेश्वरी महोत्सव का आगाज आठ और नौ मार्च को होगा। जिसकी तैयारियां जोरों पर है। महोत्सव में स्थानीय नामचीन कलाकारों के अलावे बाहर से प्रख्यात कलाकारों की रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम की आगाज होगी। कलाकारों की जलवा से लोग लुप्त उठाएंगे। महोत्सव के अवसर पर मां मांगेश्वरी, गौरीशंकर, सूर्य मंदिर सहित सभी मंदिरों की सजावट किया जा रहा है। सभी मंदिरों में पूजा अर्चना मंत्रोच्चारण के साथ विधिवत किया जाएगा। पूजा अर्चना कार्यक्रम उमंगेश्वरी के प्रधान पूजारी बालमुकुंद पाठक, दिलीप पाठक और पंडितों को सौंपी गई है। उमंगेश्वरी न्यास समिति के सदस्यों द्वारा आयोजन के सफल बनाने में हर संभव प्रयास किया जा रहा है। बीडीओ कुमुद रंजन ने बताया कि उमंगेश्वरी महोत्सव की सारी तैयारियां की जा रही है।

# बिना परेशानी के समस्या का निदान करना प्राथमिकता : संजय यादव

**कोंच।** पंचायत सरकार भवन आंती में जनता दरबार बुधवार को लगाया गया जिसमें 15 मामले सामने आए और कई मामलों का निदान किया गया है।

जनता दरबार के दौरान पंचायत क्षेत्र के गांव से दो भूमि विवाद, जन्म प्रमाण पत्र के दस और मृत्यु प्रमाण पत्र के तीन मामले सामने आए। जिसे मुखिया प्रतिनिधि संजय यादव ने ऑन द स्पॉट निपटारा किया। वहीं, सिमरहुआ से आए मामले को लेकर उक्त गांव में जाकर निदान किया गया है। उन्होंने बताया कि आम लोगों की समस्या का निपटारा करने को लेकर आंती पंचायत में प्रत्येक बुधवार को जनता दरबार लगाया जाता है। ताकि, अधिक से अधिक समस्या का निपटारा कर ग्रामीणों का बिना परेशान हुए काम हो सके। मौके पर पंचायत सचिव अनिल कुमार, राजस्व कर्मचारी अरविंद कुमार, सामाजिक कार्यकर्ता पुण्यदेव यादव, सरपंच पति धर्मेंद्र सिंह, पूर्व मुखिया अवधेश यादव के अलावा सभी वार्ड सदस्य शामिल थे

# भू अर्जन पदाधिकारी के बयान से किसानों में नाराजगी



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**भभुआ।** भूमि अधिग्रहण में उचित मुआवजे की मांग को लेकर पिछले साल से आंदोलन कर रहे किसानों ने नोटिस लेने के बाद मुआवजा प्राप्त करने के लिए किसी तरह का कागजात या अभिलेख या दस्तावेज़ जमा करने से साफ इंकार कर दिया है। मंगलवार को इस संबंध में एक दैनिक अखबार में भू-अर्जन पदाधिकारी के छपे बयान से किसानों में नाराजगी है। किसान संघर्ष मोर्चा के जिलाध्यक्ष विमलेश पाण्डेय ने बताया कि अपने बयान में भू अर्जन पदाधिकारी ने कहा है कि दूसरा नोटिस के बाद कागजात जमा नहीं करने वाले किसानों की मुआवजा राशि कोर्ट में जमा कर दी जाएगी। इस बयान का किसान संघर्ष मोर्चा पुरजोर विरोध करता है। यह बयान पूरी तरह गैर कानूनी एवं भूमि अधिग्रहण कानून के विरुद्ध है। भूमि अधिग्रहण कानून में मुआवजा प्राप्त करने में आपसी विवाद होने पर मुआवजा राशि कोर्ट में जमा की जाती है। विवाद हल होने पर मुआवजा राशि स्वामित्व वाले व्यक्ति को दे दी जाती है। उचित मुआवजा की मांग को लेकर आंदोलन कर रहे किसानों के साथ इस तरह की किसी प्रक्रिया का उल्लेख अधिनियम में नहीं है।


**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**लघु सिंचाई प्रमण्डल, हुसैनाबाद**

**ई0 निविदा आमंत्रण सूचना**

ई0-निविदा संख्या :- WRD/MID/HUSSAINABAD/$F_2$-41/2023-24

पत्रांक -203 हुसैनाबाद, दिनांक -05/03/2024

| | | |
|---|---|---|
| 1 | कार्य का नाम | बटौआ नाला पर पक्का चेकडैम निर्माण,प्रखण्ड-हरिहरगंज, जिला-पलामू |
| 2 | प्राक्कलित राशि (लाख में) | 60.557 लाख |
| 3 | कार्य पूर्ण करने की अवधि | 11 माह |
| 4 | ई0-निविदा वेबसाईट पर प्रकाशित करने की तिथि एवं समय | 07-03-2024 (11:00 AM) |
| 5 | ई0-निविदा प्राप्त करने की अंतिम तिथि एवं समय | 28-03-2024 (03:00 PM तक) |
| 6 | निविदा शुल्क और EMD ऑनलाइन जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय | e-procurement Portal (jharkhandtenders.gov.in) 28-03-2024 (03:00 PM तक) |
| 7 | ई0-निविदा खुलने की तिथि एवं समय | 30-03-2024 (04:00 PM) |
| 8 | ई0-निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का पदनाम एवं पता | कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमंडल, हुसैनाबाद। |
| 9 | ई0-निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का सम्पर्क संख्या एवं ई-मेल पता | 7765955362 eemidhus-cemr-jhr@nic.in |
| 10 | ई0 प्रोक्योमेंट सेल एवं हेल्पलाईन नंबर | 0651-2214784 |

नोटः- सिर्फ ई0-निविदा ही स्वीकार की जायेगी। विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट :- https://jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है। प्राक्कलित राशि घट-बढ़ सकती है।

कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमण्डल, हुसैनाबाद

PR 321725 (Water Resource)23-24*D



**कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग, झारखण्ड, राँची)**
**कार्यालय-भूमि संरक्षण पदाधिकारी, लातेहार**
**जिला संयुक्त कृषि कार्यालय किनामाड़, जिला-लातेहार**
E-Mail ID- scolatehar@gmail.com

**आम सूचना**

राज्य योजनान्तर्गत वित्तीय वर्ष 2023-24 एवं 2024-25 में कृषक, कृषक समूहों एवं अन्य को ट्रैक्टर एवं सहायक कृषि यंत्रों के अनुदानित दर पर वितरण हेतु "मुख्यमंत्री ट्रैक्टर वितरण योजना" हेतु आवेदन आमंत्रण की सूचना।

विभागीय स्वीकृत्यादेश सं0-71 दिनांक 07.02.2024 द्वारा वित्तीय वर्ष 2023-24 एवं 2024-25 में राज्य योजना अन्तर्गत पानी पंचायत, जलछाजन समितियों, महिला स्वयं सहायता समूहों/महिला सखी मंडल/कृशक समूहों/लैम्स/पैक्स एवं अन्य कृषक संगठनों को मुख्यमंत्री ट्रैक्टर वितरण योजनान्तर्गत एक बड़ा ट्रैक्टर एवं इस के साथ कम से कम दो कृशि यंत्रो के क्रय करने पर कुल पैकेज राशि 10.00 लाख में बड़े ट्रैक्टर पर अधिकतम 50 प्रतिशत एवं दो कृषि यंत्रो के क्रय करने पर अधिकतम अनुदान 80 प्रतिशत देय होगा परन्तु कुल अधिकतम अनुदान 5.00 लाख (पांच लाख) रूपये ही देय होगा। साथ ही साथ वैसे कृशक समूह जिनके पास बड़े ट्रैक्टर पूर्व से उपलब्ध है एवं केवल कृषि यंत्र प्राप्त करने हेतु कृषि यंत्र की लागत का 80 प्रतिशत या अधिकतम अनुदान की राशि 2.00 (दो लाख) देय होगा। इससे अधिक राशि होने पर कृषक अपना अतिरिक्त अंशदान दे कर कृशि यंत्र प्राप्त कर सकते है। मुख्यमंत्री ट्रैक्टर वितरण योजना हेतु निर्धारित आवेदन प्रारूप में जिले के कृषकों को आवेदन करने के लिए आमत्रिंत किया जाता है। दिनांक 15.03.2024 तक कार्यालय दिवस में प्रातः 11.00 बजे से संध्या 04.00 बजे तक भूमि संरक्षण कार्यालय, लातेहार से आवेदन फार्म प्राप्त कर पूर्ण रूपेण भर कर आवश्यक कागजात के साथ जमा कर सकते हैं।

मुख्यमंत्री ट्रैक्टर वितरण योजना का पैकेज तैयार करने हेतु ट्रैक्टर एवं सहायक कृषि यंत्रो की सूची एवं अनुदान निम्न प्रकार से होगी

| S. N. | Details Of Machines | Package Cost | Target | Subsidy &Condition |
|---|---|---|---|---|
| 01 | Tractor (34.0-40.0 Max PTO HP Ps) Approved Model Tested by FMTTI, With Standard Tool Kit, Seat, Hitch, Hood, Drawbar Attachment, Insurance, Registration, GPS Attachment etc.& 2 Agriculture Implements. | Rs. 10.00 lakh | TSP 30 | -One Tractor With Minimum Two Implements From S. No- 02 To 12 Have To Be Taken In Tractor Package. -Maximum Subsidy On Tractor @50% & On Agriculture Imlements @ 80% Of Quoted L-1 Prices As Per EoI. -Farmers Group Maximum Subsidy On Tractor Package Will Be Rs 5.00 Lakh |
| 02 | Rotavator (4'-6') | Rs. 3.00 Lakh | TSP-30 | Any Farmer Group Having Tractor And Need extra Imlement They can Get Subsidy @ 80% Or Maximum Rs. 2.00 Lakh Whechever Is Minimum Of Quoted L-1 Price As Per EoI. |
| 03 | Cultivator (7-13 Tyne) | | | |
| 04 | Disc Harrow (11-18 Disc) | | | |
| 05 | Ridger/ Trencher/ Auger (Tractor Drawn) | | | |
| 06 | Zero Tillage Drill/Seed Cum Fertilizer Drill | | | |
| 07 | Cage Wheel Pair (Compatible to Above PTO HP Tractor) | | | |
| 08 | Wheat Thresher (Tractor Drawn) | | | |
| 09 | Multicrop thresher ( tractor drawn) | | | |
| 10 | Paddy Thresher (tractor drawn) | | | |
| 11 | Power Maize Thresher / Maize dehusker Cum sheller (T.D) | | | |
| 12 | MB plough (2 Bottom) | | | |

1. जिन समूहों के सदस्यों में से कम से कम किसी एक सदस्य के पास ट्रैक्टर/वाहन (LMV) चालन का वैध लाईसेंस होगा एवं समूह के पास खेती योग्य 10 एकड़ से अधिक (प्रमाण पत्र अंचलाधिकारी द्वारा निर्गत ) भूमि होगी, उसे प्राथमिकता दी जायेगी।
2. जिले को प्राप्त भौतिक लक्ष्य का 50 प्रतिशत स्थानीय क्षेत्रीय माननीय विधायक के अनुंशसा को प्राथमिकता देते हुए जिला स्तरीय गठित चयन समिति द्वारा स्वीकृत किया जायेगा।
3. जिन महिला स्वयं सहायता समूहों/महिला सखी मंडल एवं कृषक समूहों को पूर्व में कृषि विभाग द्वारा कृषि उपकरण बैंक स्थापना या अन्य किसी योजना केन्द्र प्रायोजित योजना या राज्य योजना के माध्यम से उपरोक्त योजना का लाभ प्रदान किया जा चुका है उनकी पात्रता इस योजना के लिए मान्य नही होगी।

नोटः-विशेष जानकारी के लिए अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में सम्पर्क किया जा सकता है।

भूमि संरक्षण पदाधिकारी
लातेहार।

PR.NO.321712 Agriculture(23-24):D

## संपादकीय

# शाहबाज शरीफ कठपुतली प्रधानमंत्री

पाकिस्तान में काफी जद्दोजहद और सेना की सीधी दखलांदाजी के बाद शाहबाज शरीफ देश के दूसरी बार प्रधानमंत्री बन गए हैं। लेकिन पीएम बनते ही उन्होंने जिस तरह का बयान दिया है, उससे नहीं लगता कि पाक भारत के साथ अपने रिश्ते सुधारने का इच्छुक है। शाहबाज ने अपने पहले ही भाषण में कश्मीर राग छेड़ते हुए आह्वान किया कि हम सब एकजुट होकर नेशनल असेंबली से कश्मीरियों और फलस्तीनियों की आजादी के लिए एक प्रस्ताव पारित करें। शाहबाज की कश्मीरियों के प्रति दिखावटी सहानुभूति की पोल पीओके के एक निर्वासित मानवाधिकार कार्यकर्ता ने ही खोल दी। मानवाधिकार कार्यकर्ता अमजद अयूब मिर्जा ने कहा कि पाकिस्तान वाले कश्मीर के लोग बड़े पैमाने में भूख से मर रहे हैं। सरकारी कर्मचारियों को हर महीने वेतन नहीं मिल पा रहा है। पेंशनभोगी एक साल से अपनी पेंशन का इंतजार कर रहे हैं। विभिन्न क्षेत्रों में काम कर रहे लोगों को भुगतान नहीं हो रहा है। अस्पतालों में दवाएं नहीं है। अस्पतालों में कुत्ते काटने तक का टीका नहीं है। उन्होंने कहा कि शरीफ कश्मीर के बारे में तथ्यात्मक रूप से गलत दावे कर रहे हैं। पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में मानवीय संकट है, शरीफ में इस तथ्य को स्वीकार करने की हिम्मत नहीं है। मिर्जा ने यह भी कहा कि पाकिस्तानी सेना कश्मीर और गिलगित बाल्टीस्तान में लोगों का दमन कर रही है। गौरतलब है कि पाक संसद में वोटिंग के बाद शाहबाज शरीफ को दूसरी बार देश का प्रधानमंत्री चुन लिया गया। चुनाव में शाहबाज शरीफ को 201 वोट मिले, वहीं उनके खिलाफ चुनाव लड़े पीटीआई के उम्मीदवार उमर अयूब खान को 92 वोट ही मिल पाए। शाहबाज बीते 75 सालों में पाकिस्तान के 33वें प्रधानमंत्री हैं। जहां तक शाहबाज शरीफ के दमदारी से काम करने की बात है तो इसकी संभावना नहीं के बराबर है। शाहबाज चुनाव जीते नहीं हैं, उन्हें फौज ने खुली धांधली करके चुनाव जितवाया है। ऐसे में वो अपने स्तर पर कोई भी फैसला लेने में सक्षम नहीं है। अभी भी उनकी सरकार कितनी टिकेगी, कहना मुश्किल है। क्योंकि चुनाव में किसी भी पार्टी को स्पष्ट बहुमत नहीं मिला था। पाक सेना शुरू से ही इमरान खान की पीटीआई पार्टी को सत्ता से दूर रखने में लगी है। शाहबाज शरीफ के पीएम बनते ही अयूब खान ने इस पर विरोध जताया। उन्होंने आरोप लगाया कि देश के नेता का चयन करने के लिए चुनाव अवैध थे। दरअसल पहले यह माना जा रहा था कि पाकिस्तान के अगले पीएम मियां नवाज शरीफ होंगे। एक निश्चित योजना के तहत उन्हें लंदन से पाकिस्तान लाया गया था। लेकिन सेना की तमाम कोशिशों की बाद भी उनकी पार्टी को अपेक्षित समर्थन नहीं मिल सका। वो चौथी बार पीएम नहीं बन सके। शाहबाज हालांकि नवाज के सगे भाई हैं, लेकिन उनके संचालन सूत्र पूरी तरह सेना के हाथ में हैं। वो सेना के इशारे पर ही काम करेंगे, चलेंगे। बताया जाता है कि शाहबाज मंत्रिमंडल में विदेश और वित्त मंत्री की नियुक्तियां भी सेना ही करने वाली है। अब सवाल यह है कि नवाज क्या करेंगे? क्या लंदन लौट जाएंगे या शाहबाज सरकार में बैक सीट ड्राइविंग करेंगे? एक उम्मीद जताई जा रही थी कि नवाज और नरेन्द्र मोदी के बीच व्यक्तिगत केमेस्ट्री के चलते दोनो देशों के रिश्तों में कुछ सुधार आ सकता है। दोनों के बीच व्यापार के चैनल खुल सकते हैं। कश्मीर मुद्दा ठंडे बस्ते में डाला जा सकता है। लेकिन शहबाज शरीफ ने अपने पहले बयान में ही कश्मीर का मुद्दा उठाकर साफ संकेत दे दिया है कि पाकिस्तान भारत से रिश्ते सुधारने का कतई इच्छुक नहीं है।

# केंद्र और केरल सरकार : अवांछित टकराव किसके हित में?

**केरल की राजनीति का एक और पहलू है-राजनीति में हिंसा। केरल की राजनीति में हिंसा का प्रवेश बरसों पूर्व हो चुका है। करीब 12 साल पहले टीपी चन्द्रशेखरन की हत्या का प्रसंग केरलवासियों के जेहन में आज भी ताजा है। चंद्रशेखरन की नृशंस हत्या की स्याही भले ही सूख गई हो, लेकिन चंद्रशेखरन का भूत आज भी सियासी गलियारों में घूम रहा है। अदालत ने हत्या में लिप्त 11 अपराधियों की उम्रकैद की सजा बरकरार रखी है। यह हत्याकांड, सत्तारूढ़ माकपा के लिए परेशानी का सबब है। चंद्रशेखरन मूलतः माकपा के कार्यकर्ता थे। वह रिवोल्यूशनरी मार्क्सिस्ट पार्टी से जुड़ गये थे। सन् 2009 में उन्होंने माकपा के सुदृढ़ गढ़ वडकरा से चुनाव लड़ा और माकपा प्रत्याशी पी. सतीदेवी की हार का कारण बने। कांग्रेस के एम रामचंद्रन ने उन्हें 56 हजार मतों से मात दी। 4 मई, 2012 को चंद्रशेखरन की सुपारी देकर दिनदहाड़े हत्या करा दी गई। यह प्रसंग अब सियासी मुद्दा बन चुका है और इसने केरल के वृहत्तर समाज को विचलित किया है।**

**डॉ. सुधीर सक्सेना**

केरल धुर दक्खिनी राज्य है। सियासी मिजाज के मान से और सूबों से सर्वथा भिन्न। सर्वाधिक साक्षर। राजनीतिक दृष्टि से विपथगानी। कहें तो नवाचारी। उसका सुर 'काऊ बेल्ट' के सुरों से भिन्न है। और शेष डेक्कन से भी। केरल में सत्ता का इतिहास भी अलहदा रहा है। आज से नहीं, आजादी के बाद से। उसने सन् 50 के दशक में उत्तरार्द्ध में विश्व की पहली वाम-सरकार को चुना था। बात दीगर है कि ईएमएस के नेतृत्व की उस सरकार को भंग कर दिया गया था। केंद्र में तब कांग्रेस की सरकार थी और पं. नेहरू प्रधानमंत्री थे। दिलचस्प तौर पर गर्दिश की शिकार कांग्रेस पार्टी के नेतृत्व बने इंडिया गठबंधन सीपीआई (एम) की उसकी सहयोगी पार्टी है। केरल की राजनीति में राष्ट्रीय पार्टियों का दखल तो रहा है, किंतु वर्चस्व नहीं। यहां एक दल के बजाय मोर्चे की राजनीति फली-फूली। आज भी पिनरायी विजयन के नेतृत्व में लेफ्ट डेमोक्रेटिक फ्रंट सत्तारूढ़ है। यही वह सन्दर्भ है, जो केरल को बरबस आसेतु हिमाचल पांव पसारने को बेतरह व्यग्र बीजेपी की आंखों की किरकिरी बनाकर उभारता है। दिल्ली और तिरुवनंतपुरम के बीच अर्से से ठनी हुई है। दोनों की ही भृकुटि में बल हैं। दिल्ली की आंखें लाल हैं, तो तिरुवनंतपुरम की आंखों में शक और गिले-शिकवे हैं। वाम सरकार केन्द्र सरकार पर केरल के हितों की उपेक्षा की तोहमत लगातार मढ़ रही है। इसमें शक नहीं कि केरल इन दिनों वित्तीय संकट के गंभीर दौर से गुजर रहा है। दूसरी ओर केंद्र ने ऋण लेने पर अंकुश लगाकर उसके हाथ बांध दिये हैं। इसके पीछे की राजनीतिक मंशा को बूझना कठिन नहीं है। बीजेपी की दिक्कत यह है कि उसे इस सुरम्य तटीय प्रदेश में पांव रखने का ठौर तो दूर, प्रवेश के लिये दर्रा तक नहीं मिल रहा है। पिछले बरसों में इस राज्य में आरएसएस की सक्रियता खूब बढ़ी है। बीजेपी ने अपनी शैली में मुद्दे भी खूब उछाले हैं। राज्यपाल नाम की संस्था का लाभ भी उसे भरपूर मिला रहा है। राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान ने उच्च शिक्षामंत्री बिंदु को 'क्रिमिनल' तक कह दिया है। उधर माकपा सचिव गोविंदन का कहना है कि राज्यपाल लगातार संवैधानिक मर्यादाओं को लांघ रहे हैं। बिस्कुट- किंग राजन पिल्लै की विधवा सुश्री नीना पिल्लै ने कभी बीजेपी की टिकट पर लोकसभा के लिए चुनाव लड़ कर खूब सुर्खियां बटोरी थीं, बीजेपी ने युक्तिपूर्वक मेट्रो- मैन श्रीधरन पर भी दांव लगाया। लेकिन दांव बेअसर रहा। न तो नीना पिल्लै मतदाताओं को आकर्षित कर सकीं और न ही श्रीधरन भगवा- ब्रिगेड के लिए जमीन गोड़ सके। अब अर्से बाद बीजेपी के मन में ढाक के तीन पातों का सिलसिला टूटने की उम्मीद जगी है और यह उम्मीद उपजी है बीजेपी में केरल जनपक्षम (सेक्यूलर) के विलय से। मूलतः केरल कांग्रेस (सेक्यूलर) से संबद्ध रहे पीसी जार्ज ने मई, सन् 2019 में केरल जनपक्षम का गठन किया था। पार्टी का एक विधायक भी चुना गया था। इन्हीं पीसी जार्ज ने 31 जनवरी को दिल्ली में केंद्रीय मंत्रियों बी. मुरलीधरन, राजीव चंद्रशेखर और पूर्व मंत्री प्रकाश जावड़ेकर की मौजूदगी में अपनी पार्टी का बीजेपी में विलय कर दिया। भाजपा- नेतृत्व को उम्मीद है कि जार्ज के जरिये वह केरल में ईसाई मतदाताओं को अपने पक्ष में कर सकेगी। यह इसी उम्मीद से उपजा आशावाद है कि बीजेपी के महामंत्री अनिल के एंटोनी ने दावा किया कि बीजेपी केरल में पांच सीटों पर विजयी होगी। अनिल स्वयं पतिनमतिट्टा लोकसभा सीट से भाजपा के उम्मीदवार हैं। गौरतलब है कि केरल 20 सांसदों को चुनकर लोकसभा में भेजता है। अबकी बार चार सौ पार के लिहाज से केरल की 20 सीटें मायने रखती है।

केरल में हिन्दुओं के अलावा मुस्लिमों और ईसाइयो की अच्छी खासी आबादी है। अनेक निर्वाचन क्षेत्रों में यह आबादी चुनावी हारजीत के मान से अहमियत रखती है। फिलवक्त, केरल में राज्यपाल के पद पर आरिफ मोहम्मद खान विराजमान है, जिनकी गिनती कभी सेक्युलर जमात में होती थी। महामहिम राज्यपाल अपने खतों और ख्यालों से लगातार सुर्खियों में है। राज्यपाल खान और सीएम विजयन के दरम्यान खटास इधर लगातार बढ़ी है। राज्यपाल खान न केवल राजभवन से सरकार की लानत मलामत के बयान जारी करते रहे हैं, बल्कि दिल्ली-प्रवास में केरला हाउस में पत्रकारों को आमंत्रित कर राज्य सरकार पर तंज कसते रहते हैं। राज्यपाल और राज्य सरकार के मध्य एक और विवाद पिछले दिनों केरल विश्वविद्यालय की बैठक को लेकर हुआ। उच्च शिक्षा मंत्री बिंदु के बैठक की अध्यक्षता करने से राज्यपाल यानि कुलाधिपति भड़क उठे और उन्होंने विश्वविद्यालय के कुलपति को तलब किया और विस्तृत रिपोर्ट मांगी।

यह कहा जाता रहा है कि राज्यपाल राज्यपोषित विश्वविद्यालयों में कुलपतियों की मनचाही नियुक्तियां करते रहे हैं। राज्यपाल के खिलाफ यह बात दूर दिल्ली तक पहुंची है कि वह सदन में पारित बिलों पर हस्ताक्षर करने बेजा विलंब करते हैं। उनके खिलाफ रोष का आलम यह है कि माकपा के छात्र संगठन के कार्यकर्ताओं ने एकबारगी एयरपोर्ट रोड पर उनकी कार को घेर लिया।

उन्होंने काले झंडे दिखाये, नारेबाजी की और तोड़फोड़ की चेष्टा की। पुलिस ने बमुश्किल हालात पर काबू पाया और महामहिम की गाड़ी एयरपोर्ट पहुंची। इसमें शक नहीं विजयन-सरकार केंद्र सरकार के निशाने पर है। इसका प्रमाण केन्द्रीय पर्यावरण मंत्री भूपेन्द्र यादव के ताजा बयान से मिलता कि राज्य सरकार मनुष्य और पशुओं के दिनोंदिन 'विषम' होते संबंधों की अनदेखी कर रही है, लिहाजा वह स्वयं मामले की समीक्षा करेंगे और प्रभावित जनों से मिलेंगे। गौरतलब है कि वायनाड में यह मुद्दा चिंतनीय स्तर तक पहुंच गया है। वायनाड की दशा इस नाते भी अहमियत रखती है कि वायनाड राहुल गांधी का निर्वाचन क्षेत्र है।

केरल की राजनीति का एक और पहलू है- राजनीति में हिंसा। केरल की राजनीति में हिंसा का प्रवेश बरसों पूर्व हो चुका है। करीब 12 साल पहले टीपी चन्द्रशेखरन की हत्या का प्रसंग केरलवासियों के जेहन में आज भी ताजा है। चंद्रशेखरन की नृशंस हत्या की स्याही भले ही सूख गई हो, लेकिन चंद्रशेखरन का भूत आज भी सियासी गलियारों में घूम रहा है। अदालत ने हत्या में लिप्त 11 अपराधियों की उम्रकैद की सजा बरकरार रखी है। यह हत्याकांड, सत्तारूढ़ माकपा के लिए परेशानी का सबब है। चंद्रशेखरन मूलतः माकपा के कार्यकर्ता थे। वह रिवोल्यूशनरी मार्क्सिस्ट पार्टी से जुड़ गये थे। सन् 2009 में उन्होंने माकपा के सुदृढ़ गढ़ वडकरा से चुनाव लड़ा और माकपा प्रत्याशी पी. सतीदेवी की हार का कारण बने। कांग्रेस के एम रामचंद्रन ने उन्हें 56 हजार मतों से मात दी। 4 मई, 2012 को चंद्रशेखरन की सुपारी देकर दिनदहाड़े हत्या करा दी गई। यह प्रसंग अब सियासी मुद्दा बन चुका है और इसने केरल के वृहत्तर समाज को विचलित किया है।

संप्रति, माकपानीत सरकार के लिए सबसे बड़ी परेशानी है वित्तीय संकट। केंद्र की बीजेपी सरकार ने कठोर रवैया अपनाकर केरल सरकार की मुश्कें कस दी हैं। सूत्रों की माने तो राज्य सरकार केंद्र की ओर से 57,000 करोड़ रुपयों से वंचित है। केंद्र के सलूक को मुद्दा बनाकर मुख्यमंत्री पिनरायी विजयन दिल्ली में जंतर मंतर पर धरने पर बैठ चुके हैं। वहां उन्हें दो मुख्यमंत्रियों- अरविंद केजरीवाल और भगवंत मान का सहयोग मिला। तमिलनाडु के सीएम स्तालिन ने उनके साथ एकजुटता का इजहार किया। इसी क्रम में पिनरायी सरकार ने सर्वोच्च न्यायालय का दरवाजा भी खटखटाया। राज्य सरकार के वकीलों - कपिल सिब्बल और सीके शशि ने जस्टिसद्वय सूर्यकांत और केवी विश्वनाथन के समक्ष केंद्र के सलूक से सीमित संसाधनों वाले छोटे राज्य की आर्थिकी को बड़ी क्षति का मुद्दा उठाया तो एटार्नी जनरल वेंकट रमनी ने कहा कि राज्य सरकार याचिका से अपनी विफलताओं को ढांपने की कोशिश कर रही है। खबर है कि केंद्र ने अतिरित ऋण की छूट देने की मंशा जताई है, बशर्ते याचिका वापस ले ली जाए. वह 11,000 करोड़ देने को भी राजी है, बल्कि बकौल सिब्बल तात्कालिक जरूरत 2400 करोड़ की है। बहरहाल, इस मुद्दे पर दोनों पक्षों में सहमति नहीं हो सकी और अंततः सुप्रीम कोर्ट ने तय किया कि वह केरल सरकार की याचिका की सुनवाई करेगा। गौर कीजिए कि क्या केंद्र का सलूक संघीय व्यवस्था पर प्रश्नचिह्न खड़े नहीं करता? केंद्र और राज्य सरकार के बीच यह अवांछित टकराव किसके हित में है? इन सारे दांवपेंच का खामियाजा तो केरल की करीब साढ़े तीन करोड़ जनता को ही भुगतना पड़ रहा है और संघीय ढांचे के रेशे क्षतिग्रस्त हो रहे हैं।

## अध्यात्म

### किसान और बादल

गोपालपुर गाँव में हर व्यक्ति किसान था, उस गाँव को किसानों का गाँव कहा जाता था, क्योंकि लोगों को खेती के अलावा कुछ और नहीं आता था। एक बार उनके गाँव में जाने-माने ज्योतिषी का आगमन हुआ, सभी गाँववाले उस ज्योतिषी के पास पहुँचे और गाँव का भविष्य जानना चाहा। ज्योतिषी ने भविष्यवाणी करते हुए कहा कि अगले दस साल तक इस गाँव में बारिश नहीं होगी। पानी की एक-एक बूंद के लिए गाँव वाले तरस जाएँगे। गोपालपुर गाँव में अकाल पड़ेगा। ज्योतिषी ने सभी गाँव वालों से कहा, कि यदि तुम सब अपने और परिवार की जान बचाना चाहते हो तब इस गाँव को खाली कर किसी दुसरे गाँव में बसने के लिए चले जाओ। उनकी बातें सुनने के बाद सभी गाँव वाले बेचैन हो उठे, उन्होंने घर जाकर सामान बांधना शुरू किया, और सबने फैसला लिया कि वे अगली सुबह ही गाँव खाली कर देंगे। उस गाँव में एक परिवार ऐसा था जो किसी ज्योतिषी और भविष्यवाणी पर कभी यकीन नहीं करता था। उस परिवार का मुखिया जिसका नाम हरिया था, उसनें अपनी बीवी और बच्चों से कहा कि वे गाँव छोड़कर नहीं जाएंगे, और ये सब बेकार की बातें हैं, इतने साल तक सुखा पड़ ही नहीं सकता। जब गाँव वालों को पता चला कि हरिया उनके साथ नहीं चल रहा है, तब गाँव के कुछ बुजुर्ग और बड़े व्यक्ति उसके पास पहुँचे और उसे गाँव के साथ चलने के लिए कहा। लेकिन हरिया अपनी ही ज़िद पर अड़ा रहा। और उसनें सभी गाँव वालों के साथ जाने से इनकार कर दिया। अगली सुबह हरिया और उसके परिवार को छोड़, बाकी सभी लोग गाँव छोड़कर चले गये। पूरा गाँव खाली था। सब लोग जा चुके थे। हरिया को समझ नहीं आ रहा था कि क्या किया जाए, क्योंकि एक तरफ ज्योतिषी की भविष्यवाणी और दूसरी तरफ पूरे गाँव का खाली हो जाना। 2-3 दिन के बाद हरिया ने सोचा कि क्यों न हल को लेकर खेत ही जोतता रहूँ, क्योंकि जो काम है वह तो होता रहे। उसनें खेत जोतना शुरू किया, पहले दिन निराश हताश होकर ही वह घर लौटाज और यही सिलसिला 3-4 दिन तक चलता रहा। हफ्ते बीत जाने के बाद एक दिन हरिया अपनी खेत पर हल जोतने पहुंचा, वह हल जोत ही रहा था कि एक छोटा-सा बादल का टुकड़ा उसकी खेत के ऊपर आकर देखने लगा, कि पूरा गाँव खाली होने के बाद यही एक किसान अपना खेत जोत रहा है, जबकि सारे लोग 10 साल तक बारिश नहीं, यह बात सोचकर गाँव से चले गये हैं, और चारों तरफ सुखा पड़ा हुआ है। उसनें किसान से पूछा, अरे ओ किसान! क्या तुम बेवकूफ हो? सारे गाँव वाले चले गये लेकिन तुम अकेले ही खेत जोत रहे हो। यह सुनकर किसान ने बादल से कहा, क्या आपको पता है कि मैं खेत क्यों जोत रहा हूँ! इसके पीछे एक बड़ी वजह है, उसी वजह के कारण मैं काम कर रहा हूँ। वजह यह है कि मैं खेत इसलिए जोत रहा हूँ कि मैं खेत जोतना न भूल जाऊं, हल चलाना न भूल जाऊं। आपका तो पता नहीं कि आप कब बरसोगे! लेकिन अगर मैं हल चलाना भूल गया तो मैं अपनी जिंदगी में करूँगा भी क्या! बादल ने सोचा कि ज्योतिषी ने तो भविष्यवाणी कर दी है कि 10 साल तक हम बरसेंगे नहीं। अगर हम बरसेंगे नहीं तो कहीं हम बरसना न भूल जाएं। वहां और भी बादल इकट्ठा हो गये और जमकर बारिश होने लगी। ये छोटी-सी कहानी हमें अपनी लाइफ में एक बड़ी सीख देती है कि किस्मत या भाग्य हमेशा उसी का साथ देती है जो मेहनत करता है। जो मेहनत करने से पीछे नहीं हटता, आपको अपनी कहानी खुद ही लिखनी होती है क्योंकि आप खुद ही अपनी लाइफ के हीरो हैं।

# विदेशी सैलानियों की सुरक्षा का उभरता सवाल ?

**भारत घूमने आए विदेशी सैलानियों की सुरक्षा का सवाल हमारे सामने यक्ष प्रश्न बनकर खड़ा है। विदेशी सैलानियों के साथ दुष्कर्म की घटनाएं जहाँ हमें कटघरे में खड़ा करती हैं वहीं दूसरी उनसे मारपीट, लूट और अधिक पैसे वसूलने की घटनाएं भी आम हैं। हमारे देश की संस्कृति अतिथि देव भवः की है। झारखंड के दुमका में एक स्पैनिश महिला के साथ कथित तौर पर गैंगरेप की घटना हमारे लिए चिंता का विषय है। भारत हमेशा से विदेशी सैलानियों के लिए आकर्षण का केंद्र रहा है। यहां की प्राकृतिक बनावट और धार्मिक विविधता लोगों को यहां खींच लाती है। प्राकृतिक वातावरण विदेशी सैलानियों की पहली पसंद हैं। विदेशी पर्यटकों को भौगोलिक एवं प्राकृतिक बनावट के साथ विविधता में एकता की संस्कृति अपनी तरफ आकर्षित करती है।**

**प्रभुनाथ शुक्ल**

दुमका में हुई सामूहिक दुष्कर्म की घटना कोई पहली वारदात नहीं है। भारत में अक्सर विदेशी पर्यटक इस तरह की घटना का शिकार होते हैं। आर्थिक दृष्टिकोण से भारत का पर्यटन देश की संवृद्धि में अच्छी खासी भूमिका निभाता है। लेकिन इस तरह की घटनाएं जहां हमारे देश की छवि को नुकसान पहुंचती है वहीं विदेशी पर्यटक यहां आने से डरते और घबराते हैं। हजारों की तादाद में विदेशी सैलानी एक बार भारत आए तो भारत के ही होकर रह गए। लेकिन विदेशी सैलानियों के साथ इस तरह की घटनाएं मारपीट, ठगबाजी हमारी छवि को प्रभावित करती हैं। इसके अलावा हमारे पर्यटन व्यवस्था पर भी सवाल उठाती है। दुमका में हुई सामूहिक दुष्कर्म की घटना हमारी संस्कृति और संस्कार के खिलाफ है। इस घटना में शामिल दोषियों को सख्त से सख्त सजा मिलनी चाहिए। केंद्र सरकार को राज्य सरकार से मिलकर आवश्यक कदम उठाने चाहिए।

पर्यटन मंत्रालय को इस संबंध में विशेष कदम उठाने चाहिए जिससे ऐसी घटनाओं को रोका जा सके। ऐसी घटनाओं की फेहरिस्त बहुत लंबी है। बार-बार ऐस्री घटनाएं होने के बाद भी हम आवश्यक कदम नहीं उठा पाते हैं। विदेशी पर्यटकों के लिए खास सुरक्षा के इंतजाम होने चाहिए। भारत आने वाले पर्यटकों के लिए जो सरकारी स्तर पर विशेष गाइड की व्यवस्था होनी चाहिए। यह सरकारी एजेंसी के माध्यम से होनी चाहिए। भारत आने वाले ऐसे पर्यटक कहाँ ठहर रहे हैं। कहां जा रहे हैं। उनके लिए कहां रुकना अच्छा रहेगा। सरकार की तरफ से उन्हें सारी सुविधा और सूचना उपलब्ध होनी चाहिए। सिविल पुलिस के बजाय इसके लिए अलग से विशेष पर्यटन पुलिस होनी चाहिए। पर्यटन पुलिस की विशेष जिम्मेदारी विदेशी सैलानियों की सुरक्षा के संदर्भ में होनी चाहिए। विदेशी पर्यटकों की सुरक्षा के लिहाज से सरकार को इस तरह की व्यवस्था के लिए आवश्यक कदम उठाने चाहिए। विदेशी पर्यटकों के साथ आमतौर पर भाषा की भी समस्या होती है ऐसे में उसके समाधान के लिए भी आवश्यक कदम उठाने चाहिए। दुमका में हुई घटना में भी पुलिस और पीड़ितों के बीच भाषा की समस्या देखने को मिली है।

भारत आने वाली विदेशी पर्यटकों के लिए केंद्रीय पर्यटन मंत्रालय की तरफ से स्पष्ट गाइडलाइन भी होनी चाहिए। पर्यटकों को यह निर्देश होना चाहिए की आप जहां जा रहे हैं वहां की भौगोलिक स्थिति क्या है। अगर आप पहाड़ी या आदिवासी इलाके में घूमने जा रहे हैं तो वहां क्या समस्या हो सकती है। पहाड़ और दूसरी जगह पर जा रहे हैं तो क्या -क्या सावधानी बरतनी चाहिए। स्थानीय लोगों के बारे में भी जानकारी देना आवश्यक है। उनकी सुरक्षा को लेकर जहाँ खतरा हो सकता है इस सम्बन्ध में उन्हें आगाह करने की भी आवश्यकता है।




विदेशी दूतावास को भी भारतीय दूतावास से संपर्क में रहना चाहिए। उनकी सुरक्षा और सुविधाओं का ख्याल रखना हमारा दायित्व है। इस तरह की घटनाएं विदेशी पर्यटकों में असुरक्षा का जहाँ माहौल पैदा करती हैं वहीं हमारी सुरक्षा व्यवस्था पर भी सवाल उठाती हैं। विदेशी पर्यटकों की सुरक्षा या अन्य मामलों में सीधे केंद्रीय पर्यटन मंत्रालय का हस्तक्षेप होना चाहिए। पर्यटन अब ग्लोबल शौक बन चुका है। पर्यटन से दुनिया भर के देशों को एक अच्छी खासी आए हो रही है। कोविड में जहां पर्यटन व्यवस्था पर प्रभाव पड़ा था वहीं अब पर्यटन उद्योग तेजी से आर्थिक समृद्ध की ओर बढ़ र रहा है। भारत वैश्विक पर्यटन केंद्र के रूप में उभर रहा है। भारत की जीडीपी में पर्यटन उद्योग अच्छी खासी भूमिका निभा रहा है। भारत में विदेशी सैलानियों की संख्या दिनों-दिन बढ़ रही है। लेकिन दुमका जैसी घटनाएं पर्यटन उद्योग को कहीं न कहीं से प्रभावित करती है। दुमका की घटना को लेकर सियासी तीर भी चलने लगे हैं लेकिन यह राजनीतिक मुद्दा नहीं है इस पर गंभीरता से विचार करना चाहिए। क्योंकि यह मामला विदेशी सैलानियों की सुरक्षा के साथ देश की अस्मिता से भी जुड़ा है। यह केंद्र और राज्य सरकार की दोनों नैतिक जिम्मेदारी बनती है कि देश में आने वाली विदेशी पर्यटकों की सुरक्षा को गंभीरता से लिया जाए। विदेशी पर्यटक सड़क के किनारे टेंट लगाकर रहे हैं या समुद्र के किनारे, होटल में रहे या पहाड़ों पर उनकी सुरक्षा में किसी प्रकार की चूक नहीं होनी चाहिए। दुमका में स्पेनिश जोड़े सड़क के किनारे टेंट लगाकर रुके थे जहां स्थानीय लोगों ने वहां पहुंचकर उनके साथ कथित तौर पर गैंग रेप की घटना को अंजाम दिया और सामान भी लुटे।

भारत पर्यटन हब के रूप में उभर रहा है। अयोध्या में राम मंदिर निर्माण और काशी में बाबा काशी विश्वनाथ कारिडोर के निर्माण के बाद दर्शन के लिए विदेशी सैलानियों की संख्या बढ़ेगी। लॉकडाउन के बाद देश में तकरीबन हर साल एक करोड़ से अधिक विदेशी सैलानी भारत भ्रमण पर पहुंच रहे हैं। सबसे अधिक मार्च और अप्रैल में विदेशी सैलानियों का आगमन होता है। क्योंकि पर्यटन के लिए यह मौसम अनुकूल होता है जो पर्यटकों को काफी प्रभावित करता है। भारत में साल 2019 में एक करोड़ 8 लाख विदेशी पर्यटक घूमने आए। जिससे विदेशी पर्यटकों से सरकार को 2.10 लाख करोड़ की आय हुई। 2018 में 1.94 जबकी 2018 1.77 वहीं 1016 में 1.54 और 2016 में 1.35 लाख करोड़ की आय हुई। 2018 में 1.5, 2017 में 100 जबकी 2016 में 88.04 एवं 2015 में 80.27 लाख विदेशी सैलानी भारत घूमने आए। इस हालत में विदेशी सैलानियों की सुरक्षा सबसे अहम हो जाती है। ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए केंद्र और राज्य सरकार को मिलकर कठोर से कम कठोर कदम उठाने चाहिए जिससे दुमका जैसी घटनाओं पर विराम लग पाए और भारत में विदेशी पर्यटन को बढ़ावा मिल पाए।

## आज का कार्टून




## राशिफल

**मेष**
अपने काम के प्रति उदासीनता के कारण परेशान हो सकते हैं। आज बहुत महत्वपूर्ण कार्यों से दूरी बनाकर रखनी चाहिये। दूसरों पर निर्भर नहीं रहना चाहिये।

**वृषभ**
आज व्यावसायिक उद्देश्य से यात्रा हो सकती है। वैवाहिक जीवन काफी अच्छा रहेगा। सन्तान के प्रति विश्वास बनाये रखें। आपके ऊपर काम का दबाव कम रहेगा।

**मिथुन**
सरकारी कार्यों में सफलता मिलेगी। परिजनों के प्रति अच्छा व्यवहार रखें। योजनाओं को उचित तरीके से क्रियान्वित कर पायेंगे।

**कर्क**
नये व्यवसाय में आपका मन लगेगा। परिवार के साथ सुखद समय बितायेंगे। सेहत का ध्यान रखें क्योंकि सर्दी और कफ की समस्या हो सकती है।

**सिंह**
नया वाहन खरीद रहे हैं, तो उसके विषय में पूरी जानकारी ले लें। जिन लोगों पर आप आँख-मून्दकर भरोसा करते हैं, हो सकता है वही धोखा दे दें।

**कन्या**
युवाओं को नये करियर के अवसर मिलेंगे। राजनीतिक लोगों को अच्छे अवसर मिल सकते हैं। अपने मन की करें दूसरों से ज्यादा सलाह न लें।

**तुला**
आपकी उपलब्धियों के कारण लोग आपकी प्रशन्सा करेंगे। विद्यार्थी अपनी पढ़ाई को लेकर चिन्तित रहेंगे। फाइनेन्स सम्बन्धी कार्यों को लेकर परेशानी होगी।

**वृश्चिक**
आपके सभी काम समय पर पूरे हो जायेंगे। कमीशन से सम्बन्धित कार्यों से आपको लाभ प्राप्त होगा। रुका हुआ धन आपको मिल सकता है।

**धनु**
आप दूसरों की सेवा में मन लगायेंगे। गलत खान-पान के कारण सेहत खराब हो सकती है। किसी परिजन के स्वास्थ्य की चिन्ता रहेगी। लैपटॉप और कम्प्यूटर में खराबी आ सकती है।

**मकर**
आज आपका स्वास्थ्य काफी अच्छा रहेगा। आपकी सलाह से लोगों के काम बनेंगे। अटके हुये कार्यों को पूरा करने का तनाव रहेगा। पुराने सम्पर्कों का लाभ आप उठायेंगे।

**कुंभ**
आवश्यक कार्य समय से पूरे हो जायेंगे। आज फोन पर काफी समय बिता सकते हैं। माता-पिता आपका मनोबल बढ़ायेंगे और आपके किसी महत्वपूर्ण विषय पर राय भी लेंगे।

**मीन**
आपका दृष्टिकोण सकारात्मक रहेगा। आपको सभी प्रयासों में सफलता मिलेगी। जीवनसाथी को दिया हुआ वचन पूरा कर सकेंगे। पुराना लोन आज चुका सकते हैं।

# अगलगी में 19 परिवारों के 22 घर जलकर राख

## लाखों का नुकसान, काफी मशक्कत से बुझी आग

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**अररिया।** अररिया प्रखंड के रामपुर मोहनपुर पश्चिमी पंचायत वार्ड नंबर 6 अंतर्गत रामपुर मोहनपुर गांव में मंगलवार देर संध्या अचानक आग लगने से 19 परिवारों के लगभग दो दर्जन घर जलकर राख हो गया। आग लगने के कारणों का पता नहीं चल सका। इस घटना में दस लाख के संपत्ति का क्षति होने का अनुमान है। एक ही दिन में तीन बार हुए अगलगी में 22 घर जलकर राख हो गया। ग्रामीणों की काफी मशक्कत व दमकल टीम के सहारे आग पर काबू पाया जा सका जिससे घनी आबादी को आग के चटेप में आने से बचाया जा सका। जानकारी अनुसार मंगलवार दोपहर रामपुर मोहनपुर गांव में लगभग तीन बजे दोपहर एक घर में आग लगी जिसपर ग्रामीणों ने काबू पा लिया। पुनः शाम में इसी गांव में अगलगी की घटना हुई जिसमें तीन घर जलकर राख हो गया। तीसरी बार संध्या करीब सात बजे अचानक हुए अगलगी में लगभग डेढ़ दर्जन घरों को अपने आगोश में ले लिया जिससे कुल 22 घर जलकर राख हो गया। इस अग्निकांड में पीड़ित कमाल अपने बेटी के शादी के लिए घर में रखे साठ हजार नगद के अलावे जेवरात एवं फर्नीचर जलकर राख हो गया। इस अग्निकांड में कपड़ा, बर्तन, फर्नीचर, अनाज, जलावन एवं किमती दस्तावेज जलकर राख हो गया। अग्निपीड़ितों में मो. असलम, मो. तबरेज, शाहीद, मजहर, मसोमात बीबी सालेहा, बीबी तरन्नुम, अजीम, दिलशाद, बहारुद्दीन, सैयाद, मोजफ्फर, कामिल, इस्तेखार, रजिया, मामुल, हारिश, बीबी गुलशन, अशहाब, बीबी नगीना आदि शामिल हैं। अग्निकांड की लिखित सूचना मुखिया सालेह आलम ने बैरगाछी ओपी एवं अंचलाधिकारी अररिया को देने की बात कही। इधर मुखिया सालेह आलम, सरपंच असफाक आलम, वार्ड सदस्य अफजल सलीम, शाहीद आलम, शाबीर आलम, शहनवाज, मोइज आलम, डा. शफी अहमद, मकतुर रेजा, संतोष कुमार साह, सुभाष झा आदि ने जिला प्रशासन से पीड़ित परिवारों को उचित मुआवजा व प्रधानमंत्री आवास योजना देने की मांग की है।

# कायस्थ परिवार ने मनायी डा. सच्चिदानंद सिन्हा की पुण्यतिथि




नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बक्सर।** कायस्थ परिवार के संयोजक सुमन कुमार श्रीवास्तव के नेतृत्व में भारत के संविधान सभा के प्रथम अध्यक्ष डॉ सच्चिदानंद सिन्हा की 74वीं पुण्यतिथि मनायी गयी। पुण्यतिथि कार्यक्रम के दौरान संयोजक सुमन श्रीवास्तव ने अपने संबोधन मे कहा कि डॉ. सच्चिदानंद सिन्हा एक प्रसिद्ध सांसद, शिक्षाविद व अधिवक्ता थे। वह नवजागरण अखबार के संपादक भी थे। वह बिहार में पत्रकारिता करने के साथ-साथ सामाजिक चेतना और सांस्कृतिक विकास के अग्रदूत भी थे। उनका जन्म पूर्व के शाहाबाद अद्यतन बक्सर जिले के मुरार गांव में हुआ था और उनकी मृत्यु 6 मार्च 1950 में पटना में हुई। पुण्यतिथि कार्यक्रम में मुख्य रूप से कायस्थ परिवार के सदस्य सत्यम श्रीवास्तव, वैदेही श्रीवास्तव, रजनीश श्रीवास्तव, सौरभ श्रीवास्तव, अधिवक्ता अनिल कुमार श्रीवास्तव, तपेश्वर नाथ चौबे, राजीव कुमार भगत सुशील कुमार पाठक, सेवा निवृत शिक्षक रमाशंकर तिवारी,अजय कुमार तिवारी, बसंत कुमार चौबे, सुरेंद्र श्रीवास्तव, सतीश श्रीवास्तव, जय प्रकाश सिन्हा, आकाश श्रीवास्तव, प्रकाश सिन्हा अमन सिंह, राकेश यादव एवं अन्य सदस्य भी उपस्थित रहे।

## एक नजर

### धूमधाम से निकाली गई भगवान भोलेनाथ की बाराती

**बड़हरा (भोजपुर)।** प्रखंड अंतर्गत कृष्णागढ़ थाना क्षेत्र के सरैया बाजार स्थित शिवाला में वाराणसी के प्रकांड विद्वान एवं आचार्य अमरीश पंडित के सानिध्य में शिव परिवार प्राण प्रतिष्ठा के पावन अवसर पर भगवान भोलेनाथ की बाराती बड़े ही धूमधाम के साथ निकली। बाराती में हजारों की संख्या में पुरुष एवं महिला श्रद्धालु भक्तगण सम्मिलित हुए सभी लोग बैंड बाजा ढोल ताशा के साथ नाचते गाते भगवान भोलेनाथ की बाराती में सम्मिलित हुए। भगवान भोलेनाथ की बाराती बाजार स्थित शिवाला से होकर पूरी सरैया गांव के स्थित देवी देवताओं के मंदिरों से होते हुए नगर भ्रमण किया। भगवान शिव की बारात में भगवान विष्णु, ब्रह्मा एवं अन्य देवी देवताओं की झांकियां निकाली गई। इन झांकियां में भगवान भोलेनाथ के गण,भूत,बेताल आदि की झांकियां काफी आकर्षक रही ।भगवान भोलेनाथ की बाराती का आकर्षण इतना मनमोहक था कि लोग अपने घर के छत एवं घरों की अटारीयो से नाचते गाते हुए बरतिया को देखकर भाव विभोर हो गए। इस अवसर पर समस्त ग्रामवासी बड़े ही श्रद्धा उल्लास एवं उत्साह के साथ इस बाराती में सम्मिलित हुए। साथ ही हाथी, घोड़ा, ऊंट, बैंड बाजा एवं रथ के साथ शिव बारात शोभायात्रा काफी आकर्षक रहा।

### नारी शक्ति वंदन कार्यक्रम का आयोजन

**जगदीशपुर (भोजपुर)।** प्रखंड के आदर्श ग्राम पंचायत दावां के पंचायत सरकार भवन के सभागार में बुधवार को नारी शक्ति वंदन कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसका नेतृत्व प्रदेश प्रवक्ता सह मुखिया सुषुम्लता कुशवाहा ने किया। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री का रिकॉर्ड वर्चुअल संवाद को महिलाओं ने सुना और देखकर खुश नजर आई। इस दौरान भाजपा नेताओं ने पीएम मोदी के कार्यकाल में हुई महिलाओं की स्थिति और उनके बढ़े सम्मान के बारे में बताया। वहीं महिलाओं के लिए केंद्र द्वारा गैस-कनेक्शन योजना, नल जल योजना सहित कई अन्य योजना की महिलाओं को जानकारी दी गई। कार्यक्रम में महिलाओं ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। कार्यक्रम में बोलते हुए सुषुम्लता कुशवाहा ने कहा कि भारत की महिला पूरे देश को दिशा दे रही है।देश में प्रथम व्यक्ति के रूप में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू समस्त महिला शक्ति का गौरव बढ़ा रही हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश की नारी शक्ति दुनिया में परचम लहरा रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार में देश की महिला आर्थिक सामाजिक रूप से सशक्त हुई है। आगे कहा कि देश की महिलाएं पुरुषों से कदमताल करते हुए जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में अपनी ताल ठोक रही हैं। रक्षा, शिक्षा, चिकित्सा, खेल और विज्ञान आदि क्षेत्रों में महिला शक्ति अपने नेतृत्व का लोहा मनवा रही हैं। इस मौके पर जगदीशपुर विधानसभा के प्रभारी उदय प्रताप सिंह, राजू खरवार, मंडल अध्यक्ष विवेक कुशवाहा,मीडिया प्रभारी शंकर दयाल कुशवाहा, ओबीसी मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष रवि गुप्ता, नरेंद्र जी, शमीमा खातून, मनजी चौधरी, अनीता कुमारी, नागेंद्र कुशवाहा सहित अन्य मौजूद रहे।

### डोर टू डोर कैम्पेन के जरिये मतदाताओं को किया गया जागरूक

**आरा (भोजपुर)।** जिला स्वीप प्रबंधन कोषांग के तहत डोर - टु - डोर कैम्पेन के माध्यम से बुधवार को सभी प्रखंड स्तरीय विभागीय संवाद द्वारा मतदाताओं का मतदान करने हेतु जागरूक किया गया। राज कुमार जिलाधिकारी निर्वाचन पदाधिकारी -सह -जिला पदाधिकारी भोजपुर के निदेशानुसार भोजपुर जिला के विभिन्न प्रखंड़ो में स्वीप प्लान के आलोक में स्वीप गतिविधियाँ संचालित की जा रही है। आम चुनाव 2024 के सफल संचालन के क्रम में जिला स्वीप प्रबंधन कोषांग की दैनिक गतिविधियों के तहत बिहिया, उदवंतनगर एवं चरपोखरी के विद्यालयों में छात्र-छात्राओं, शिक्षकों, ग्रामीण जनता एवं जीविका दीदीयों द्वारा मतदाताओं को मतदान करने हेतु जागरूकता फैलाने की दिशा में संवाद एवं शपथ का आयोजन किया गया।

### चलंत पशु चिकित्सा शिविर का आयोजन

**अररिया।** मशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग(बिहार) द्वारा चलंत पशु चिकित्सा शिविर के तत्वावधान में क्षेत्रीय निदेशक पशुपालन पूर्णिया प्रमंडल के सौजन्य से बुधवार को अररिया सदर प्रखंड के सहासमल व किस्मत खवासपुर पंचायत में चलंत पशु स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान लगभग दो सौ पशुओं का मुफ्त इलाज, दवाई, चिकित्सीय सलाह डॉ. हिमांशु कुमार हिमकर के द्वारा दिया गया। डॉ हिमांशु ने बताया कि पशुधन की सुरक्षा तथा पशुपालक को इलाज मद्य में फुजूलखर्ची व समय पूर्व विभिन्न बीमारियों के कारण मवेशियों की हो रही मौत पर रोकथाम के लिए सरकार चलंत पशु चिकित्सा शिविर का व्यवस्था किया है। पशु पालकों द्वारा सूचना मिलते हीं तत्काल टीम पहुंचकर मवेशियों की इलाज एवं मार्गदर्शन करेंगे। इसकी शुरुआत सहासमल पंचायत के पटेगना व किस्मत खवासपुर पंचायत के तेगछिया गांव से की गई। चलंत अस्पताल के पहले दिन से हीं पशुपालकों को लाभ मिलना शुरू हो गया है। पशुपालकों ने बताया कि इससे कीमती दुधारू पशु व बकरी पालन आदि में सहूलियत होगी तथा पशुपालन को बढ़ावा मिलेगा। मौके पर पशु मित्र रूपेश निराला, पशुपालक जगन्नाथ झा, महेश झा, रोहित झा, वीरेंद्र ठाकुर, नागेंद्र झा, रासमोहन झा सहित बड़ी संख्या में पशुपालक मौजूद थे।

## परसा में कचरा प्रबंधन केंद्र का उद्घाटन

**शिवाजीनगर।** प्रखंड अंतर्गत परसा पंचायत में डब्लुपीयु यूनिट का बुधवार को उद्घाटन बीडीओ आलोक कुमार सिंह, प्रखंड प्रमुख डॉक्टर गोविंद कुमार, प्रखंड समन्वयक हरिनाथ सिंह, मुखिया राज कुमारी देवी, नटवर राय, समाजसेवी नीतीश कुमार उर्फ युवराज, रिंकू देवी , वार रूम कमी रमाकांत राय ने फीता काट कर किया। जानकारी के अनुसार ठोस तरल कचरा प्रबंधन को लेकर डब्लूपीएलयू भवन निर्माण कार्य कराई गई थी। इससे लोहिया स्वच्छ अभियान के तहत पंचायत के विभिन्न वार्डों के लाभुको के बीच कचरा उठाव कार्य प्रारंभ हो गया है। वहीं लोगों के बीच साफ सफाई की ख्याल में रखते हुए नियुक्ति कर्मी ठेला गाड़ी द्वारा डोर टू डोर कचरा उठाव कार्य किया जाएगा। मुखिया राजकुमार देवी ने लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक होकर दूसरों को भी जागरूक करने की अपील की।

# एफसीआई के अधिकारियों ने गेहूं अधिप्राप्ति केन्द्र का लिया जायजा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**बक्सर।** बुधवार को भारतीय खाद्य निगम के वरीय अधिकारी ए एस अरुणाचलम, कार्यकारी निदेशक, भारतीय खाद्य निगम, आंचलिक कार्यालय, कोलकाता की अध्यक्षता में रबी विपणन वर्ष 2024-25 के तहत कैमूर जिला अंतर्गत बारे ब्लाक में भारतीय खाद्य निगम मंडल कार्यालय बक्सर द्वारा खोले गए गेहूँ अधिप्राप्तिकेंद्र का निरीक्षण एवं किसान भाइयों के साथ संगोष्ठी की गई, जिसमे गेहूं क्रय में किसानो की समस्याओं एवं शंकाओं का निवारण उचित जानकारी दे कर किया गया। उक्त अवसर पर भारतीय खाद्य निगम के अन्य वरिष्ठ अधिकारी, एच के जैन, महाप्रबंधक, आंचलिक कार्यालय कोलकाता, अमित भूषण, महाप्रबंधक (क्षेत्र), भारतीय खाद्य निगम, क्षेत्रीय कार्यालय, पटना (बिहार), विनय कुमार, उपमहाप्रबंधक (सामान्य), डा. सतीश कुमार, सहायक महाप्रबंधक (गुण - नियंत्रण), भारतीय खाद्य निगम क्षेत्रीय कार्यालय, पटना (बिहार), राजेश सिंह पांगती, मंडल प्रबंधक, भारतीय खाद्य निगम, मंडल कार्यालय, बक्सर एवं उदय सिंह मीणा, सहायक महाप्रबंधक (गुण- नियंत्रण), मंडल कार्यालय बक्सरभी उपस्थित थे। इस संगोष्ठी में भारतीय खाद्य निगम के वरीय अधिकारियों द्वारा आगामी रबी विपणन वर्ष 2024-25 में गेहूँ खरीद हेतु विस्तृत जानकारी दी गई, जिसके तहत ये जानकारी दी गई कि भारत सरकार के निर्देशानुसार भारतीय खाद्य निगम आगामी रबी विपणन वर्ष 2024-25 में गेहूँ खरीद हेतु बिहार के सभी 38 राजस्व जिलों में लगभग 150 खरीद केंद्र खोल रही है तथा गेहूँ खरीद का कार्य 15 मार्च 2024 से 15 जून 2024 तक जारी रहेगा। साथ ही यह भी बताया गया कि भारतीय खाद्य निगम मंडल कार्यालय बक्सर के अंतर्गत आने वाले राजस्व जिला कैमूर में 07, रोहतास में 07 एवं बक्सर में 05 गेहूं क्रय केंद्र खोले गए हैं ग्बी विपणन वर्ष 2024-25 में गेहूँ का समर्थन मूल्य 2275 रुपये प्रति क्विंटल निर्धारित किया गया है जो कि पिछले वर्ष की तुलना में 150 रूपये अधिक है ।किसानों को समर्थन मूल्य का भुगतान उनके बैंक खाते में 48 घंटे के अन्दर कर दिया जायेगा। निगम के अधिकारियों ने बताया की किसानों में जागरूकता पैदा करने के लिए विभिन्न स्तर पर निरंतर किसान सभाओं का आयोजन किया जा रहा है, मुनादी करवाई जा रही है तथा घर घर तक जागरूकता अभियान चलाये जा रहे हैं। इस क्रम में विभिन्न समाचार पत्रों, रेडियो, टेलीविजन तथा सोशल मिडिया (क्षेत्रीय कार्यालय के आधिकारिक सोशल मीडिया अकाउंट्स के साथ बिहार क्षेत्र के अधीन सभी 12 मंडल कार्यालयों के ट्वीटर हेण्डल और फ़ेसबुक व इंस्टाग्राम अकाउंट) के माध्यम से जागरूकता फैलाई जा रही है ।

कार्यकारी निदेशक द्वारा कहा गया की अगर किसान भाइयों को पंजीकरण में किसी प्रकार की परेशानी आती है तो वे बिहार राज्य खाद्य विभाग की हेल्पलाइन 18003456194 अथवा सहकारिता विभाग की हेल्पलाइन 18001800110 पर निःशुल्क संपर्क कर सकते हैं। पंजीकरण की प्रक्रिया बिलकुल सरल बनाई गई है, गेहूँ की खरीद एवं समर्थन मूल्य का भुगतान बिना किसी कटौती के सीधे किसानों के बैंक खाते में ऑनलाइन माध्यम 48 घंटे की अवधि में की जाएगी ।

# छात्रों ने विभिन्न मॉडलों का प्रदर्शन कर अपनी प्रतिभा का मनवाया लोहा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो




**बक्सर।** हेरिटेज स्कूल, अर्जुनपुर में बच्चों में वैज्ञानिक एवं सामाजिक सोच विकसित करने के उद्देश्य से विज्ञान सह सामाजिक विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इस प्रदर्शनी में कक्षा पाँच से नौवीं और ग्यारहवीं के विद्यार्थियों ने विज्ञान के विभिन्न मॉडलों का प्रदर्शन करते हुए अपनी प्रतिभा को साबित किया। स्कूल की प्रधानाचार्या डॉ0 सुषमा कुमारी ने बताया कि इस विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन हेरिटेज स्कूल में पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं में वैज्ञानिक सोच विकसित करने के लिए और उनका विज्ञान के प्रति आकर्षण बढ़ाने के लिए यह जरूरी है कि उनको वैज्ञानिक गतिविधियों में प्रतिभागी बनाया जाए। उन्होंने बताया कि इस प्रदर्शनी में कक्षा पाँच से नौवीं और ग्यारहवीं के छात्र-छात्राओं ने सौर और चंद्र ग्रहण, पवन मिल, दिन और रात, कृषि मॉडल, सौर परिवार, चंद्रयान-3, स्मार्ट शहर, दिन और रात, चंद्रमा की कलाएँ, फाउंटेन, एस्केलेटर, मानव हृदय आधुनिक शहर, सौर ऊर्जा सिंचाई प्रणाली, अपशिष्ट जल शोधन, कृषि मॉडल और शहर, विभिन्न प्रकार के वन, प्रदूषण के प्रकार, ऑटोमैटिक वाटर कूलर, पाचन तंत्र, अपशिष्ट जल प्रबंधन, पेरिस्कोप तथा तरह-तरह के प्रोजेक्ट बनाकर रचनात्मक मॉडल तैयार किए गए और उनके बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी। इस अवसर पर विद्यालय के निदेशक डॉ0 प्रदीप पाठक ने आगंतुक अतिथियों एवं अभिभावकों का स्वागत करते हुए बच्चों के अथक प्रयास को सराहा और विज्ञान के प्रति उनकी बढ़ती सोच और उत्साह की प्रशंसा की। प्रदर्शनी का उद्घाटन जिला कार्यक्रम पदाधिकारी चन्दन कुमार द्विवेदी और विद्यालय के प्रेसिडेंट प्रेम कुमार पाठक ने सम्मिलित रूप से किया। विद्यालय के निदेशक ने मुख्य अतिथि चन्दन कुमार द्विवेदी का स्वागत करते हुए शॉल, पौधा एवम स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। गणमान्य अतिथियों में बक्सर के सुप्रसिद्ध शिक्षाविद डॉ0 श्रीनिवास चतुर्वेदी, डॉक्टर जय प्रकाश मिश्र, डॉक्टर प्रियरंजन चौबे एवं जितेन्द्र मिश्रा, एवम अभिभावक गण उपस्थित रहे। जिन छात्रों ने प्रदर्शनी में मॉडल बनाये उनमें कक्षा 9 से हर्षित, पीयूष, निशांत, रजत ओझा - परमाणु ऊर्जा प्लांट, तनु, साक्षी, आकृति, अंजलि - डीएनए मॉडल, वैष्णवी, प्रज्ञा, यवी, श्रेया - नेत्र मॉडल, मुस्कान, प्रिया, समृद्धि - हृदय कार्यशील मॉडल, अदिति, स्नेहा, सृष्टि, आयुषी - मानव श्वसन प्रणाली, आयुष, विपुल, गयन्शु - आदित्य एल-1, यशराज, प्रकाश, सक्षम, भीम - अलार्म लेजर सुरक्षा, अतुल अनुराग, शिवम शुक्ला, प्रिंस सिंह, अनुराग सिंह - वायरलेस पावर ट्रांसफर सिस्टम, काजल, अनुष्का, सैमी - न्यूरॉन, सुशील, अनुराज, आदित्य राय - गुर्दा कार्य, आदित्य तिवारी, सुधांशु पांडे - सौर कुकर, वैष्णवी भारद्वाज - इलेक्ट्रिक क्रेन, अंशिक सिंह, निखिल कुमार - पेरिस्कोप, कक्षा 8 से शिवानी, पायल, अमृता, अनामिका - लेज़र गृह सुरक्षा, नव्या, आकृति, अंकिता, सिया केशरी - अम्ल वर्षा, आशीष, नमन, दिलशान, रोहित - ऊर्जा कुशल स्मार्ट सिटी, अनुराग कुमार सिंह, अंबरीश आनंद, आदित्य केशरी - पवन चक्की, कक्षा 7 से श्रेष्ठ, हर्षित, नैतिक, सत्यम - प्रदूषण के विभिन्न प्रकार, एम हयात खान - शीतक, दिव्या, हर्षिता - ग्राम क्षेत्र, जानवी, काजल, साक्षी - पाचन तंत्र, अंशिका, सगुन, अनन्या - अपशिष्ट जल प्रबंधन, कक्षा 6 से ख़ुशी, श्रेयशी, पूजा, सुरभि - आधुनिक शहर, सरिता, आराध्या, श्रेया, जानवी - सौर ऊर्जा सिंचाई प्रणाली, अर्चित पाठक, सूरज, दक्ष पाठक, अब्दुल, सब्दिक खान - अपशिष्ट जल शोधन, दीपांशु, आशीष, अंश - कृषि मॉडल बनाया।

कार्यक्रम को सफल बनाने में स्कूल के शिक्षक एवं शिक्षिकाओं का योगदान रहा जिनमें रवि किशन सिंह, मनीष कुमार पांडेय, राजा बाबू, सुरेंद्र नारायण पांडेय, चंदा चार्या शर्मा, मीनू कुमारी, अलका कुमारी, पूनम कुमारी, शशि पांडे, सुरभि कुमारी, ओमप्रकाश, रजनी कांत उपाध्याय, संदीप कुमार, गणेश दत्त तिवारी, सतीश कुमार, विवेक चौधरी और अन्य शिक्षक उल्लेखनीय है। कार्यक्रम के उद्घोषणा और अतिथि सत्कार की जिम्मेदारी विद्यालय के उपप्राचार्य एवं वरिष्ठ शिक्षक पुष्पेंदु कुमार मिश्रा ने निभाई।

# डीएम ने सेक्टर पदाधिकारियों के साथ की बैठक

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बक्सर।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिला पदाधिकारी अंशुल अग्रवाल की अध्यक्षता में ब्रह्मपुर विधान सभा क्षेत्र के सेक्टर पदाधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की गई।

मतदान के पूर्व मूल दायित्व के रूप में प्रतिनियुक्त सेक्टर पदाधिकारियों को उनसे सम्बद्ध मतदान केन्द्र के पहुंच पथ तथा अन्य मुख्य पथ की सुगमता की जांच करने का निर्देश दिया गया कि मतदान केन्द्र तक जाने के लिए सुगम पथ उपलब्ध है एवं दो दिनों के अंदर पहुंच पथ की सुगमता के संबंध में प्रतिवेदन समर्पित करना सुनिश्चित करेंगे।

प्रभार के मतदान केन्द्र में पेयजल, शेड, रैम्प, शौचालय एवं टेलीफोन, विद्युत आदि सहित मतदान केन्द्र के भवन की भौतिक स्थिति से अवगत होते हुए आवश्यकतानुसार इसमें सुधार से संबंधित प्रतिवेदन विहित प्रपत्र में उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगे। साथ ही मतदान केन्द्र के 200 मीटर के परिधि में किसी राजनैतिक दल का कार्यालय अवस्थित नहीं है। प्रभार के मतदान केन्द्रों के मतदाताओं व आमजनों को ई0वी0एम0 व वी0वी0पैट का प्रदर्शन व प्रशिक्षण कराना सुनिश्चित करेंगे। मतदान केन्द्रों के परिभ्रमण के दरम्यान आच्छादित क्षेत्र के मतदाताओं को निर्वाचक फोटो पहचान पत्र की उपलब्धता तथा निर्वाचक सूची से संबंधित अन्य जानकारी उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगे। सभी बी0एल0ओ0 मतदाताओं को मतदान के लिए जागरूक करना एवं मतदान की महत्व की जानकारी प्रदान करने का निर्देश दिया गया। भेद्य गाँव व टोलों की पहचान कर प्रतिवेदन समर्पित करने का निर्देश दिया गया। सेक्टर दण्डाधिकारी यह सुनिश्चित करेंगे कि मतदान की पूर्व संध्या पर मतदान दल मतदान सामग्रियों के साथ अपने मतदान केन्द्रों पर पहुँच गये है। ई0वी0एम0 एवं वी0वी0पैट के संचालन में मतदान कर्मियों के बीच उत्पन्न समस्याओं को समाधान करने का भी निर्देश दिया गया।

## फ्लैग मार्च निकाल शांति व्यवस्था बनाने का निर्देश

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**केसठ (बक्सर)।** नावानगर थानाध्यक्ष डॉ नंदू कुमार के द्वारा क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने हेतु रोजाना कही ना कही सर्च अभियान चलाया जा रहा है।

इसी कड़ी में बुधवार को शांतिपूर्ण व भयमुक्त माहौल में लोक सभा चुनाव कराने की प्रतिबद्धता को लेकर नावानगर पुलिस द्वारा स्थानीय नया बाजार में फ्लैग मार्च निकाला गया।

थानाध्यक्ष नंदू की नेतृत्व में आरपीएसएफ के जवानों की टुकड़ी के साथ केसठ नया बाजार होते हुए पुराना बाजार सहित अन्य क्षेत्रों में मार्च कर लोगों को भय मुक्त हो कर मतदान करने का संदेश दिया। इस दौरान पुलिस के जवानों ने वोटरों से निर्भीक होकर गणतंत्र के इस पर्व में मतदान के जरिए अपनी हिस्सेदारी सुनिश्चित करने का अपील की। थानाध्यक्ष ने कहा की लोगो को भयभीत होकर मतदान नही करना है ये लोगो का अपना अधिकार है। मार्च में पुलिस जवानों के साथ साथ मनोज चौकीदार, रामजी चौकीदार, रवि चौकीदार शामिल थे।

# हेमदापुर में स्वामी सहजानंद सरस्वती की आदमकद प्रतिमा का होगा अनावरण : डा. मनोज

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बक्सर।** जिला कंग्रेस कमिटी के अध्यक्ष डॉ मनोज पांडेय की अध्यक्षता में कंग्रेस कार्यालय मे सदर विधायक संजय कुमार तिवारी उर्फ मुन्ना तिवारी की उपस्थिति में एक प्रेस वार्ता आयोजित की गई।

प्रेस वार्ता के दौरान जिलाध्यक्ष डॉ मनोज पांडे ने कहा कि बिहार प्रदेश कंग्रेस कमेटी राज्यसभा सांसद डॉ अखिलेश प्रसाद सिंह का 8 मार्च 2024 को हेमदापुर चक्की में कई गणमान्य विधायकों विधान परिषद सदस्यों व वरिष्ठ कंग्रेस नेताओं का आगमन होने जा रहा है। जिला कंग्रेस के वरिष्ठ नेता, प्रखंड कंग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सहित कई बुद्धिजीवी संगठन जोरदार तरीके से अध्यक्ष का स्वागत व अभिनंदन करने की पुरजोर तैयारी कर रहे हैं।

प्रेस वार्ता में बताया गया कि महान किसान नेता एवं स्वतंत्रता सेनानी श्री सहजानंद सरस्वती की 135वी जयंती के शुभ अवसर पर चक्की प्रखंड स्थित हेमदापुर गांव में स्वामी सहजानंद सरस्वती के आदमकद प्रतिमा का अनावरण बिहार प्रदेश कंग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राज्यसभा सांसद डॉ अखिलेश प्रसाद सिंह के द्वारा किया जायेगा। सदर विधायक संजय कुमार तिवारी उर्फ मुना तिवारी, राजपुर विधायक विश्वनाथ राम, विधायक संतोष मिश्रा, विधान परिषद सदस्य समीर कुमार सिंह, विधान परिषद सदस्य राजीव कुमार, पूर्व एमएलसी डॉ अजय कुमार सिंह सहित प्रदेश के कई गणमान्य जनों की गरिमामयी उपस्थिति मे उक्त भव्य समारोह आयोजित किया जाएगा।

श्रीकृष्ण सिंह जयंती के अवसर पर राहुल अखिलेश संदेश न्याय रथ विगत 26 अक्टूबर 2023 से सदाकत आश्रम पटना से बिहार कंग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष के द्वारा हरी झंडी दिखाकर निकाला गया था, जो बिहार राज्य के 38 जिलों का भ्रमण करते हुए बुधवार को बक्सर जिला कंग्रेस कार्यालय पहुंचा। इसका समापन भी 8 मार्च को रथ के संयोजक डॉ शशी भूषण पांडे के ग्राम हेमदापुर में आयोजित सभा स्थल पर किया जाएगा। प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए सदर विधायक संजय कुमार तिवारी उर्फ मुन्ना तिवारी ने कहा कि सहजानंद सरस्वती की मूर्ति अनावरण हर्षोल्लास के साथ की जायेगी। सदर विधायक ने आगे बताया कि आने वाले लोकसभा में बक्सर से गरीबों की आवाज कंग्रेस बनेगी। प्रेस वार्ता में प्रदेश प्रतिनिधि विनय कुमार सिंह, त्रिजोगी नारायण मिश्रा, वार्ड पार्षद कंग्रेस नेता संतोष उपाध्याय, महिला कंग्रेस नेत्री कुमकुम देवी, संजय दुबे, भोला ओझा, निर्मला देवी, मुन्ना जी, अभय मिश्रा, राम जी तुरहा, सुरेंद्र प्रसाद, रवि पांडे, अलाउद्दीन, बक्सर प्रखंड अध्यक्ष नीलू मिश्रा, अजय यादव, सुनील कुमार, मंगरी देवी, राजू वर्मा, भरत यादव और जयराम राम प्रमुख रहे।

## अमित कुमार होंगे नगरपरिषद के नये कार्यपालक पदाधिकारी

**बक्सर।** गृह विभाग के द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार राज्य सरकार के उप सचिव धर्मेंद्र कुमार के द्वारा राज्यभर मे 67 नप कार्यपालक पदाधिकारियों का तबादला किया गया है, जिसमे बक्सर की चर्चित ईओ प्रेम स्वरूप का स्थानांतरण हो गया है। जगह रोहतास जिलान्तर्गत नोखा नगर परिषद में तैनात अमित कुमार को अब बक्सर नप का ईओ बनाया गया है। वहीं प्रेम स्वरूपम को जहानाबाद के काको नगर पंचायत में ईओ पद पर स्थानांतरित किया गया है।

# डीएम ने बिहार लघु उद्यमी योजना की प्रथम किस्त की राशि का किया वितरण

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**मोतिहारी।** मुख्यमंत्री बिहार के द्वारा बिहार लघु उद्यमी योजना के अंतिम रूप से चयनित लाभुकों को उनके परियोजना राशि का प्रथम किस्त के रूप में 50000/- रूपये का चेक देकर पटना से इस कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस कार्यक्रम के तहत प्रत्येक जिला पदाधिकारी के द्वारा जिले में 5 लाभुकों को चेक वितरण का कार्य किया गया। पटना में आयोजित कार्यक्रम का वेबकास्टिंग के माध्यम से सीधा प्रसारण किया गया जिसके लिए समाहरणालय, मोतिहारी स्थित एनआईसी कक्ष व्यवस्था करायी गयी थी जहाँ जिलाधिकारी सौरभ जोरवाल के द्वारा जिले के लाभुको को बिहार लघु उद्यमी योजना के प्रथम किस्त के रूप में 50000/- रूपये का चेक वितरण किया गया। लाभुकों का विवरण इस प्रकार है:-1. खुशबू कुमारी - आई०टी० विजनेस




2. संगीता देवी- रेडिमेड वस्त्र निर्माण 3.आशीष कुमार - मोमबती उत्पादन 4. नीतिश कुमार - डिटर्जेन्ट पाउडर उत्पादन 5. अभिमन्यु कुमार - गेट ग्रील निर्माण इस अवसर पर महाप्रबंधक जिला उद्योग केन्द्र मोतिहारी तथा उद्योग विस्तार पदाधिकारी उपस्थित रहे । जाति आधारित गणना में परिवार की मासिक आय के आधार पर सभी वर्गों में आर्थिक रूप से गरीब परिवारों के उत्थान के लिए बिहार लघु उद्यमी योजना उद्योग विभाग बिहार सरकार द्वारा प्रारंभ की गई है। इसके लिए अहर्ता के रूप में बिहार का स्थायी निवास प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र, आय प्रमाण पत्र ( आय रू0 6000/- रूपये मासिक से कम हो), आयु सीमा 18 से 50 वर्ष, एक परिवार के लिए एक सदस्य, बिहार का आधार कार्ड (मोबाईल संख्या लिंक) रखी गई है।

इस योजना के अन्तर्गत 61 प्रकार के परियोजना की सूची www udhyogbihar.gov.in पर दी गई है। इसी वेबसाईट पर समय समय पर रजिस्ट्रेशन कर आवेदन किया जा सकता है। इस योजना के तहत् खाद्य प्रसंस्करण, लकड़ी फर्निचर उद्योग, निर्माण उद्योग, दैनिक उपभोगता सामग्री, ग्रामीण इंजिनियरिंग, इलेक्ट्रॉनिक एवं इलेक्ट्रॉनिक्स सेवा, विविध उत्पाद, टेक्सटाईल एवं होजरी उत्पादन , हस्तशिलप,चमड़ा एवं सम्बंधित उत्पाद शामिल है।

## एमएमडीएम प्रभारी से मांगा खरीदारी विवरण

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**घोड़ासहन (पूर्वी चम्पारण)।** स्थानीय मनोकामना स्टोर संचालक चंद्रशेखर जायसवाल ने आरटीआई के तहत घोड़ासहन प्रखंड एमडीएम प्रभारी से एनपीएस बसंतपुर विधालय के लिए सामान खरीदारी विवरणी की मांग किया है।

मांग पत्र मे दूकान का नाम, विलिग तिथि , बिल नम्बर तथा संबधित दूकान का जीएसटी नम्बर जहां से समान की खरीदारी की गयी है आदि शामिल है। बिल का भुगतान किया भी गया है या नही इसकी भी विवरणी मांगी गयी है।

# सांसद आवास पर पहुंचीं केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**अमनौर/सारण।** छपरा में आयोजित क्रेडिट आउटरीच कार्यक्रम को लेकर बिहार दौरे पर पहुंची केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण का स्थानीय सांसद ने अमनौर स्थित आवासीय परिसर में भव्य स्वागत किया। वहीं भाजपा कार्यकर्ताओं ने भी गाजेबाजे के साथ अमनौर में जोरदार स्वागत किया। सांसद राजीव प्रताप रुडी के आवास पर लगभग घंटा भर ठहराव रहा इस दौरान सांसद ने केंद्रीय वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण का भरपूर अतिथि सत्कार किया। वहीं सांसद राजीव प्रताप रुडी तथा वित्त मंत्री के साथ घंटों राजनीतिक मंथन के बाद छपरा कार्यक्रम में जाने के लिए आवास से बाहर निकली तो पत्रकारों के सवालों को टाल दिया और कहा कि जो भी योजना और संदेश कार्यक्रम के मंच से दी जायेगी। इस दौरान केन्द्रीय



मंत्री का एएनएम ट्रेनिंग स्कुल के प्राचार्या साल्वी के नेतृत्व में स्कुल की दर्जनों छात्राओं ने पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। दूसरी तरफ केन्द्रीय मंत्री के आगमन को लेकर प्रसाशन के अधिकारी से लेकर पुलिसकर्मी हलकान रहे। इस दौरान सांसद राजीव प्रताप रुडी, विधायक मंटु सिंह, पूर्व जिला परिषद अध्यक्षा मीणा अरुण, मढौरा नगर पंचायत के डिप्टी चेयरमैन धीरज कुमार, पूर्व मुखिया अरुण सिंह आदि लोग शामिल रहे।

# महेंद्रनाथ हाल्ट पर यात्री सुविधा व पैदल ऊपरिगामी पुल का सांसद ने किया उद्घाटन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**एकमा (सारण)।** यात्रियों की सुविधा विस्तार के क्रम में पूर्वोत्तर रेलवे के वाराणसी रेल मंडल के छपरा-सिवान रेल खंड पर स्थित महेन्द्रनाथ हाल्ट रेलवे स्टेशन पर बुधवार को एक उद्घाटन समारोह व आम सभा आयोजित हुई। समारोह में महाराजगंज सांसद जनार्दन सिंह सिग्रीवाल के द्वारा एकमा व चैनवां रेलवे स्टेशनों के मध्य पड़ने वाले महेन्द्रनाथ हाल्ट रेलवे स्टेशन पर नवनिर्मित पैदल उपरिगामी पुल (एफओबी) का वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच पूजा-अर्चना के बाद फीता काटकर कर एवं हाल्ट स्टेशन पर यात्री सुविधाओं के प्रावधान कार्यों का फलक अनावरण कर उद्घाटन किया। मंच का संचालन भाजपा नेता अविनाश चन्द्र उपाध्याय ने किया।

इस अवसर पर मुख्य परियोजना प्रबंधक वाराणसी कौशलेश सिंह, सहायक वाणिज्य प्रबंधक पुष्कर सिंह रावत, सहायक मंडल इंजीनियर सीवान राजेश कुमार मिश्रा, डीसीआई विशाल सिंह, भाजपा



नेता सुदामा तिवारी, जिला उपाध्यक्ष चैतेंद्रनाथ सिंह, वीरेंद्र पांडेय, मुकेश कुमार सिंह, प्रमोद सिग्रीवाल, भाजपा युवा मोर्चा नेता गौरव किशन, भाजपा एकमा पश्चिमी मंडल अध्यक्ष सूर्य नंदन शाही, मांझी पश्चिमी मंडल अध्यक्ष विभूति नारायण तिवारी, एकमा नगर अध्यक्ष प्रदीप कुमार पप्पू, बंटी ओझा, कृष्णा पांडेय, डॉ अमित कुमार तिवारी आदि सैकड़ों लोग मौजूद थे। समारोह में रेलवे के परियोजना प्रबंधक कौशलेश सिंह ने संसद श्री सिग्रीवाल को अंगवस्त्र वह पुष्प गुच्छ प्रदान कर सम्मानित किया। किसके बाद रेलवे द्वारा कराया जा रहे हैं विकास कार्यों का विवरण प्रस्तुत किया। समारोह को संबोधित करते हुए सांसद श्री सिग्रीवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव के कार्य काल में भारतीय रेलवे विकास की बुलंदियों को छू रहा है। इसी का परिणाम है की महेन्द्रनाथ हाल्ट स्टेशन पर जहां चार साल पहले तक कुछ नहीं था। वहां धीरे-धीरे कई सुविधाओं का विकास हुआ है। इसी क्रम में महेन्द्रनाथ हाल्ट स्टेशन पर क्षेत्रीय नागरिकों की सुविधा व सुरक्षा के लिए नये पैदल उपरिगामी पुल का निर्माण किया गया है। अब यहां से यात्रा करने वाले यात्रियों को प्लेटफार्म बदलने के लिए असुरक्षित ढ़ंग से लाइन नहीं पार करनी पड़ेगी। विकास कार्यों से महेन्द्रनाथ हाल्ट स्टेशन के आसपास की जनता को रेल यात्रा करने एवं रेल लिंक के माध्यम से प्रमुख स्टेशनों से रेल यात्रा करने में बहुत सुविधा होगी।

उन्होंने कहा कि महेन्द्रनाथ हाल्ट रेलवे स्टेशन पर नये एफओबी तथा नई यात्री सुविधाओं के मिल जाने से महेन्द्रनाथ हाल्ट समेत महेन्द्रनाथ मंदिर, रसूलपुर चट्टी, चड़वां, माधोपुर, मकुंपुर, ढोडाडीह आदि गांवों में रहने वाली लाखों जनता लाभान्वित होंगी।

सांसद ने कहा कि रेलवे स्टेशन पर नए टिकट घर के निर्माण एवं मूलभूत यात्री सुविधाओं के प्रावधान हो जाने से लाखों लोग लाभान्वित होंगे। स्टेशन पर एफओबी के निर्माण हो जाने से रेल यात्रियों को सुरक्षित व संरक्षित ढ़ंग से एक प्लेटफार्म से दूसरे प्लेफार्म तक आने-जाने में बहुत सुविधा होगी।


उन्होंने बताया कि सांसद जी के प्रयासों एवं क्षेत्रीय जनता की मांग पर रेलवे द्वारा आम जनता के लिए महेन्द्रनाथ हाल्ट रेलवे स्टेशन पर यात्रियों हेतु वर्तमान में मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं। इसके साथ ही महेन्द्रनाथ हाल्ट रेलवे स्टेशन पर नये पैदल उपरिगामी पुल के निर्माण के साथ यात्रियों की सुविधा हेतु हाई लेवल प्लेटफार्मों का निर्माण, प्लेटफार्मों पर लो कस्ट पीपी शेल्टर, यात्रियों के बैठने हेतु आरसीसी बेंचेस, यात्री हेतु शौचालय/मूत्रालय, स्टेशन की बाउंड्रीवाल, स्टेशन प्रवेश द्वार पर दिव्यांग रैम्प, नया टिकट बुकिंग काउन्टर, सेंटेक्स पानी की टंकी के साथ चार वाटर बूथ, प्लेटफार्म संख्या एक के चारों तरफ ग्रील से बाउंड्री का निर्माण कराया गया।

मैं महेन्द्रनाथ हाल्ट रेलवे स्टेशन पर नये पैदल उपरिगामी पुल व यात्री सुविधाओं के प्रावधान के उद्घाटन के अवसर पर आप सभी को बधाई देता हूं।

# हैदराबाद में 50वें डेयरी उद्योग सम्मेलन में कुलपति प्रो दिनेश चंद्र राय को किया गया सम्मानित

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मुजफ्फरपुर / हैदराबाद।** हैदराबाद में चल रहे 50वे डेयरी उद्योग सम्मेलन के समापन सत्र में बीआरए बिहार यूनिवर्सिटी के कुलपति प्रो दिनेश चंद्र राय को सम्मानित किया गया। डेयरी टेक्नोलॉजी और फूड साइंस में प्रो राय के योगदान पर इंडियन डेयरी एसोसिएशन के प्रेसिडेंट श्री आरएस सोढ़ी और डीडीयू बेटेनरी विश्वविद्यालय मथुरा के कुलपति डॉ एके श्रीवास्तव ने कुलपति प्रो राय को शॉल और प्रशस्ति पत्र और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। बीआरए बिहार विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो दिनेश चंद्र राय इंडियन डेयरी एसोसिएशन के हैदराबाद में चल रहे 50वे डेयरी उद्योग सम्मेलन के तकनीकी एक सत्र की अध्यक्षता की। कुलपति प्रो राय डेयरी सम्मेलन के 'डेयरी उत्पाद की पैकेजिंग में नवाचार' थीम पर आयोजित तकनीकी सत्र




की अध्यक्षता की। डेयरी उत्पाद की पैकेजिंग में नवाचार' थीम पर पर आधारित सत्र की अध्यक्षता करते हुए कुलपति प्रो दिनेश चंद्र राय ने कहा कि डेयरी उत्पादों को पैकेजिंग पर एक समर्पित तकनीकी सत्र का मुख्य उद्देश्य आधुनिक तकनीक और नवाचार पर चर्चा कर सभी प्रकार की डेयरी सामग्रियों की सुरक्षा तथा बाहरी प्रभावों से पैक के भीतर मौजूद डेयरी उत्पादों को रिसाव और क्षति से बचाने तथा अंतिम उपयोगकर्ता तक सुरक्षित भंडारण और अच्छी स्थिति में, बिना पोशाक तत्वों के ह्रास के उत्पाद की डिलीवरी सुनिश्चित करने में डेयरी उद्योग को तकनीकी सहयोग प्रदान करना है।

# गांव के विकास के लिए व्यापार का बढ़ना बहुत जरूरी : पूर्व मंत्री

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**आदापुर (पूर्वी चम्पारण)।** प्रखंड के ग्राम पंचायत राज भेरिहारी अंतर्गत टॉवर चॉक भवनरी में बुधवार को कौशल ड्रेसेज व साड़ी दुकान का उद्घाटन किया गया। दुकान का उद्घाटन पूर्व मंत्री श्याम बिहारी प्रसाद ने अपने शुभ हाथों से फीता काटकर किया। उद्घाटन के बाद पूर्व मंत्री श्याम बिहारी ने कहा कि बड़ी हर्ष व खुशी हो रहा है की टॉवर चॉक भवनरी में भी होल शेल कपड़ा साड़ी की दुकान खुला हुआ। क्योंकि शहर आदापुर में अब जाने की जरूरत लोगों को कदापि नहीं होगी। चुकी यह टॉवर चॉक शहर की तरह फैल रहा है साथ ही विकसित कर रहा हैं। पूर्व मंत्री ने यह भी कहा कि भवनरी के अगल बगल लगभग पचास गांव हैं। यहां के लोग चार किलोमीटर सफर करके कपड़ा खरीदने के लिए आदापुर जाते थे जो अब उन्हें नही जाना पड़ेगा। यहां होल शेल दामों में कोई भी ड्रेस व साड़ी आसानी से उचित दामों में ले सकते हैं। यहां अनेकों तरह की डिजाईन व फैशन ड्रेसेज प्राप्त कर सकते हैं। दुकान खुल जाने से ग्राहकों में काफी खुशी है। पूर्व मंत्री दुकान संचालक को व्यापार तरक्की के लिए शुभकामना दिया। साथ ही ग्राहकों के बीच मधुर संबंध बनाते हुऐ उनकी पसंद अनुरूप बेहतर सेवा देने का अपील किया। साथ ही कहा कि हर क्षेत्र व हर गांव की विकास के लिए व्यापार का बढ़ना बहुत जरुरी हैं। जब तक व्यापार नही बढ़ेगा तब तक किसी भी गांव व शहर का विकाश नही होगी और आगे नही बढ़ेगा। हमारी सरकार भी व्यापार बढ़ाने के लिए अनेकों योजनाएं चला रही हैं। मौके पर उपस्थित जिला सचिव जेडीयू सह नरकटिया विधान सभा प्रभारी रमेंद्र प्रसाद कुशवाहा, विकास मित्र सरिता कुमारी, व नारायण राम, डीलर मनोज राम, अनंत राम शिक्षक, रविंद्र राम वार्ड पार्षद, ग्रामीण अनिल राम, सुनिल राम, सावन कुमार, ब्रह्मा कुमार, उमा राम, रंजीत मंडल सहित हजारों लोग उपस्थित थे।

## एक ही विद्यालय में दो शिक्षकों को मिला प्रभार

**रामगढ़वा (पूर्वी चम्पारण) ।** प्रखंड के राजकीय मध्य विद्यालय परसौंना मदन के विद्यालय में दो शिक्षकों को प्रभारी प्रधानाध्यापक बना दिया गया है। एक शिक्षक को जिला शिक्षा पदाधिकारी के कार्यालय से प्रभारी प्रधानाध्यापक घोषित की गई है, तो दूसरे शिक्षक को निबर्तमान प्रधानाध्यापक के द्वारा प्रभार सौंप दी गई थी। ऐसे में स्कूल के शिक्षकों एवं बच्चों में भ्रम की स्थिति बनी हुई है कि वे किसे प्रभारी प्रधानाध्यापक के आदेशों का अनुपालन करे। जानकारी के अनुसार स्कूल के शिक्षक राणा प्रताप सिंह को कनीय होने के बाद भी स्कूल के प्रभारी प्रधानाध्यापक का प्रभार दिया गया था। वहीं हाल ही में वरीय शिक्षक सुधीर कुमार सिंह को वरीय होने के चलते प्रभारी प्रधानाध्यापक बनाने का पत्र जिला शिक्षा पदाधिकारी के कार्यालय से निर्गत हुई है। 28 फ़रवरी 24 कों जिला शिक्षा पदाधिकारी के पत्र 1477 के अनुसार सुधीर कुमार सिंह को प्रभारी प्रधानाध्यापक घोषित कर दिया गया है।

# जदयू के अतिपिछड़ा प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष बने जितेन्द्र

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मोतिहारी (पूर्वी चम्पारण)।** जनता दल यूनाइटेड अतिपिछड़ा प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. धर्मेन्द्र कुमार चन्द्रवंशी ने मोतिहारी के फुर्सतपुर गाव निवासी जदयू नेता जितेन्द्र चौधरी को पूर्वी चम्पारण जिला जदयू अतिपिछड़ा प्रकोष्ठ का अध्यक्ष नियुक्त किया है। श्री चौधरी के जिलाध्यक्ष बनने पर जिला जदयू के अध्यक्ष मंजू देवी ने कहा सहनी समाज से आने वाले चौधरी के जिलाध्यक्ष बनने से अतिपिछड़ा वर्ग में खुशी व्याप्त है, इनके जिलाध्यक्ष बनने से पार्टी का संगठन पुरे जिला में धारदार एवं मजबूत होगा, बधाई देने वालों में मुख्य रूप से जिला जदयू के अध्यक्ष मंजू देवी,विधायक शालिनी मिश्रा,विधानपार्षद डॉ खालिद अनवर, ई० राजीव सिंह, प्रो. विरेन्द्र नारायण यादव, पूर्व मंत्री श्याम बिहारी प्रसाद,विरेन्द्र सिंह कुशवाहा, पूर्व विधायक मोहम्मद ओबैदुल्लाह, रजिया खातून, मीना द्विवेदी, शिवजी राय, पूर्व विधानपार्षद सतीश कुमार, जदयू के वरिष्ठ नेता प्रो. दिनेश चंद्र प्रसाद,कपिल देव प्रसाद उर्फ भुवन पटेल, रतन सिंह पटेल, दीपक पटेल अधिवक्ता,राजकिशोर ठाकुर, जिला जदयू के प्रवक्ता जन्मेजय कुमार पटेल(सरपंच), संजीव श्रीवास्तव, जिला जदयू के कोषाध्यक्ष दिवाकर कौशिक, जदयू के वरिष्ठ नेता मिथिलेश सिंह, ब्रजेश श्रीवास्तव, अमरेन्द्र सिंह, देवेन्द्र सहनी, विनय कुमार सिंह, शर्मानंद सहनी, ब्यास प्रसाद सिंह, शकील अंसारी, सुनिल भूषण ठाकुर,सरदार मंजीत सिंह, कैप्टन अब्दुल हमीद, दिनेश पासवान, अमरनाथ प्रसाद अधिवक्ता, प्रकाश चौधरी अधिवक्ता, इशरत जहां, सगीर अहमद, गौरीशंकर कनौजिया ,जीतन पटेल, बृजमोहन गुप्ता, ई.राजीव कुमार सिंह, धीरज चन्द्रवंशी, नवलकिशोर प्रसाद, बैधनाथ भगत मालाकार, हीरालाल महतो, अजित सहनी, ब्रजकिशोर ठाकुर, अजय कुमार चौरसिया,सोनालाल सहनी, संतोष कुमार ठाकुर इत्यादि लोग शामिल हैं।

# शराब तस्कर को दस वर्षों का कठोर कारावास एवं एक लाख रुपये अर्थदण्ड की सजा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**दरभंगा।** जिला न्याय मंडल, दरभंगा के उत्पाद अधिनियम के प्रथम विशेष न्यायाधीश राम झा की अदालत ने एक शराब तस्कर को दस वर्षों का कठोर कारावास एवं एक लाख रुपये अर्थदण्ड की सजा सुनायी है।

विशेष लोक अभियोजक हरेराम साहू ने बताया कि 2937 लीटर विदेशी शराब के साथ पकड़ाये ट्रक चालक हरियाणा के गुरुगांव जिला के पटौदी थानान्तर्गत बब्बर साह गांव निवासी लक्ष्मीनारायण के पुत्र राकेश कुमार को बुधवार को दस साल की कारावास की सजा सुनाई गयी है। दस बर्षों का कठोर कारावास की सजा के अतिरिक्त एक लाख रुपये अर्थदण्ड की सजा भी सुनाई गई है। अर्थदंड नही जमा करने पर जूर्मी को 6 माह अतिरिक्त सजा भुगतने का प्रावधान किया है। सूबे बिहार में शराबबंदी के बाबजूद राकेश कुमार को 340 कार्टन में 2937 लीटर शराब लेकर कमतौल थाना क्षेत्र के बिनोद ईंट भट्ठा के निकट ट्रक सहित कमतौल थाना की पुलिस ने गिरफ्तार किया था। जिस संबंध में कमतौल थाना में कांड सं 216/23 दर्ज है।

## जीविका दीदियों के कार्यों का अवलोकन करने पहुंचा नव नियुक्त प्रशिक्षु अधिकारियों का जत्था

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**घोड़ासहन (पूर्वी चम्पारण)।** बीपीएससी द्वारा चयनित नव नियुक्त अधिकारियों के प्रशिक्षण, ग्राम आवासन एवं जीविका के कार्यों के अवलोकनार्थ 32 सदस्यीय ट्रेनी अधिकारियो की जत्था घोड़ासहन पहुची। यह जत्था आगामी 8 मार्च तक प्रखण्ड के ग्रामीण क्षेत्रों में रह कर जीविका के कार्यों व अन्य विविध गतिविधियों का अवलोकन करेगी। जानकारी जिविका बीपीएम अतुल्य मोहन झा ने दी व बताया कि जीविका घोड़ासहन प्रखण्ड टीम द्वारा सभी 32 सीएफसी प्रशिक्षु अधिकारियों को विभिन्न पंचायतों में जीविका दीदियों के आवास पर ठहराया गया जहां उनके द्वारा ग्रामीण स्तर पर जीविका के कार्यो एवं गतिविधियों का अवलोकन किया जा रहा है। बताया कि अधिकारियों द्वारा यह परखा जायेगा कि जीविका परियोजना के विभिन्न गतिविधियों द्वारा किस तरह सामुदायिक संगठनों के माध्यम से ग्रामीण महिलाओं को सामजिक औए आर्थिक रूप से ससक्त होने मे कामयाबी मिल रही है । अधिकारियों द्वैय जीविका समूह, ग्राम संगठन एवं संकुल संघ का भ्रमण करते जीविका स्तर के सभी कार्यों एवं दीदियों द्वारा किये जा रहे अन्य गतिविधियों को नजदीक से अवलोकन करेंगे।

# जीरो से पांच वर्ष के छूटे बच्चे का डोर टू डोर सर्वे करेंगी आशा : डॉ धर्मेंद्र कुमार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बनकटवा (पूर्वी चम्पारण)।** बिहार सरकार स्वास्थ्य विभाग द्वारा खसरा रूबेला उन्मूलन तथा प्रत्येक वार्ड में खसरा का प्रकोप रोकने एवं इस बीमारी को जड़ से मिटाने के निमित स्थानीय पीएचसी में एनएम, आशा तथा आशा फैसलेटर का एक दिवसीय प्रशिक्षण प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ रामनरेश कुमार की उपस्थिति में जिला से आये यूनिसेफ के एसएमसी डॉ धर्मेंद्र कुमार द्वारा दिया गया। प्रशिक्षण के दौरान बताया कि पेंटा का जीरो डोज एमआर ,जेई के पहला तथा दूसरा डोज अथवा जीरो से पांच साल के टीका से छुटे बच्चो को प्रत्येक आशा द्वारा घर-घर जा कर डोर टू डोर सर्वे कार्य करेंगीं.कोताही बरतने पर करवाई निश्चित है।बताया कि प्रत्येक आशा फैसलेटर अपने संबंधित हेल्थ सब सेंटर के अधीन जितनी भी आशा है उनके सर्वे को अधतन करवाना सुनिश्चित करेंगीं ताकि एक भी बच्चा नही छुटे।चुकी सरकार इस बीमारी जड़ से खत्म



करने के लिए स्वास्थ्य विभाग द्वारा सर्वे कराया जा रहा है। स्वास्थ्य महकमा द्वारा अभियान चलाकर खसरा रूबेला,जेई के टीका से वंचित बच्चों का पता लगाने के साथ अपने सर्वे को भी अधतन करेंगी। प्रत्येक हेल्थ सब सेंटर में जांच करने की जिम्मेवारी पीएचसी लेवल के पदाधिकारी एवं कर्मी को सामील किया गया है।बताया कि खसरा रूबेला दो अलग अलग वायरल जनित रोग हैआमतौर पर रूबेला खसरे की तुलना हल्के संक्रमण के कारण बनता है.बताया कि जहां खसरा का प्रकोप है वहां एमआर का एडिशनल डोज दिया जाएगा। मौके पर डॉ समसेर आलम, डॉ विजय कुमार,बीएमसी मुनेंद्र कुमार, बीसीएम रितेश राय आदि उपस्थित थे।

## अगलगी में 9 घर जले

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**छौड़ादानो (पूर्वी चम्पारण)।** जीतना थाना क्षेत्र के सठौरा गांव में बुधवार को अचानक हुई अगलगी की घटना में नौ घर जल कर राख हो गया। जानकारी देते हुए स्थानीय मुखिया नागेंद्र यादव उर्फ भुवाली जी ने बताया कि इजरायल देवान, जयमंगल देवान, बिगू देवान, सकूर देवान, मंसूर देवान, शगीर देवान, फरमूद देवान, इस्लाम देवान सहित नईम देवान के आवासीय घर में आग लगने से लाखों रूपए मूल्य के संपत्ति जल कर खाक हो गया। अगलगी की चपेट में आने से घर में रखे अनाज, वस्त्र व अन्य कई बेशकीमती सामान जल कर राख हो गया।ग्रामीणों की सूचना पर जितना पुलिस व बनकटवा अंचलाधिकारी अतुल कुमार ने घटनास्थल पर पहुंच स्थिति का जायजा लिया। वहीं मौके पर पहुंची अग्निशमन दस्ते की टीम ने आग को बुझाने में सफलता पायी। संवाद प्रेषण तक राजस्व कर्मचारी भी घटनास्थल पर पहुंच कर अग्निपीड़ित परिवारों का आगजनी से हुए क्षति का आकलन कर रिपोर्ट तैयार करने में जुटे थे।

# पंचायत समिति की बैठक रही हंगामेदार अधिकारियों पर लगा भ्रष्टाचार का आरोप

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**चिरैया (पूर्वी चंपारण)।** प्रखंड कार्यालय परिसर स्थित सूचना एवं प्रौद्योगिकी भवन के सभागार में बुधवार को पंचायत समिति की बैठक काफी हंगामेदार रही। अध्यक्षता प्रखंड प्रमुख मीना देवी ने किया। बैठक में शिक्षा, स्वास्थ्य, आंगनबाड़ी, मनरेगा, शौचालय निर्माण, आवास योजना सहित अन्य कल्याणकारी योजनाओं पर समीक्षा के साथ चर्चा की गई। बैठक शुरू होते ही एक पंचायत समिति सदस्य के प्रतिनिधि ने अपने क्षेत्र की समस्या को सदन में रखा। जिस पर बीडीओ नंदकिशोर साह ने कहा कि जिस माननीय सदस्य को अपनी बातों को सदन में रखने में कोई दिक्कत है तो वह लिखित आवेदन पत्र के माध्यम से अपनी बात रख सकते है। कृपया पंसस प्रतिनिधि सदन की कार्यवाही में भाग ना लें। बीडीओ के इतना कहते ही सदन में हंगामा शुरू हो गया। सभी पंसस प्रतिनिधि उठकर बाहर जाने लगे। उपस्थित जनप्रतिनिधि



ने बीच बचाव कर मामले को शांत कराया। जिसके बाद सभी प्रतिनिधि पहले की तरह अपने सीटो पर जाकर बैठे। दोबारा कार्यवाही शुरू होते ही महुआवा पश्चिमी पंचायत के पंसस अनारकली देवी के प्रतिनिधि सुबोध कुमार ने पंचायत की विभिन्न योजनाओं को लेकर अधिकारियों पर मनमानी करने का आरोप लगाया। उन्होंने आरोप लगाया कि मनरेगा पीओ एवं जेई के द्वारा मेरे एक योजना का स्टीमेट बन जाने तथा जीओ टैग होने के बाबजूद वह कार्य अधिकारियों की मिलीभगत से मुखिया के द्वारा करवाया जा रहा है। जिसके बाद उक्त पंचायत के मुखिया निसार अहमद और पंसस प्रतिनिधि के बीच कुछ देर तक तीखी नोकझोंक हुई। हंगामे के कारण सदन की कार्यवाही कुछ समय तक रुकी रही। दोबारा कार्यवाही शुरू होते ही एक जनप्रतिनिधि ने प्रखंड कार्यालय पर शौचालय निर्माण में दो हजार रुपए रिश्वत लेने का आरोप लगाया। वही सदस्य रम्भू साह व सुनीता देवी ने कहा कि 11 करोड़ की लागत से निर्मित प्रखंड कार्यालय भवन में पिछले चार माह से पानी की व्यवस्था नहीं है एवं गंदगी का अंबार लगा हुआ है। इस भवन के सभी शौचालय का गेट टूटा पड़ा है। जिसके कारण यहां कार्यरत अधिकारियों व कर्मियों सहित कार्य के लिए आने वाले व्यक्तियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। जबकि पंचायत समिति सदस्य अनुराग कुमार ने बीडीओ पर इंदिरा आवास योजना में प्रति यूनिट बीस से तीस हजार रूपये व जन्म मृत्यु प्रमाण पत्र जारी करने में एक हजार रूपये वसूलने का आरोप लगाया। हरनारायना पंचायत के मुखिया पवन कुमार दास ने कहा कि पंचायत समिति सदस्य और मुखिया मिलकर अपने क्षेत्र में विकास का कार्य बेहतर करें। बैठक में कई विभागों के अधिकारी अनुपस्थित रहे। जिसके कारण संबंधित विभागों की समस्याओं को जनप्रतिनिधि सदन में नही रख पाए।

मौके पर बीपीआरओ संदीप कुमार, सीओ चिरैया आराधना कुमारी, पीओ मनरेगा ज्योति कुमार सिंह, प्रखंड पशु चिकित्सा पदाधिकारी रवि रंजन कुमार, हराज नुरुल्लापुर की मुखिया मुन्नी देवी, प्रतिनिधि कृष्णा राम, कपूरपकड़ी पंचायत के मुखिया हारून रशीद, रामपुर दक्षिणी के मुखिया सनाउल्लाह अंसारी, पंचायत समिति सदस्य कलावती देवी, नेक मोहम्मद, आस मोहम्मद, सुनीता देवी, आबदा बेगम, किरण देवी, हरिओम कुमार, इंद्रजीत यादव, पुष्पा कुमारी सहित सभी जनप्रतिनिधि व विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद थे।

# समीक्षा बैठक में एसपी ने दिए कई निर्देश

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**दाउदनगर (औरंगाबाद)।** एसपी स्वप्ना जी मेश्राम ने आगामी लोकसभा चुनाव से संबंधित समीक्षा बैठक दाउदनगर थाना में किया, जिसमें दाउदनगर एसडीपीओ कुमार ऋषिराज एवं प्रशिक्षु डीएसपी चंदन कुमार भी उपस्थित रहे। बैठक में एसपी द्वारा लोकसभा चुनाव को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। गैर जमानती वारंटो का निष्पादन, शराब की बरामदगी एवं शराब धंधेबाजों की गिरफ्तारी के छापेमारी करने, अवैध खनन के खिलाफ कार्रवाई करने, असामाजिक तत्वों को चिन्हित कर निरोधात्मक कार्रवाई करने का आदेश दिया गया। बूथों के सत्यापन की समीक्षा की गई और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।



सीपीएफएम के माध्यम से एरिया डोमिनेशन हेतु विस्तृत निर्देश दिए गए। मौके पर अंचल पुलिस निरीक्षक जितेंद्र कुमार, दाउदनगर थानाध्यक्ष फहीम आजाद खां, हसपुरा थानाध्यक्ष एवं गोह थानाध्यक्ष उपस्थित रहे।

## घर के बाहर से बाइक की चोरी

**दाउदनगर (औरंगाबाद )।** शहर के वार्ड संख्या 22 से एक बाइक के चोरी की घटना घटने का मामला प्रकाश में आया है। घटना के संबंध में तरारी निवासी (वर्तमान पता- वार्ड संख्या 22) निर्मल कुमार द्वारा एक प्राथमिकी थाना में दर्ज कराई गई है, जिसमें कहा गया है कि उन्होंने अपने आवास के बाहर बाइक को लगाया था।

## वार्ड पार्षद ने दाखिल किया परिवाद

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**दाउदनगर (औरंगाबाद)।** नगर पर्षद के वार्ड सं. 17 के वार्ड पार्षद मोतीलाल ने अनुमंडलीय लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी दाउदनगर कार्यालय में एक परिवाद दाखिल किया है । दाखिल परिवाद में उन्होंने नगर पर्षद पर मकान का दाखिल खारिज नामांतरण में कथित तौर पर राशि की मांग कर विभाग को राजस्व की क्षति पहुंचाने का आरोप लगाया है। उन्होंने परिवाद में कहा है कि वर्तमान में बनाए गए मकान के दाखिल खारिज नामांतरण के लिए जमीन की रजिस्ट्री की तिथि से मकान टैक्स के नाम पर कथित तौर पर अवैध राशि की मांग की जा रही है, जिससे शहरी क्षेत्र में बन रहे मकान का राजस्व क्षति हो रहा है। साथ ही आम नागरिकों को भी मकान टैक्स के लिए दाखिल खारिज नामांतरण में काफी परेशानी हो रही है।

# चुनाव को लेकर हुई बैठक में नौ अप्रैल की तिथि निर्धारित

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**दाउदनगर (औरंगाबाद)।** विधिक संघ दाउदनगर के नए सत्र के चुनाव को लेकर एक बैठक का आयोजन विधिक संघ परिसर में वरिष्ठ अधिवक्ता देवनंदन सिंह की अध्यक्षता में आयोजित किया गया, जिसमें नए सत्र के सांगठनिक पदाधिकारी के चुनाव के लिए तिथि की निर्धारित करते हुए नौ अप्रैल की तिथि निर्धारित की गई। महासचिव धर्मेंद्र कुमार ने कहा कि पिछली बार जो चुनाव पदाधिकारी थे, वही पदाधिकारी इस बार भी चुनाव कार्य को संपन्न कराएंगे। इस पर सभी अधिवक्ताओं ने अपनी सहमति व्यक्त की। पिछली बार अरविंद कुमार, ध्रुव नारायण ओझा एवं हरिनाथ सिंह चुनाव पदाधिकारी बनाए गए थे। उन्होंने बताया कि विगत सप्ताह आयोजित



कार्यकारिणी की बैठक में पुरानी कमिटी को भंग करते हुए नई कमेटी का गठन करने का निर्णय लिया गया था। उसी के तहत यह बैठक का आयोजन किया गया है। मौके पर अधिवक्ता रामदेव यादव, कृष्ण यादव, राजू कुमार, शशि भूषण सिंह, अरविंद कुमार, सत्येंद्र प्रसाद तांती, दयानिधि पांडेय, सुरेंद्र कुमार सिंह आदि उपस्थित थे। बैठक के दौरान वर्तमान अध्यक्ष उमेश सिंह अनुपस्थित रहे। अनुपस्थिति का कारण पूछे जाने पर उन्होंने बताया कि उनसे कोई राय मशविरा नहीं किया गया है। उन्होंने बैठक को अवैध बताते हुए कहा कि पूर्व की बैठक के विरोध में भी उन्होंने बार काउंसिल को पत्र लिखा है। पुनः बार काउंसिल को पत्र लिखने जा रहे हैं।

# घर का ताला तोड़कर जेवरात की चोरी




**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**दाउदनगर (औरंगाबाद )।** शहर के पुराना शहर वार्ड संख्या आठ नालबंद टोली मुहल्ले में एक घर का ताला तोड़कर अज्ञात चोरों ने जेवरात की चोरी कर ली। प्राप्त जानकारी के अनुसार गृहस्वामी घर में ताला लगाकर किसी शादी में भाग लेने पवई गए हुए थे। इस संबंध में गृह स्वामी मनोज कुमार द्वारा एक प्राथमिकी दाउदनगर थाना में दर्ज कराई गई है, जिसमें कहा गया है कि जब वह शादी में भाग लेकर वापस लौटे तो ताला टूटा हुआ पाया। घर से 10 हजार रुपए नगद समेत जेवरात गायब थे। अज्ञात चोरों द्वारा चोरी की घटना को अंजाम दिया गया है। पुलिस प्राथमिकी दर्ज कर घटना की छानबीन कर रही है।

# मतदाताओं के बीच जनसंपर्क अभियान चलाएगी कांग्रेस : डॉ. माधवी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** लोकसभा चुनाव के मद्देनजर रफीगंज ब्लॉक के समीप कांग्रेस चुनाव कार्यालय का उद्घाटन एकादशी के अवसर पर पूजन के साथ किया गया। कांग्रेस नेत्री डॉ माधवी सिंह एवं मगध विश्व विद्यालय के अभिसद सदस्य डॉ संजीव रंजन कुमार सिंह ने पूजा अर्चना किया। आचार्य केशव पाठक ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच सत्यनारायण भगवान के पूजन, कथा एवं हवन के साथ सम्पन्न कराया। कांग्रेस नेत्री ने कहा कि आज एकादशी पवन दिन है। इसी



मौके पर लोकसभा चुनाव का चुनावी कार्यालय का उद्घाटन किया गया है। महागठबंधन के कार्यकर्ता चट्टानी एकता का परिचय देते हुए मतदाताओं के बीच जनसंपर्क अभियान चलाएं। कार्यक्रम में कांग्रेस युवा प्रखण्ड अध्यक्ष रणविजय कुमार सिंह उर्फ पिंटू सिंह, मनोज सिंह, बलवीर कुमार, अजय कुमार सिंह, अमरिंदर सिंह, राम शुभम सिंह, रवि भूषण कुमार, भार्गव कुमार, नीतीश कुमार, अश्विन सिंह सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# मॉक ड्रिल कराकर किया गया जागरूक



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**दाउदनगर (औरंगाबाद)।** अग्निशमालय द्वारा ओबरा के डिहरी और गुलजार बिगहा में किसानों और जीवीका दीदी के सिथ मॉक ड्रील किया गया और आग से बचाव के बारे में जानकारी दी गई। अग्निशमन पदाधिकारी गुरु हांसदा के नेतृत्व में टीम ने मॉक ड्रिल कराया। पंपलेट का वितरण किया गया। यह बताया गया कि आग से बचाव कैसे करना है। अगलगी की स्थिति में क्या करना है और क्या नहीं करना है। बताया गया कि अग्निशमालय दाउदनगर द्वारा लगातार जन जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है और लोगों को जागरूक किया जा रहा है। मौके पर अग्निक चालक प्रकाश कुमार, अग्निक जितेंद्र राजवंशी, रवि कुमार, रंजीत कुमार उपस्थित रहे।

# पशु स्वास्थ्य जागरुकता शिविर का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गोह (औरंगाबाद)।** गोह प्रखंड के ग्राम पंचायत दधपी मुख्यालय में बुधवार को जीविका पशुपालन निदेशालय एवं वाएफ के संयुक्त तत्वावधान में एक दिवसीय पशु स्वास्थ्य जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का आयोजन गोह पशु चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. मनोज कुमार द्विवेदी, डॉ. अरविन्द कुमार एवं एलएचएस संजीव कुमार के नेतृत्व में गरीबी उन्मूलन हेतु बिहार सरकार की पहल पर पशु स्वास्थ्य शिविर के माध्यम से पंचायत के लोगों के बीच दवा वितरण किया गया। ग्रामीण क्षेत्रों में मौसम के




अनुकूल पशुओं में होने वाली बीमारी से बचाव हेतु अनेकों प्रकार की दवाईयां मुफ्त में दिया गया। इस क्रम में जीविका से जुड़े सभी दीदीयों ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया। इस मौके जीविका के क्षेत्रीय समन्वयक धर्मेन्द्र कुमार, राज कुमार, दिलीप कुमार, वकील कुमार, अंजू कुमारी, पूजा कुमारी, चंचला कुमारी, रूबी कुमारी, जुली कुमारी, नीतू कुमारी, पूनम कुमारी सहित दर्जन लोग मौजूद रहे।

# ट्रेन की चपेट में आने से वृद्ध की मौत, परिजनों में मातम

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रफीगंज।** पंडित दीनदयाल उपाध्याय-गया रेल खंड के रफीगंज रेलवे स्टेशन के 19 नंबर गुमटी के समीप बुधवार की सुबह करीब 7:00 के आसपास जोधपुर एक्सप्रेस ट्रेन के चपेट में आ जाने से केराप पंचायत के खैरी गांव के 70 वर्षीय देवराज यादव का मौत हो गया। घटना की जानकारी मिलते ही आरपीएफ एस आई महेंद्र मुण्डा, ए एस आई एस खान, घटनास्थल पर पहुंचे। कांग्रेस नेता डॉ तुलसी यादव ने बताया कि देवराज यादव विगत 12 सालों से रफीगंज अंचल एवं प्रखंड कार्यालय में झाड़ू पोछा एवं रात्रि प्रहरी का काम करते थे। बुधवार की सुबह खाना बनाने के लिए चावल खरीदने के लिए नोनिया टिल्हा जा रहे थे। इसी बीच ट्रेन की चपेट में आ जाने से इनकी मौत हो गई।



आरपीएफ इंस्पेक्टर बीके सिंह ने बताया कि जीआरपी सोन नगर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम की प्रक्रिया में लग गई। घटना के बाद मृतक की पत्नी सूरजमनि देवी एवं पुत्री मानमती देवी का रो-रो कर बुरा हाल था। घटना की सूचना मिलते ही पूर्व उप प्रमुखप्रतिनिधि कमलेश यादव, राजनंदन यादव, डॉ तुलसी यादव, सीधी यादव, राजद नेता रणविजय यादव घटनास्थल पर पहुंचे और उन्होंने कहा कि रेलवे के समीप जो ओवरब्रिज बन रहा है, वह काफी धीमी गति से बन रहा है। अगर ससमय यह तैयार हो जाता तो आज देवराज यादव का मौत नही होता। यहां पर रेलवे ओवरब्रिज नहीं बनने के कारण प्रत्येक वर्ष दर्जनों लोगों की जान जाती है।

# स्कूल में पूर्व कृषि मंत्री ने पुस्तकालय भवन का किया उद्घाटन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता।**

**रामगढ़।** प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत मध्य विद्यालय डरवन के प्रांगण में नवनिर्मित पुस्तकालय भवन का बुधवार को पूर्व कृषि मंत्री व क्षेत्रीय विधायक सुधाकर सिंह ने फीता काट कर उद्घाटन किया। उद्घाटन समारोह की अध्यक्षता व्यापार मंडल के अध्यक्ष हरिद्वार सिंह व संचालन विद्यालय के शिक्षक प्रहलाद सिंह ने की। इस दौरान विद्यालय परिवार द्वारा मुख्य अतिथि का अंगवस्त्र एवं फूल का माला पहनाकर भव्य तरीके से स्वागत किया गया। बता दें कि मुख्य मंत्री क्षेत्र विकास योजना के तहत 836300रुपए की राशि से इस पुस्तकालय



भवन का निर्माण कराया गया है जो ग्रामीणों की मांग थी। विद्यालय परिसर में ही पुस्तकालय भवन बन जाने से बच्चों को शहरों की तरह पुस्तकालय की सारी सुविधा गांव में ही मिल सकेगी। मौके पर पूर्व कृषि मंत्री ने सार्वजनिक पुस्तकालय के बारे में अपना मंतव्य रखते हुए कहा कि सार्वजनिक पुस्तकालय बच्चों के पढ़ने के कौशल, सामाजिक कौशल और साक्षरता विकास को बढ़ाते हैं, जिसका स्वास्थ्य पर आजीवन प्रभाव पड़ सकता है। माता-पिता और देखभाल करने वालों को अपने छोटे बच्चों को पढ़ने, खेलने और उनके साथ जुड़ने में मदद करने के लिए पुस्तकालय पढ़ने के समूह, कहानी पठन पाठन, गायन समूह, शिल्प और खेल का समय प्रदान करते हैं। इतना ही नहीं पूर्व कृषि मंत्री ने डरवन में रामजानकी मंदिर बाउंड्रीवाल का भी उद्घाटन किया साथ ही दो सड़क का शिलान्यास भी किया।

## अपराध की साजिश रच रहे 3 अपराधी गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** पटना सिटी के आलमगंज थाना क्षेत्र में क्राइम की साजिश रच रहे 3 अपराधियों को पुलिस ने हथियार के साथ गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अपराधियों में एक हत्या का आरोपी है, जबकि दूसरा बाइक चोरी मामले में कई बार जेल जा चुका है। थाना प्रभारी सज्जाद खान ने इसकी पुष्टि की है। मिली जानकारी के अनुसार आलमगंज थाना क्षेत्र के नीम की भट्टी विश्वकर्मा मंदिर के नजदीक कुछ अपराधी क्राइम की योजना बना रहे थे। मिली जानकारी के अनुसार आलमगंज थाना क्षेत्र के नीम की भट्टी विश्वकर्मा मंदिर के नजदीक कुछ अपराधी क्राइम की योजना बना रहे थे। स्थानीय व्यक्ति ने इसकी सूचना आलमगंज थाने को दी। सूचना मिलते ही पुलिस टीम अलर्ट हो गई।


बिहार सरकार

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय

**बाढ नियंत्रण प्रमंडल–1, पडरौना**

(fcd3padrauna@gmail.com)

–: शुद्धि पत्र :–

इस कार्यालय के **पत्रांक 212 दिनांक 23.02.2024** द्वारा निर्गत निविदा आमंत्रण सूचना संख्या 02SBD/2023-24, PR No – 018317 (WRD) 2023-24 है को निम्नरूपेण संशोधित किया जाता है।

(1) कंडिका 05 में तकनीकी बीड खोलने की तिथि एवं समय **दिनांक 11.03.2024 को 3:30 बजे** अपराहन (सिर्फ वेबसाईट www.eproc2.bihar.gov.in) के स्थान पर तकनीकी बीड खोलने की तिथि एवं समय **दिनांक 13.03.2024 को 3:30 बजे** अपराह्न पढा जाय।

वर्णित निविदा आमंत्रण सूचना को इस हद तक संशोधित समझा जाय।

(ई0 राजीव कुमार)
कार्यपालक अभियंता
बाढ नियंत्रण प्रमंडल–1, पडरौना

PR- 019002 ( WRD ) 2023-24

नशे से बचने का है एक ही उपचार, दृढ़ संकल्प और परिवार से प्यार।



बिहार सरकार

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**लोक स्वास्थ्य प्रमण्डल, औरंगाबाद**
**अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या–42 (2023–24)**

1. विज्ञापनदाता का पदनाम एवं पता : कार्यपालक अभियंता, लोक स्वास्थ्य प्रमण्डल, औरंगाबाद।
2. निविदा आमंत्रण सूचना निर्गत की तिथि : दिनांक 04.03.2024
3. निविदा कागजात निर्गत करने की तिथि : दिनांक 16.03.2024 से 18.03.2024 5:00 बजे अहराह्न तक।
4. निविदा कागजात जमा करने की तिथि एवं समय : दिनांक 19.03.2024, अपराह्न 3:00 बजे अपराह्न तक।
5. निविदा (तकनीकि बीड) खोलने की तिथि एवं समय : दिनांक 19.03.2024, अपराह्न 4:00 बजे अपराह्न तक
6. अग्रधन राशि मूल रूप में जमा करने की अंतिम तिथि, समय एवं स्थान, : दिनांक 19.03.2024, अपराह्न 3:00 बजे अपराह्न, : कार्यपालक अभियंता, लोक स्वास्थ्य प्रमंडल, औरंगाबाद का कार्यालय।
7. कार्य की विवरणी :–

| लोक स्वास्थ्य प्रमण्डल, औरंगाबाद अन्तर्गत IM-II/III & Special/ Ordinary चापाकल के मरम्मति एवं सम्पोषण कार्य में उपयोगी मैन पावर एवं किराया पर वाहन आपूर्ति का कार्य | | | | | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र मूल्य (रू0 में) (अप्रत्यर्पणीय रूप में मात्र बैंक ड्राफ्ट माध्यम से) | कार्य समाप्ति की अवधि (माह में) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| GR. NO | Block | IM-II | IM-III | Special/ Ordinary | | | | |
| 1 | Aurangabad | 280 | 150 | 30 | 1027582 | 20600 | 2500 | 12 माह |
| | Barun | 100 | 50 | 50 | | | | |
| 2 | Deo | 230 | 120 | 30 | 1190029 | 23900 | 2500 | 12 माह |
| | Madanpur | 240 | 120 | 30 | | | | |
| 3 | Navinagar | 293 | 147 | 0 | 1191769 | 23900 | 2500 | 12 माह |
| | Kutumba | 170 | 97 | 60 | | | | |
| 4 | Rafiganj | 260 | 140 | 50 | 1056178 | 21200 | 2500 | 12 माह |
| | Goh | 130 | 70 | 50 | | | | |
| 5 | Haspura | 90 | 43 | 50 | 683581 | 13700 | 1250 | 12 माह |
| | Daudnagar | 65 | 35 | 75 | | | | |
| | Obra | 65 | 35 | 75 | | | | |

8. वित्तीय बीड खोलने की तिथि एवं समय : तकनीकि बीड निष्पादन के बाद समय एवं तिथि
निविदा वैधता की तिथि : निविदा खोलने से 120 दिनों तक।
9. विस्तृत निविदा आमंत्रण सूचना या अन्य शर्तें कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।
विस्तृत जानकारी **www.state.bihar.gov.in/prdbihar** से प्राप्त की जा सकती है।

PR. No. 018997 (PHED) 2023-24

कार्यपालक अभियंता,
लोक स्वास्थ्य प्रमण्डल, औरंगाबाद

नशे की मार, बर्बाद करे सुखी परिवार।


# लापता व्यक्ति का नहीं मिला सुराग

## सकुशल बरामदगी की मांग को लेकर लोगों ने किया प्रदर्शन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हसपुरा।** थानाक्षेत्र के टाल गांव निवासी सह हसपुरा पटेल सेवा संघ के सदस्य लापता सुशील सिंह का सातवां दिन भी सुराग नहीं मिला सका, जिसे लेकर पटेल सेवा संघ व ग्रामीणों की तरफ से हसपुरा बाजार में पुलिस के खिलाफ आक्रोश जताया गया। इस दौरान पुलिस की लापारवाही के खिलाफ नारेबाजी भी की गई। बताया जाता है कि 29 फरवरी को सुशील सिंह (62 वर्ष) अपने घर से सुबह टीवीएस मोपेड बाईक से हसपुरा बाजार के लिए निकले थे जो अब तक वापस नहीं लौटे हैं। यहां तक कि उनकी मोपेड बाईक का भी कहीं पता नहीं चल रहा है। मोबाइल भी स्वीच ऑफ बता रहा है। लापता सुशील सिंह के



पुत्र प्रदीप कुमार उर्फ गुड्डू ने हसपुरा थानाध्यक्ष नरोत्तम को लिखित आवेदन देकर खोजबीन की गुहार लगाई है। इतने दिन बीत जाने के बाद भी लापता व्यक्ति का कोई सुराग नहीं मिल पाने से परिजनों एवं ग्रामीणों का पुलिस प्रशासन पर असंतोष बढ़ता जा रहा है, उसी की परिणति रही कि लोग लापता व्यक्ति की सकुशल बरामदगी हेतु प्रशासन पर दबाव बनाने के लिए आंदोलन को बाध्य हुए। इस दौरान आंदोलनकारी हसपुरा थानाध्यक्ष को निलंबित करने एवं सुशील सिंह की सकुशल बरामदगी की मांग करते नजर आए। हसपुरा बाजार के पटेल चौक, मेन बाजार, हाईस्कूल मोड़ सहित विभिन्न जगहों पर ग्रामीण लामबंद हुए। इस दौरान लोग बाजार सहित गहना, चौरी गांव में लगे सीसीटीवी फुटेज को खंगालने की मांग कर रहे थे। लापता सुशील सिंह के पुत्र का कहना है कि 29 फरवरी को बाईक पर पीछे बैठकर गहना से गांव के रास्ते चौरी की ओर लोग देखने की बात कह रहे थे। आंदोलन में शामिल पटेल सेवा संघ हसपुरा के अध्यक्ष रामजीत सिंह, संरक्षक राजेन्द्र प्रसाद सिंह, सचिव बिन्देश्वर सिंह, हृदयानंद सिंह, महिपाल सिंह, पैक्स अध्यक्ष जयकृष्ण पटेल, राकेश सिंह, प्रमुख श्रीनिवास सिंह, उपप्रमुख सत्येन्द्र चौधरी, पंसस धनंजय सिंह, मुखिया गोपाल सिंह, अजय सिंह, रिटायर्ड फौजी बिन्देश्वरी सिंह, प्रदीप कुमार गुड्डू, जयपाल सिंह, उदय सिंह, कामाख्या नारायण सिंह, दशरथ सिंह सहित दर्जनों लोगों ने प्रदर्शन कर लापता सुशील कुमार सिंह को खोज करने की मांग पुलिस से की।

CMYK

# सभी 38 जिलों में एफसीआई खोलने जा रहा 150 खरीद केंद्र

## खाद्य निगम के अधिकारियों ने साइलो का किया निरीक्षण

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**भभुआ।** कैमूर जिला अंतर्गत स्थित स्टील से बने साइलो (गोदाम या भंडार कक्ष) का निरीक्षण भारतीय खाद्य निगम के वरीय अधिकारी ए एस अरुणाचलम, कार्यकारी निदेशक, आंचलिक कार्यालय, कोलकाता एच के जैन, महाप्रबंधक, आंचलिक कार्यालय, कोलकाता, अमित भूषण, महाप्रबंधक (क्षेत्र), विनय कुमार, उपमहाप्रबंधक (सामान्य), क्षेत्रीय कार्यालय, पटना, डॉ. सतीश कुमार, सहायक महाप्रबंधक (गुण-नियंत्रण), क्षेत्रीय कार्यालय, पटना, राजेश सिंह पांगती, मंडल प्रबंधक, भारतीय खाद्य निगम, मंडल कार्यालय, बक्सर, उदय सिंह मीणा, सहायक महाप्रबंधक (गुण-नियंत्रण), मंडल कार्यालय बक्सर द्वारा किया गया। इसके उपरांत, ए एस अरुणाचलम, कार्यकारी निदेशक (पूर्व) की अध्यक्षता में रबी विपणन वर्ष 2024-25 केतहत कैमूर जिले के बारे ब्लाक में खोले गए गेहूं अधिप्राप्ति केंद्र का निरीक्षण एवं किसान भाइयों के साथ संगोष्ठी की गई, जिसमे किसानो की समस्याओं एवं



शंकाओं का निवारण उचित जानकारी दे कर किया गया। संगोष्ठी में भारतीय खाद्य निगम, बिहार क्षेत्र के महाप्रबंधक द्वारा आगामी रबी विपणन वर्ष 2024-25 में गेहूं खरीद हेतु विस्तृत जानकारी दी गई, जिसके तहत ये जानकारी दी गई कि भारत सरकार के निर्देशानुसार भारतीय खाद्य निगम आगामी रबी विपणन वर्ष 2024-25 में गेहूं खरीद हेतु बिहार के सभी 38 राजस्व जिलों में लगभग 150 खरीद केंद्र खोल रही है। गेहूं खरीद का कार्य 15 मार्च 2024 से 15 जून 2024 तक जारी रहेगा। रबी विपणन वर्ष 2024-25 में गेहूं का समर्थन मूल्य 2275 रूपये प्रति क्विंटल निर्धारित किया गया है जो कि पिछले वर्ष की तुलना में 150 रूपये अधिक है। किसानों को समर्थन मूल्य का भुगतान उनके बैंक खाते में 48 घंटे के अन्दर कर दिया जायेगा। निगम के अधिकारियों ने बताया की किसानों में जागरूकता पैदा करने के लिए विभिन्न स्तर पर निरंतर किसान सभाओं का आयोजन किया जा रहा है, मुनादी करवाई जा रही है तथा घर-घर तक जागरूकता अभियान चलाये जा रहे हैं। इस क्रम में विभिन्न समाचार पत्रों, रेडियो, टेलीविजन तथा सोशल मिडिया (क्षेत्रीय कार्यालय के आधिकारिक सोशल मीडिया अकाउंट्स के साथ बिहार क्षेत्र के अधीन सभी 12 मंडल कार्यालयों के ट्वीटर हेण्डल और फेसबुक व इंस्टाग्राम अकाउंट) के माध्यम से जागरूकता फैलाई जा रही है। भारतीय खाद्य निगम के अधिकारियों ने सभी किसान भाइयों से अपील किया की वे अपना पंजीकरण कृषि विभाग के डी बी टी पोर्टल पर अवश्य करवाएं तथा ई-पैक्स पोर्टल पर गेहूं बेचने हेतु आवेदन अवश्य करें। साथ ही, कार्यकारी निदेशक द्वारा कहा गया की अगर किसानों को पंजीकरण में किसी प्रकार की परेशानी आती है तो वे बिहार राज्य खाद्य विभाग की हेल्पलाइन 18003456194 अथवा सहकारिता विभाग की हेल्पलाइन 18001800110 पर निः शुल्क संपर्क कर सकते हैं। पंजीकरण की प्रक्रिया बिलकुल सरल बनाई गई है। गेहूं की खरीद एवं समर्थन मूल्य का भुगतान बिना किसी कटौती के सीधे किसानों के बैंक खाते में ऑनलाइन माध्यम से48 घंटे की अवधि के भीतर की जाएगी।

# बढ़ रहीं आपराधिक घटनाओं से लोगों में दहशत

## दो अलग-अलग घटनाओं में दो बाइक एवं नगदी की लूट

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** रोहतास अनुमंडल क्षेत्र में इन दोनों आपराधिक ग्राफ काफी तेजी से बढ़ रहा है। दो अलग-अलग घटनाओं में अज्ञात चोरों ने इंद्रपुरी थाना क्षेत्र से हीरो होंडा ग्लैमर मोटरसाइकिल की चोरी कर ली, वहीं अकोढीगोला थाना क्षेत्र में भी अपराधियों ने लूट की घटना को अंजाम दिया है। इंद्रपुरी थाना क्षेत्र के बस्तीपुर निवासी गोरख सिंह ने दर्ज प्राथमिकी में कहा है कि वह अपने घर के दरवाजे पर हीरो होंडा ग्लैमर मोटरसाइकिल सोमवार की रात खड़ा किया था। मंगलवार को सुबह मोटरसाइकिल गायब पाया। वहीं थाना राजपुर ग्राम बड़की पुरैनी जिला बक्सर निवासी संतोष कुमार सिंह ने अकोढ़ी गोला में दर्ज प्राथमिक की में कहा है कि वह अकोढी गोला मां विंध्यवासिनी एजेंसी में किराया के मकान पर रहते हैं तथा बांक फॉर्म स्थित इंफ्रा राइस मिल में प्लांट इंचार्ज के पद पर कार्यरत हैं। प्राथमिकी में कहा गया है कि वह अपनी पल्सर मोटरसाइकिल से जा रहे थे कि मेगा फूड पार्क के पास तीन अपराधकर्मियों ने हथियार के बल पर मोटरसाइकिल रुकवा ली तथा नगद छह हजार रु. व मेरा बैग जिसमें जरूरी कागजात थे साथ में मोबाइल व सोने की अंगूठी छीन कर धमकी देते हुए भाग निकले। पुलिस प्राथमिकी दर्ज कर अपराधियों की तलाश कर रही है। मालूम हो कि सोमवार को भी डिहरी थाना क्षेत्र के अनुमंडल कार्यालय के समीप उचक्कों ने बैंक से दो लाख रु. निकाल कर जा रहे एक व्यक्ति का उसके शरीर पर खुजली छोड़कर उसका रुपए से भरा झोला लेकर ले उड़े थे।

## फरार चल रहा अभियुक्त गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**अकोढीगोला (रोहतास)।** पुराने कांड में फरार चल रहे अभियुक्त को दरिहट थाने की पुलिस ने काराकाट थाने के रामपुर गछई से गिरफ्तार कर न्यायालय को सुपुर्द कर दिया। दरिहट थाना अध्यक्ष मुकेश कुमार ने बताया कि गांजा बरामदगी के मामले में कांड संख्या 166/23 मे फरार चल रहे नामजद अभियुक्त उमेश यादव उर्फ उमेश सिंह पिता विश्वनाथ सिंह, रामपुर गछइ थाना काराकाट के रहने वाले को गिरफ्तार कर न्यायालय को सुपुर्द कर दिया गया।

# रेल संपत्ति की चोरी कर रहा व्यक्ति रंगेहाथ धराया

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन- सोन।** रोहतास रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट- डिहरी के सहायक उप निरीक्षक चिंतामणि, प्रधान आरक्षी सुभाष चंद यादव एवं प्रधान आरक्षी रंजीत कुमार ने डिहरी इलेक्ट्रिक स्टोर में घुसकर रेल संपत्ति की चोरी कर भागते हुए एक चोर कृष्णा चौधरी, उर्फ डब्लू, उम्र- 21 वर्ष, पिता- मनोज चौधरी उर्फ पूर्णमासी चौधरी, ग्राम- मकराइन, वार्ड संख्या-11 थाना- ओ पी डालमियानगर, जिला रोहतास (बिहार) को इलेक्ट्रिक विभाग के कर्मचारियों के सहयोग से रेलवे के इलेक्ट्रिक विभाग के 9 अदद इलेक्ट्रिक



कॉपर एवं एक अदद बैटेरी की चोरी कर जाते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया। आरोपित को रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट लाकर उचित कानूनी कार्रवाई करने के उपरांत रेलवे सुरक्षा बल में पोस्ट में रखा गया था जहां से वह शौच करने के बहाने भागने का प्रयास किया, किन्तु रेलवे सुरक्षा बल के जवानों की सक्रियता से पकड़ा गया। आरोपित को रेल न्यायालय में प्रस्तुत किया गया।

# नारी शक्ति के सशक्तीकरण में राष्ट्र की प्रगति : मनोज जायसवाल

## नारी शक्ति वंदन कार्यक्रम का समापन, महिलाओं ने सुना पीएम का संबोधन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**भभुआ।** शहर स्थित मुंडेश्वरी पैलेस में भाजपा कैमूर के तत्वावधान में नारी शक्ति वंदन कार्यक्रम का बुधवार को समापन हुआ। इस दौरान स्वयं सहायता समूहों एवं एनजीओ से जुड़ी सैकड़ों माताओं बहनों ने पीएम मोदी का संबोधन सुना। कार्यक्रम का नेतृत्व जिलाध्यक्ष मनोज जायसवाल ने किया। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष द्वारा अंगवस्त्र देकर सभी आगत लोगों का स्वागत किया गया। मौके पर जिला





अध्यक्ष मनोज जायसवाल ने कहा कि मोदी सरकार नारी शक्ति को विकसित भारत की शक्ति बना रही है। नारी शक्ति की सुरक्षा, सुविधा और सशक्तीकरण मोदी की गारंटी है। उन्होंने कहा कि आजादी के अमृतकाल में नए भारत के नव निर्माण की ओर मोदी सरकार का अभूतपूर्व कदम है। इससे नारी सशक्तीकरण के इतिहास में एक और नया अध्याय जुड़ गया है। हमारा देश नारी शक्ति, नारी स्वावलंबन और नारी मजबूती की दिशा में निरंतर बढ़ रहा है। मोदी द्वारा प्रारंभ की गईं जनहितैषी योजनाओं से महिलाएं आज नित नवीन कीर्तिमान रचते हुए देश की प्रगति को गति दे रही हैं। इस अवसर पर केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाएं जैसे अटल पेंशन, आयुष्मान भारत, राष्ट्रीय सामाजिक सहायता कार्यक्रम आदि के बारे में बताया गया।

# विहंगम योग का त्रिदिवसीय सन्त समागम प्रारम्भ





**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** रोहतास प्रथम परम्परा सद्गुरु आचार्य श्री धर्म चंद्र देव जी महाराज की 105 वी जन्म जयंती महर्षि सदाफल देव आश्रम कटार वडीहां में सन्त प्रवर विज्ञान देव जी महाराज द्वारा 'अ' अंकित श्वेत ध्वजारोहण के साथ ही प्रारंभ हुआ। विहंगम योग का ध्यान आंतरिक शांति का मार्ग प्रशस्त करता है। एक साधक जब सिद्धासन में बैठकर अपनी चेतना को गुरु उपदिष्ट भूमि पर केंद्रित करता है तो वह मानसिक व आत्मिक शांति का अनुभव करता है। मन पर नियंत्रण न होने से समाज में विसंगतियां बढ़ रहीं हैं। युनेस्को की एक प्रस्तावना कहती है कि युद्ध की प्राचीरें कुत्सित मन से निकलती हैं। अतः मन पर नियंत्रण आवश्यक है। उन्होंने कहा कि हमारे मन में असीम शक्ति है। ईश्वर ने हमें बड़ी शक्तियों वाला अन्तःकरण दिया है। मानव के मन में अशांति है और जब तक यह अशांति है तब तक विश्व में शांति की कल्पना नहीं की जा सकती। मन की अशान्ति को विहंगम योग की ध्यान साधना के द्वारा दूर किया जा सकता है। कार्यक्रम समन्वयक अमरंजय दुबे ने बताया कि इस आयोजन में प्रतिदिन निः शुल्क योग, आयुर्वेद, पंचगव्य, होम्योपैथ आदि चिकित्सा पद्धतियों द्वारा कुशल चिकित्सकों के निर्देशन में रोगियों को चिकित्सा परामर्श भी दिया जा रहा है। इस मौके पर विहंगम ऑटो एजेंसी के प्रोपराइटर पीयूष जीबिहार विहंगम योग सन्त समाज के प्रधान परामर्शक ददन सिंह संरक्षक डी एन सिंह, रामचन्द्र तिवारी रोहतास जिला विहंगम योग सन्त समाज के सचिव नवल किशोर सिंह, समन्वयक संतोष कुमार गुप्ता, भृगुनाथ सिंह, अमरंजय दूबे, आदित्य सिंह, कामेश्वर सिंह, पीयूष जी के साथ ही अनेक सेवाभावी शिष्य-शिष्या उपस्थित रहे।

# भीषण चोरी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रामगढ़।** थाना क्षेत्र के सियरुआं गांव में भीषण चोरी होने का मामला प्रकाश में आया है। यहां चोरों ने छत के सहारे घर में प्रवेश कर चोरी की वारदात को अंजाम दिया। घटना मंगलवार की रात की बताई जाती है। इस चोरी की वारदात से ग्रामीणों में दहशत है। बताया जाता है कि वारदात के समय सभी लोग अपने अपने घर में सोये हुए थे। इस मौके का चोरों ने फायदा उठाया। जिस घर में अकेली महिला सोई थी उस घर में घुसकर चोर अटैची व बक्से लेकर आराम से निकल गए। घर से बाहर जाते समय चोरों ने हर कमरे का दरवाजा बाहर से बंद कर दिया। इसके बाद चोर पीड़ित के घर से कुछ दूर खलिहान में बक्सा अटैची तोड़कर उसमें रखी नगदी सहित सभी आभूषण लेते गए। चोर पुराने कपड़े छोड़ नये कपड़े भी ले गए।

# भाजपा महिला कार्यकर्ताओं ने पीएम के कार्यक्रम का देखा लाइव प्रसारण



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन- सोन।** रोहतास भारतीय जनता पार्टी के तत्वावधान में डालमियानगर डिहरी में 'नारी शक्ति वंदन' कार्यक्रम के अन्तर्गत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का लाइव प्रसारण जिलाध्यक्ष आरती गुप्ता के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने देखा। कार्यक्रम के संयोजक जिला मंत्री मंजू देवी के द्वारा संचालित किया गया। विकसित भारत अभियान डिहरी बस्तीपुर में कार्यक्रम प्रभारी जिला प्रवक्ता रेणु (गुड़िया) सिंह के द्वारा संचालित किया गया। कार्यक्रम से यह संदेश दिया गया कि भारतीय जनता पार्टी ने नारी को विभिन्न योजनाओं के माध्यम से सशक्त बनाए हैं। नारी विभिन्न क्षेत्र में आगे बढ़ रही है। महिला सशक्तिकरण यानी महिलाओं की आध्यात्मिक, राजनीतिक, सामाजिक या आर्थिक शक्ति में वृद्धि करना। मौके पर जिला महामंत्री सरिता सिंह, उपाध्यक्ष बीना देवी, आरती देवी, जिला कार्यसमिति सदस्य अनीता ओझा, सरिता देवी, गीतांजलि देवी, मीणा देवी, जीविका दीदी रिंकी देवी, प्रतिभा देवी, प्रियंका सिंह, रेखा शर्मा, संगीता देवी, पिंकी देवी, सुष्मिता कुमारी अन्य कार्यकर्ता शामिल हुई।

# तन्मयता से लोगों ने देखा पीएम मोदी का नारी शक्ति वंदन कार्यक्रम

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** रोहतास डिहरी विधानसभा अंतर्गत नगर के सामाजिक कार्यकर्ता पंकज गुप्ता के बारह पत्थर आवास पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जन कल्याणकारी योजना से संबंधित 'नारी शक्ति वंदन कार्यक्रम' बड़े एलईडी के माध्यम से सुना गया। पूर्व चेयरमैन प्रत्याशी ज्योति गुप्ता एवं डिहरी नगर भाजपा महिला मोर्चा अध्यक्ष शोभा सिंह के नेतृत्व में महिलाएं अत्यधिक संख्याओं में बढ़-चढ़ कर हिस्सा ली। पश्चिम बंगाल से मोदी ने राष्ट्र के नारी को संबोधित करते हुए कहा कि आज भाजपा सरकार में नारी सशक्त, समृद्धि एवं आत्मनिर्भर हो रही है केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के तहत महिलाओं के क्षेत्र में अनेकों योजनाओं के माध्यम से आत्मनिर्भर बनाने का काम किया है। प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना से 10 करोड़ से अधिक



महिलाओं के नाम पर मुफ्त गैस सिलेंडर देने का काम किया, वहीं लखपतिया दीदी योजनाओं के तहत 3 करोड़ से अधिक महिलाओं को इसका लाभ मिल रहा है। प्रधानमंत्री मुद्रा योजना बिना गारंटी महिलाओं को बैंक से ऋण की सुविधा उपलब्ध करा रही है। बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ को बढ़ावा दिया गया जहां आज बेटियां हर क्षेत्र में शीर्ष स्थान का नेतृत्व कर रही हैं, जिससे उनका संपूर्ण विकास हो रहा है। इस मौक पर रोहतास जिला प्रवक्ता प्रकाश गोस्वामी, नगर महामंत्री कुंवर सिंह एवं रविशंकर राय, उपाध्यक्ष सुनील पाठक एवं अरुण कुमार पप्पू, नगर प्रवक्ता अब्दुल कलाम, समाज सेवी कार्यकर्ता पंकज गुप्ता, सरोज देवी, पार्वती कुमारी, नजमा खातून, रेशमा खातून आदि अन्य लोग उपस्थित रहे।

# वशिष्ठ सिंह पार्टी की मजबूती के लिए करेंगे काम : रिंकू सिंह

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** सासाराम जनता दल (यूनाइटेड) के निवर्तमान मुख्य प्रवक्ता रिंकू सिंह ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि पूर्व विधायक वशिष्ठ सिंह जी को बिहार प्रदेश जनता दल (यूनाइटेड) युवा प्रकोष्ठ का प्रदेश प्रभारी बनाने पर जनता दल (यूनाइटेड) के राष्ट्रीय अध्यक्ष बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार एवं बिहार प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा को बधाई देते हुए कहा कि जिस विश्वास के साथ भाई वशिष्ठ सिंह को युवा प्रकोष्ठ का प्रदेश प्रभारी की जिम्मेदारी दी गई है,



उसे वह धरातल पर काम कर पार्टी को मजबूती प्रदान करने का काम करेंगे। बधाई देने वाले मुख्य रूप से पूर्व मंत्री जयकुमार सिंह, पूर्व विधायक डॉ. अशोक कुमार, प्रदेश महासचिव नागेंद्र चंद्रवंशी, जिला अध्यक्ष अजय सिंह कुशवाहा, रिंकू सिंह, अनिल सिंह, अलख निरंजन, अशोक पटेल, राकेश कुमार मुन्ना, सिकंजय सिंह, नीरज कुमार, असलम अंसारी, रजिया कामिल अंसारी, सविता नटराज प्रमिला सिंह, संजय सिंह, अजय कुमार मिश्रा डब्लू, शैलेश पटेल इत्यादि कार्यकर्ताओं ने बधाई दिया।

■ **पूर्व विधायक को बनाया गया युवा प्रकोष्ठ का प्रदेश प्रभारी**

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस (डी.बी.कॉर्प.लि.), उड़ान टोला, दानापुर कैंट, शिवाला रोड, खगौल, शाहपुर, पटना (बिहार) से मुद्रित एवं सत्येन्द्र नगर, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित।

**संपादक - कमल किशोर**

नवबिहार टाइम्स (दैनिक)
सत्येन्द्र नगर औरंगाबाद (बिहार)
पिन - 824101
मो.-9431223574,9572550076
व्हाटसप नं.-7295863300
ई-मेलः nbtimesbihar@gmail.com
Web : www.navbihartime.com

**झारखंड कार्यालय**
31, कॉपरेटिव कॉलोनी.
बोकारो स्टील सिटी, बोकारो
मो.- 9431145865

**दिल्ली प्रतिनिधि**
मो.- 09818366269

# हेरोइन के साथ धंधेबाज गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मोहनियां।** थाना क्षेत्र अंतर्गत भनखनपुर गांव में बुधवार को घूम-घूम कर हेरोइन बेच रहे एक धंधेबाज को गिरफ्तार किया गया। इस संबंध में थानाध्यक्ष ने बताया कि गिरफ्तार धंधेबाज भनखनपुर गांव निवासी प्रेम शंकर यादव का पुत्र राजेंद्र यादव बताया जाता है। इस दौरान उसके पास से पुलिस ने 5.99 ग्राम कुल 6 पुड़िया हेरोइन जैसा मादक पदार्थ बरामद किया गया। गिरफ्तार धंधेबाज से विधिसम्मत कार्रवाई करने के बाद उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

# शराब के साथ तस्कर चढ़े पुलिस के हत्थे

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**भभुआ।** शराब मामले में कैमूर पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। दुर्गावती पुलिस ने बुधवार को विशेष समकालीन अभियान के तहत दुर्गावती थाना अंतर्गत ग्राम चिपली पोखरा के पास से दो कारों से 603. 270 ली. विदेशी शराब के साथ 02 धंधेबाजों को गिरफ्तार किया गया। मिली जानकारी के अनुसार गिरफ्तार धंधेबाज पटना जिला के अथमगोला थाना क्षेत्र के नया टोला निवासी अनारस राय का पुत्र नीतीश कुमार व विकास कुमार बताया जाता है।


**पूर्व मध्य रेल**

**अधिसूचना**

रेलवे द्वारा **हसन बाजार हॉल्ट** स्टेशन पर निम्नलिखित ट्रेनों को ठहराव प्रदान करने का निर्णय लिया गया है। विवरण समय इस प्रकार है:-

| ट्रेन सं. एवं नाम | स्टेशन | आगमन | प्रस्थान | से प्रारंभ |
|---|---|---|---|---|
| 03611 पटना—सासाराम पैसेंजर स्पेशल | हसन बाजार हॉल्ट | 18:33 | 18:34 | 09.03.2024 |
| 03612 सासाराम—पटना पैसेंजर स्पेशल | | 07:47 | 07:48 | 09.03.2024 |
| 03671 आरा—सासाराम मेमू स्पेशल | | 08:04 | 08:05 | 09.03.2024 |
| 03672 सासाराम—आरा मेमू स्पेशल | | 11:26 | 11:27 | 09.03.2024 |
| 03673 पटना—सासाराम मेमू स्पेशल | | 14:36 | 14:37 | 08.03.2024 |
| 03674 सासाराम—पटना मेमू स्पेशल | | 19:13 | 19:14 | 08.03.2024 |

विस्तृत जानकारी के लिए—www.enquiry.indianrail.gov.in/ NTES APP

पीआर/02472/एचक्यू/एन/2023–24/49 मुख्य यात्री परिचालन प्रबंधक, पूमरे/हाजीपुर


## खोया-पाया

मैं संजय कुमार पिता स्व. महेन्द्र सिंह, ग्राम-बरडीहां, थाना-नासरीगंज, जिला-रोहतास का निवासी हूं। मैंने (1) अमित कुमार उम्र करीब 28 वर्ष, (2) रविरंजन कुमार उम्र करीब 27 वर्ष वो (3) अभिषेक रंजन कुमार उम्र करीब 23 वर्ष, तीनो पिता श्री ईश्वरचन्द्र साह, ग्राम-बड़ी बाजार नासरीगंज, वार्ड नं.-06, पोस्ट व थाना-नासरीगंज, जिला- रोहतास से मौजा-नासरीगंज, खाता नं. 39, खेसरा नं. 297, रकबा 1.5 (डेढ़) डिसमिल जमीन दिनांक 23.08.2021 को खरीद किये हैं, जिसका दस्तावेज संख्या- 11151 है जो जमीन बिक्रेतागण के माता स्व. उमरावती देवी उर्फ झबरी देवी पति ईश्वरचन्द्र साह के नाम से दर्ज था, जिसको बिक्रेतागण अपने माता जी के मृत्यु के बाद क्रेता के नाम से बिक्री कर दिये। उक्त दस्तावेज दिनांक 10.02.2024 को अपने नीज ग्राम बरडीहां से नासरीगंज जाने के क्रम में रास्ते में ही कहीं खो गया, जिसको काफी खोजने का प्रयास किया गया उसके बावजूद नहीं मिल पाया।


**पूर्व रेलवे**

**ई–नीलामी आमंत्रण सूचना**

**ई–नीलामी सूचना सं. सीओएम/पीयूबी/एचडब्ल्यूएच/आरडीएन/ओओएच/लोको/23, दिनांकः 04.03.2024,** वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, पूर्व रेलवे, हावड़ा, चतुर्थ तल, यात्री निवास, हावड़ा स्टेशन के पास, हावड़ा–711101 द्वारा वाणिज्यिक प्रचार के अधिकार का ठेका प्रदान करने के लिए ई–नीलामी आमंत्रित की जाती है। अधिक जानकारी के लिए कृपया वेबसाइट **www.ireps.gov.in** देखें। **कैटलॉग सं. एचडब्ल्यूएच–पब्लिसिटी27, नीलामी शुरू होने की तिथि और समयः दिनांक 19.03.2024 को 11.00 बजे। क्रम सं., लॉट सं. एवं विवरण** निम्नानुसार हैंः **एए/1, एडीवीटी–एचडब्ल्यूएच–एचडब्ल्यूएच–ओएच–91–23–1,** 03 वर्ष की अवधि के लिए होर्डिंग्स के माध्यम से हावड़ा स्टेशन एरिया (चर्च रोड पर और रेल म्यूजियम के दक्षिणी सिरे के विपरीत) में वाणिज्यिक प्रचार के अधिकार (आउट ऑफ होम–नॉन डिजिटल) का प्रदर्शन। **एबी/1, एडीवीटी–एचडब्ल्यूएच–एचडब्ल्यूएच–ओएसडी–79–24–1,** हावड़ा स्टेशन (ओल्ड कॉम्प्लेक्स) में तीन (03) वर्ष की अवधि के लिए 50:50 समय साझा किए जाने के आधार पर वाणिज्यिक विज्ञापन के दायरे के साथ गेट नं. 3, 4, 5 एवं गेट नं. 10, 11 और 12 में वर्तमान टाइम टेबल बोर्ड (बैकलिट) के स्थान में डिजिटल टाइम टेबल बोर्ड की आपूर्ति, संस्थापन, संचालन एवं रखरखाव के लिए अनुबंध। **एबी/2, एडीवीटी–एचडब्ल्यूएच–एचडब्ल्यूएच–ओएसडी–92–23–1,** मौजूदा नॉन–डिजिटल टाइम टेबल बोर्ड (फ्लेक्स) को हटाते हुए पाँच (05) वर्ष की अवधि के लिए 50:50 समय साझा करने के आधार पर वाणिज्यिक विज्ञापनों के दायरे के साथ हावड़ा स्टेशन (ओल्ड कॉम्प्लेक्स) पर 02 अदद डिजिटल टाइम टेबल बोर्ड की आपूर्ति, संस्थापन, परिचालन एवं रखरखाव। स्थान–गेट नं.3, 4 एवं 5 के सामने की ओर मुरल और स्टेशन प्रबंधक के कार्यालय के पास हावड़ा स्टेशन (ओल्ड कॉम्प्लेक्स) के नॉर्थ कॉनकोर्स में। **एबी/3, एडीवीटी–एचडब्ल्यूएच–बीडब्ल्यूएन–ओएसडी–86–23–1,** 03 (तीन) वर्ष की अवधि के लिए बर्द्धमान स्टेशन के अंदर विभिन्न स्थानों पर 50:50 समय/स्थान साझा करने के आधार पर रेलवे द्वारा संस्थापित 06 (छह) अदद वीडियो वॉल के माध्यम से रेलवे सूचना और विज्ञापन की प्रदर्शनी हेतु अधिकार प्रदान करना। **एबी/4, एडीवीटी–एचडब्ल्यूएच–एचडब्ल्यूएच–ओएसडी–94–23–1,** पाँच (05) वर्ष की अवधि के लिए 50:50 समय/स्थान साझा करने के आधार पर वाणिज्यिक विज्ञापनों के दायरे के साथ हावड़ा स्टेशन (पीएफ–9) पर डिजिटल पैसेंजर रिजर्वेशन चार्ट बोर्ड कियोस्क का संस्थापन, परिचालन एवं रखरखाव। ● **एसी/3, एडीवीटी–लोको–एचडब्ल्यूएच–एचडब्ल्यूएच–95–23–1, एसी/21, एडीवीटी–लोको–एचडब्ल्यूएच–एचडब्ल्यूएच–96–23–1, एसी/8, एडीवीटी–लोको–एचडब्ल्यूएच–एचडब्ल्यूएच–97–23–1, एसी/9, एडीवीटी–लोको–एचडब्ल्यूएच–एचडब्ल्यूएच–98–23–1, एसी/1, एडीवीटी–लोको–एचडब्ल्यूएच–एचडब्ल्यूएच–99–23–1, एसी/4, एडीवीटी–लोको–एचडब्ल्यूएच–एचडब्ल्यूएच–100–23–1, एसी/10, एडीवीटी–लोको–एचडब्ल्यूएच–एचडब्ल्यूएच–101–23–1,** 03 वर्ष की अवधि के लिए हावड़ा मंडल (हावड़ा डीजल शेड डिपो) द्वारा मुख्य रूप से अनुरक्षित इलेक्ट्रिक लोकोमोटिव (डब्ल्यूएपी–4) के बाहरी हिस्से पर ब्राण्डिंग द्वारा (पीयू पेंटिंग के माध्यम से) वाणिज्यिक विज्ञापन की प्रदर्शनी हेतु विज्ञापन का अधिकार। ● **एसी/11, एडीवीटी–लोको–एचडब्ल्यूएच–बीडब्ल्यूएन–102–23–1, एसी/6, एडीवीटी–लोको–एचडब्ल्यूएच–बीडब्ल्यूएन–104–23–1, एसी/18, एडीवीटी–लोको–एचडब्ल्यूएच–बीडब्ल्यूएन–105–23–1, एसी/16, एडीवीटी–लोको–एचडब्ल्यूएच–बीडब्ल्यूएन–106–23–1, एसी/22, एडीवीटी–लोको–एचडब्ल्यूएच–बीडब्ल्यूएन–107–23–1, एसी/12, एडीवीटी–लोको–एचडब्ल्यूएच–बीडब्ल्यूएन–108–23–1, एसी/5, एडीवीटी–लोको–एचडब्ल्यूएच–बीडब्ल्यूएन–109–23–1, एसी/2, एडीवीटी–लोको–एचडब्ल्यूएच–बीडब्ल्यूएन–110–23–1, एसी/17, एडीवीटी–लोको–एचडब्ल्यूएच–बीडब्ल्यूएन–111–23–1, एसी/20, एडीवीटी–लोको–एचडब्ल्यूएच–बीडब्ल्यूएन–112–23–1, एसी/7, एडीवीटी–लोको–एचडब्ल्यूएच–बीडब्ल्यूएन–113–23–1, एसी/13, एडीवीटी–लोको–एचडब्ल्यूएच–बीडब्ल्यूएन–114–23–1, एसी/19, एडीवीटी–लोको–एचडब्ल्यूएच–बीडब्ल्यूएन–115–23–1, एसी/14, एडीवीटी–लोको–एचडब्ल्यूएच–बीडब्ल्यूएन–116–23–1, एसी/15, एडीवीटी–लोको–एचडब्ल्यूएच–बीडब्ल्यूएन–117–23–1,** 03 वर्ष की अवधि के लिए हावड़ा मंडल (बर्द्धमान डीजल शेड डिपो) द्वारा मुख्य रूप से अनुरक्षित इलेक्ट्रिक लोकोमोटिव (डब्ल्यूएजी–5) के बाहरी हिस्से पर ब्राण्डिंग द्वारा (पीयू पेंटिंग के माध्यम से) वाणिज्यिक विज्ञापन की प्रदर्शनी हेतु विज्ञापन का अधिकार।

HWH-529/2023-24

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

Page 3_16.12.2018 PAGE-04.qxd 06-03-2024 23:00 Page 1



# लाभुकों को प्रथम किस्त का भुगतान एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं का सम्मान समारोह

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**खूंटी** ।समाज कल्याण शाखा, खूंटी के तत्वावधान में आदर्श बालिका विद्यालय, खूंटी के सभागार में सर्वजन पेंशन योजना के तहत 50-60 वर्ष आयु वर्ग के लाभुकों को प्रथम किस्त एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को सम्मानित करने हेतु समारोह का आयोजन किया। कार्यक्रम का उद्घाटन उपायुक्त, खूंटी लोकेश मिश्रा, जिप, खूंटी अध्यक्ष मसीह गुड़िया, उपध्यक्ष मंजू देवी व अन्य के द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया।इस अवसर पर उपायुक्त ने कहा कि सर्वजन पेंशन योजना के तहत योग्य लाभुकों को लाभान्वित करने हेतु पूर्व में जिले में विशेष कैम्प का आयोजन किया गया था। शिविर में प्राप्त आवेदनों के आलोक में जिला प्रशासन की कार्रवाई आरंभ है। आज से जिले में पोषण माह का शुरूआत किया जाना है। उन्होंने कहा कि जिले की सहायिका एवं सेविकाएं अच्छा काम कर रही है। अपने क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाली सेविकाओं एवं सहायिकाओं को राज्य एवं जिला स्तर पर सम्मानित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा संचालित सभी योजनाओं का लाभ सभी लाभुकों को मिले, यह सुनिश्चित करना होगा।

उपायुक्त ने कहा कि जिले के जर्जर हो गये आंगनबाड़ी केंदों के लिए पक्का भवन का निर्माण कराया जाएगा। उन्होने कहा कि जिला प्रशासन बच्चों के पोषण से संबंधित सभी आयामों पर कार्य करने की योजना बना रही है। आगे उन्होंने बताया कि सरकार द्वारा टेली मेडीसीन की शुरूआत की गई है। गांव के कुपोषित बच्चों एवं बुजूर्गों की पहचान कर कुपोषण को कैसे दूर किया जाय, यह सुनिश्चित किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि सेविका एवं सहायिका के सहयोग के बैगर कुपोषण मुक्त गांव की कल्पना संभव नहीं है। सेविका एवं सहायिका की कार्य क्षमता को बेहतर बनाने हेतु प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा।




कार्यक्रम के दौरान नव चयनित आंगनबाड़ी सहायिका एवं सेविकाओं को नियुक्ति पत्र दिया गया। उत्कृष्ट कार्य करने वाली सहायिका एवं सेविकाओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गयां। सामाजिक सुरक्षा के तहत पारिवारिक हित योजना अंतर्गत लाभुकों को 20,000 रुपये का चेक दिया गया। सर्वजन पेंशन योजना अंतर्गत लाभुकों के बीच प्रथम किस्त की स्वीकृति प्रमाण पत्र का वितरण किया गया। दिव्यांगजनों को ट्राइसाईकिल एवं शॉल देकर सम्मानित किया गया। पोषण पखवाड़ा के तहत महिलाओं की गोद भरायी एवं मुंह झुढ़ी कराई गई।

इसके साथ ही कार्यक्रम के दौरान डायन प्रथा उन्मूलन अभियान के तहत जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। इस माध्यम से क्षेत्र के लोगों को डायन कुप्रथा को लेकर जागरूक किया जाएगा। कार्यक्रम में उपरोक्त के अलावा जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, जिला सामाजिक सुरक्षा पदाधिकारी, प्रखंडों के बाल विकास पदाधिकारी, आंगनबाड़ी केंद्रों की सहायिका, सेविकाएं सहित अन्य मौजूद थे।

## दुर्घटना में घायल युवक की इलाज के दौरान मौत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**छपरा**। बिहार में सारण जिले के मशरक थाना क्षेत्र में सड़क दुर्घटना में घायल युवक की मौत इलाज के दौरान सदर अस्पताल छपरा में हो गई है। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के तरैया थाना क्षेत्र के डीह छपिया गांव निवासी नवी हसन (35) मोटरसाइकिल से छपरा जा रहा था। इसी दौरान मशरक थाना क्षेत्र के हनुमानगंज गांव के समीप किसी अज्ञात वाहन ने मोटरसाइकिल को टक्कर मार दिया। जिसके कारण नवी हसन घायल हो गया। घायलावस्था में मशरक स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सक ने बेहतर चिकित्सा के लिए सदर अस्पताल छपरा भेज दिया।सदर अस्पताल छपरा में इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई है। घटना की सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस इस मामले में अज्ञात वाहन चालक के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर जांच कर रही है।

# जागरुकता कार्यक्रम के दूसरे दिन चित्रकला प्रतियोगिता

## कल होगा जागरुकता कार्यक्रम का समापन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बांका**। बांका के सर्वोदय नगर स्थित सार्वजनिक इंटर कॉलेज में आज सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय, भारत सरकार के केंद्रीय संचार ब्यूरो, भागलपुर इकाई द्वारा आयोजित फोटो प्रदर्शनी सह जागरूकता कार्यक्रम का आज दूसरा दिन था। आज कार्यक्रम स्थल पर चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें लगभग 70 छात्र छात्राओं ने भाग लिया। प्रतियोगिता में सफल छात्र छात्राओं को कल समापन समारोह में पुरस्कृत किया जाएगा।

साथ ही प्रश्नोत्तरी, परिचर्चा व सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किया गया। जिसमें ललन कुमार, निशु कुमारी, छाया कुमारी तथा प्रिया कुमारी को सही उत्तर देने पर पुरस्कृत किया गया।

इस विशेष चित्र प्रदर्शनी में 'हमारा संकल्प विकसित भारत' की थीम पर लगभग 60 चित्रों को प्रदर्शित किया गया है ।जिसके माध्यम से भारत सरकार की विभिन्न योजनाओं, उपलब्धियों तथा किए गए कार्य को चित्रों, सूचना तथा ग्राफिक्स के माध्यम से प्रदर्शित किया गया है। इसमें आयुष्मान भारत, उज्जवला योजना, उजाला योजना, मिशन लाइफ, नमामि गंगे पीएम विश्वकर्मा योजना, स्किल इंडिया मिशन, एक भारत श्रेष्ठ भारत, पीएम किसान, आदित्य एल 1 मिशन, गगनयान मिशन, जी 20 शिखर सम्मेलन की सफलता, रोजगार मेला, हर घर जल, प्रधानमंत्री आवास योजना तथा डिजिटल इंडिया से संबंधित चित्र शामिल हैं।

सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के क्षेत्रीय प्रचार अधिकारी अभिषेक कुमार ने कहा कि विकसित भारत के संकल्प से ही भारत सरकार की विभिन्न योजनाओं का समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाया जा रहा है तथा पूर्णता की ओर ले जाया रहा है।

कार्यक्रम के दौरान विभाग के पंजीकृत सांस्कृतिक दल रोवर्स रिक्रियेशन क्लब, जमालपुर, मुंगेर के कलाकारों द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुति के रूप में देशभक्ति गीत तथा नाटक का मंचन किया गया, जिसका कार्यक्रम में उपस्थित दर्शकों ने भरपूर आनंद उठाया। इस चित्र प्रदर्शनी में प्रवेश निःशुल्क है। 7 मार्च को इस प्रदर्शनी का समापन किया जाएगा।

# एनटीपीसी के परियोजना प्रमुख के रूप में मधु एस ने संभाला कार्यभार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कांटी**। एनटीपीसी काँटी ने 6 मार्च को अपने नए परियोजना प्रमुख मधु एस. का स्वागत किया। एनटीपीसी काँटी के अधिकारियों, पदाधिकारियों और कर्मचारियों ने अपने नए परियोजना प्रमुख श्री मधु के पदभार संभालने के पश्चात उनका भव्य स्वागत किया।

श्री मधु ने 1990 में एनटीपीसी में एक्जीक्यूटिव ट्रेनी के रूप में शामिल हुए। उन्होंने कालिकट विश्वविद्यालय से इलेक्ट्रिकल और इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग की डिग्री प्राप्त की है और मैनेजमेंट डेवलपमेंट इंस्टिट्यूट से एमबीए की है। रिहंद, बदरपुर, खरगोन और कोरबा जैसे परियोजनाओं में लगभग 34 साल काम करने के बाद, उन्होंने नवंबर 2023 में कोरबा के परियोजना प्रमुख के रूप में कार्यभार संभाला। कोरबा में 04 महीने काम करने के बाद, उन्होंने अब एनटीपीसी काँटी के परियोजना प्रमुख के रूप में



कार्यभार संभाला।

एनटीपीसी काँटी के प्रशासनिक भवन में आयोजित समारोह के दौरान आनंद बनर्जी ने परियोजना प्रमुख के कार्यभार को श्री मधु को सौंपा और उन्हें सफलता की शुभकामनाएं दी।

समारोह के दौरान, श्री मधु ने अपने नए भूमिका को पूरा करने के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की। उन्होंने कहा की वह एनटीपीसी काँटी को हर दिन एक नयी ऊंचाई पे ले जाने की कोशिश करेंगे। साथ ही, वह एनटीपीसी परिसर के बहार भी समुदायों के विकास के प्रति सुचारु रूप से कामकरेंगे।

## बाइक और साइकिल की टक्कर में एक की मौत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**छपरा**। बिहार में सारण जिले के भेल्दी थाना क्षेत्र में मोटरसाइकिल और साइकिल की टक्कर में एक की मौत हो गई है। जबकि दो घायल हो गए हैं।

पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के हरपुर परसा गांव निवासी हरेंद्र सिंह का पुत्र कर्ण कुमार (20) मोटरसाइकिल से विकास कुमार (18 )को लेकर छपरा आ रहा था। इसी दौरान गड़खा से पढ़ कर वापस लौट रही गायत्री कुमारी (17) के साथ थाना क्षेत्र के मौलनापुर गांव के समीप टक्कर हो गई।

इस घटना में कर्ण कुमार की मौत हो गई है। जबकि दोनों घायल हो गए हैं। घायलों की चिकित्सा सदर अस्पताल छपरा में की जा रही है। घटना की सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया है। पुलिस इस मामले में प्राथमिकी दर्ज कर जांच कर रही है।

# आने वाला चुनाव युवाओं के उज्वल भविष्य और महान भारत की रचना के लिए : शाह

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जलगांव (महाराष्ट्र)**। केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने महाराष्ट्र के जलगाँव में युवा सम्मेलन को संबोधित करते हुए यह स्पष्ट किया कि आने वाला लोकसभा चुनाव युवाओं के उज्जवल भविष्य और महान भारत की रचना के लिए है। भारतीय जनता पार्टी के कद्दावर नेता शाह का मानना है कि भाजपा को वोट देने का मतलब है युवाओं का उज्ज्वल भविष्य, महान भारत की रचना और मोदी जी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाना। यदि बीते 10 वर्षों पर एक सरसरी निगाह दौड़ाई जाए तो इस बात में कोई दो मत नहीं कि मोदी सरकार ने युवाओं के लिए स्पेस से लेकर सेमीकंडक्टर, डिजिटल से लेकर ड्रोन तक, एआई से लेकर वैक्सीन तक और 5जी से लेकर फिनटेक तक के दरवाजे खोलने का अभूतपूर्व काम किया है। देश को तीसरी सबसे बड़ी



अर्थव्यवस्था बनाने से लेकर साल 2035 तक अंतरिक्ष में स्टेशन स्थापित करने और साल 2036 में ऑलंपिक आयोजन से लेकर साल 2040 में चांद पर भारतीय एस्ट्रोनॉट भेजने तक का सफर इसलिए पूरा होगा क्योंकि यह मोदी की गारंटी है। साल 2024 लोकसभा चुनाव की घड़ियाँ ज्यों-ज्यों नजदीक आ रही है, चुनावी सरगर्मियाँ भी वैसे ही बढ़ती जा रही हैं। एक बार फिर से नरेन्द्र मोदी को प्रधानमंत्री बनाने और भारतीय जनता पार्टी की जीत के साथ कमल का संदेश खिलाने के लिए शाह ने कमर कस ली है। भारतीय राजनीति के चाणक्य शाह जब चुनावी तैयारी करते हैं तो विपक्षी भी उनके मुरीद हो जाते हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के बाद अमित शाह एकमात्र नेता हैं जिनकी चुनावी रैलियों में लाखों की भीड़ जुटती है। बीते 10 वर्षों में मोदी जी के नेतृत्व और अमित शाह के कुशल मार्गदर्शन में देश ने प्रगति और समृद्धि का अभूतपूर्व सफर तय किया है।

# कृमि मुक्ति की सेविकाओं को दिया गया प्रशिक्षण



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**शिवाजीनगर**। शिवाजी नगर प्रखंड के इंटर कॉलेज परिसर में प्रखंड के सभी आंगनबाड़ी सेविका के बीच पीएससी अस्पताल के द्वारा राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस के अवसर पर बच्चों के बीच दवा खिलाने को लेकर प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण स्वास्थ्य प्रबंधक अमानुल्लाह ने सभी आंगनबाड़ी सेविका को अपने- अपने केंद्र पर राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस के अवसर पर आगामी 15 मार्च से सभी छूटे हुए बच्चे के बीच एल्बेंडाजोल गोली खिलाने को लेकर विस्तार से जानकारी दी।

बाल विकास परियोजना पदाधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रखंड के सभी आंगनबाड़ी सेविका को राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस के अवसर पर सभी आंगनबाड़ी सेविका अपने-अपने केंद्र पर सभी बच्चों को दवा खिलाई जाएगी। मौके पर बाल विकास परियोजना पदाधिकारी प्रियंका महिला पर्यवेक्षी का रंजना कुमारी प्रीति कुमारी एवं सभी आंगनबाड़ी सेविका रही मौजूद थीं।

# महायज्ञ को ले कन्याओं ने निकाली भव्य कलश शोभा यात्रा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**शिवाजीनगर**। शिवाजीनगर प्रखंड अंतर्गत बंधार गांव के ओंकारेश्वर महादेव मंदिर परिसर में पांच दिवसीय माता पार्वती पुर्नस्थापना सह सावर्ण ऋषि प्रतिस्थापन महायज्ञ की शुभारंभ हुई। यज्ञ आयोजन को लेकर साधु संत एवं ग्रामीण श्रद्धालुओं के साथ 51 कन्याएं मंदिर परिसर में एकत्रित होकर भव्य झांकी व गाजे बाजे के साथ भजन संकीर्तन गाते हुए गांव स्थित बागमती तट पर पहुंची। वहां कन्याएं नदी से जल भर कर नाचते गाते ग्रामीणों श्रद्धालुओं के साथ गांव स्थित विभिन्न धर्म स्थल का भ्रमण करते हुए मंदिर परिसर स्थित यज्ञस्थल पहुंची। वहां सिमरिया धाम से पधारे स्वामी चिदात्मन जी महाराज की देख रेख में वैदिक मंत्रोचार के बीच विधि पूर्वक कलश स्थापना की गई। और विधान पूर्वक माता पार्वती पुर्नस्थापना सह सावर्ण ऋषि प्रतिस्थापन महायज्ञ की



शुरूआत हुई। यज्ञ आरंभ होते ही आचार्य वरुण पाठक, दिनेश झा, पद्मनाभ झा, देवेश मिश्रा, राम भारद्वाज, लक्ष्मण भारद्वाज, सदानंद जी, शिवेंद्र झा, अरविंद झा, शशी झा, के द्वारा वैदिक मंत्रोचार की उद्घोष से गांव समेत आसपास का इलाका भक्तिमय हो गया। महायज्ञ के मुख्य जजमान देवेन्द्र कुमार चौधरी, हवन नंदकुमार चौधरी, अशोक चौधरी, जटाशंकर चौधरी उर्फ बम बम, राम उदगार झा ने किया। मौके पर प्रभात चौधरी, शिवेंद्र चौधरी, राम शंकर चौधरी, उदय चौधरी, अमरेन्द्र पाठक, अमरनाथ चौधरी, पिंटू चौधरी, पप्पू चौधरी ग्रामीण श्रद्धालु संचालन में सहयोगरत दिखे ।

# एमजी मोटर इंडिया ने अपने ईवी पोर्टफोलियो को किया मजबूत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना**। एमजी मोटर इंडिया ने एमजी ईवी को वॉव वैल्यू प्रोपोजीशन में अधिक सुलभ बनाने के लिए अपने ईवी पोर्टफोलियो को मजबूत करने की घोषणा की। कार मैन्यूफैक्चरर ने 19.98 लाख रुपये की आकर्षक कीमत पर डुअल पेन पैनोरमिक स्काई रूफ के साथ अपने प्रमुख ईवी - एमजी जेडएस का एक नया वैरिएंट 'एक्साइट प्रो' पेश किया है।

एमजी मोटर इंडिया ने फास्ट चार्जिंग विकल्प के साथ एमजी कॉमेट को दो नए वैरिएंट्स एक्साइट और एक्सक्लूसिव में भी लांच किया है। स्मार्ट ईवी- एमजी कॉमेट की रेंज 6.98 लाख रुपये से शुरू होती है। एमजी जेडएस ईवी भविष्यवादी डिजाइन के अनुरूप है, जो अच्छी ऑन-रोड उपस्थिति, ड्राइविंग सुविधा, विशाल और लग्जीरियस इंटीरियर प्रदान करती है। यह एग्जीक्यूटिव, एक्साइट प्रो, एक्सक्लूसिव प्लस और एसेंस वैरिएंट्स में 18.98 लाख रुपये (एक्स शोरूम) की शुरूआती कीमत पर उपलब्ध है।

नए पेश किए गए एमजी कॉमेट वैरिएंट्स एक्साइट एफसी और एक्सक्लूसिव एफसी क्रमशः 8.23 लाख रुपये और 9.13 लाख रुपये (एक्स-शोरूम) की आकर्षक कीमत पर फास्ट चार्जिंग विकल्प के साथ उपलब्ध होंगे।

ये वैरिएंट्स इलेक्ट्रॉनिक पार्किंग ब्रेक, इलेक्ट्रॉनिक स्टेबिलिटी कंट्रोल, रियर डिस्क ब्रेक, हिल-होल्ड कंट्रोल, पावर फोल्डेबल ओआरवीएम, टर्न इंडिकेटर इंटीग्रेटेड डीआरएल, क्रीप मोड और एसी फास्ट चार्जिंग के साथ बॉडी-कलर्ड ओआरवीएम जैसी सुरक्षा और उन्नत सुविधाओं की पेशकश करते हैं।

एमजी मोटर इंडिया के डिप्टी मैनेजिंग डायरेक्टर गौरव गुप्ता ने कहा कि एमजी निरंतर इनोवेशन करने और ग्राहकों को आकर्षक मूल्य प्रस्तावों (शानदार कीमतों) पर रोमांचक उत्पाद पेश करने के लिए प्रतिबद्ध है।

# होम क्रेडिट इंडिया ने सेवा भारत के साथ लॉन्च किया सक्षम 2024

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना**। एक गैर-लाभकारी संगठन 'सेवा भारत' के सहयोग से मशहूर ग्लोबरल कंज्यूमर फाइनैंस प्रोवाइडर की एक स्थानीय शाखा, होम क्रेडिट इंडिया ने अपने वित्तीय साक्षरता कार्यक्रम ‘सक्षम 2024 के अगले संस्करण की शुरूआत की है, जिसके तहत यह हाशिए पर रहने वाली 20,000 महिलाओं और बालिकाओं को लाभार्थियों के रूप में शिक्षित करेगा। सक्षम वित्तीय साक्षरता पहल का मुख्य उद्देश्य हाशिए पर खड़ी महिलाओं और बालिकाओं को वित्त की मूलभूत समझ देना है, ताकि उन्हें होशियारी से वित्तीय निर्णय करने के लिए सशक्त बनाया जाए और उन्हें हर जानकारी दी जा सके। यह कार्यक्रम उन्हें डिजिटल पेमेंट के विकल्पों और उससे जुड़े जोखिमों और रिवॉर्ड्स के बारे में जानने में भी सक्षम बनाएगा। इस वर्ष, सक्षम 2024 का उद्देश्य मुख्य रूप से उत्तर (दिल्ली-एनसीआर, उत्तराखंड, पंजाब और राजस्थान) और पूर्वी भारत (बिहार) में आयोजित की जाने वाली 800 प्लस वित्तीय साक्षरता कार्यशालाओं के जरिए 20,000 महिलाओं (महिला छात्रों, गृहिणियों, नौकरानियों और दैनिक वेतनभोगियों सहित) को शिक्षित करना है। सक्षम की ओर से पेश किए गए वित्तीय साक्षरता कार्यक्रम में बजट, बचत, क्रेडिट योग्यता, निवेश योजना जैसे विषयों को शामिल किया जाएगा।

इस पहल पर बोलते हुए, होम क्रेडिट इंडिया के चीफ मार्केटिंग ऑफिसर, आशीष तिवारी ने कहा, होम क्रेडिट इंडिया में, हम वित्तीय सशक्तीकरण को सामाजिक प्रगति की मूलभूत जरूरत मानते हैं। परियोजना के लागू करने के मामले पर बोलते हुए, सेवा भारत की परियोजना प्रमुख और उपाध्यक्ष अंकिता उप्रेती सिब्बल ने कहा, कम आय वाले और हाशिए पर रहने वाले समुदायों में, महिलाओं को वित्तीय सेवाओं का ऐक्सेस देने और ऐसेट को असरदार तरीके से प्रबंधित करने में महत्वपूर्ण बाधाओं का सामना करना पड़ता है।

## नवनिर्मित आंगनबाड़ी केंद्र का फीता काट कर किया गया उद्घाटन

**शिवाजीनगर**। प्रखंड के रानी पड़ती पंचायत बंडीहा गांव में नवनिर्मित आंगनबाड़ी केंद्र का उद्घाटन किया गया। कार्यक्रम दौरान अतिथियों को मिथिला रीति रिवाज के अनुसार सम्मानित किया गया। सम्मानित कार्यक्रम के बाद पीओ रजनीश कुमार सीडीपीओ प्रियंका पंचायत मुखिया विनोद पासवान ने संयुक्त रूप से फीता काटकर उद्घाटन किया । मौके पर जेई राजीव रंजन, अंबिका प्रसाद झा,शिव कुमार कश्यप, हरि शंकर सहनी, कुमारी सुधा रणबीर सिंह, जितेंद्र कुमार आदि थे।

## बच्चों के बीच चलाया जा रहा प्रशिक्षण कार्यक्रम

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**खूंटी**। जिला प्रशासन द्वारा पायलट प्रोजेक्ट के तहत कर्रा प्रखण्ड के 54 मध्य विद्यालयों के कक्षा 6 से 8 के छात्रों के अधिगम स्तर में अपेक्षित वृद्धि एवं गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने के उद्देश्य से प्रथम एजुकेशन फाउंडेशन के सहयोग से एफ.एल.एन. आधारित प्रशिक्षण कार्यक्रम का संचालन किया जा रहा है। उपायुक्त, श्री लोकेश मिश्रा एवं अनुमण्डल पदाधिकारी, खूँटी के निर्देशन में कर्रा प्रखण्ड के सभी मध्य विद्यालयों में लगभग तीन माह उक्त कार्यक्रम का सफल संचालन पूर्ण किया गया जिसके अन्तर्गत बच्चों को हिन्दी, अंग्रेजी एवं गणित की बुनियादी जानकारी दी गई जिसका साकारात्मक प्रभाव बच्चों में देखने का प्राप्त हुआ है। उक्त कार्यक्रम की सफलता को देखते हुए जिला प्रशासन एवं शिक्षा विभाग ने इस कार्यक्रम को पूरे जिले के मध्य विद्यालयों में लागू करने का निर्णय लिया गया। साथ ही कर्रा प्रखण्ड के सभी मध्य विद्यालयों में इअरक्ळ ढछवर कार्यक्रम संचालित किया जायेगा। सभी संकुल साधनसेवियों को 14 दिनों का अभ्यास पाठ अपने संकुल अन्तर्गत चयनित 01 विद्यालय में किया जाना है। इसके उपरांत जिले के सभी मध्य विद्यालयों के चयनित शिक्षकों को भी प्रशिक्षित किया जायेगा। कार्यक्रम का अनुश्रवण जिला स्तर से नलिनी रंजन, अतिरिक्त जिला कार्यक्रम पदाधिकारी एवं सहायक कार्यक्रम पदाधिकारियों द्वारा किया जा रहा है। उक्त कार्यक्रम के संचालन से बच्चों में सीखने की क्षमता में वृद्धि होगी तथा पढ़ाई के प्रति उनकी रूचि बढ़ेगी जिसका असर उनके गुणात्मक विकास में देखने को प्राप्त होगा।

### चलाया जागरूकता अभियान

खूंटी। चुनाव में शत प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने के लिए मतदाता जागरूकता कार्यक्रम स्वीप के तहत बीएलओ द्वारा घर - घर जागरूकता अभियान चलाया गया। स्वीप के तहत दुकानों में मतदाता प्रतिज्ञा समेत अन्य गतिविधियां व्यापक स्तर पर आयोजित किए जा रहे हैं। लोगों को जागरूक किया गया कि वे स्वयं तथा उनके सहपाठी मतदान करें।

# नये पेंशनधारियों के खाते में 8902000 रुपये किये गये ट्रांसफर

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मेदिनीनगर (पलामू)**। पोषण पखवाड़ा एवं अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस अंतर्गत आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं का सम्मान समारोह तथा सर्वजन पेंशन योजना अंतर्गत नये लाभुकों का प्रथम भुगतान का उत्सव से संबंधित कार्यक्रम का आयोजन टाउन हॉल में किया गया। उपायुक्त शशि रंजन,जिला परिषद अध्यक्ष प्रतिमा कुमारी समेत अन्य ने संयुक्त रूप से दिप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया गया। इस दौरान सर्वजन पेंशन योजना के तहत 50-60 वर्ष के नये पेंशनधारियों के 4451 लाभुकों के बीच कुल 8902000 रुपये प्रथम किस्त के रूप में उनके खाते में ट्रांसफर की गयी। इस दौरान उपायुक्त श्री रंजन ने टाउन हॉल में कुछ लाभुकों के बीच सांकेतिक रूप से स्वीकृति पत्र का भी वितरण किया। इसी तरह आज राष्ट्रीय परिवार हितलाभ योजना अंतर्गत 86 लाभुकों के बीच 20 हजार रुपये की दर से कुल 1720000 रुपए का भुगतान किया गया।

टाउन हॉल में 10 नवचयनित सेविका एवं सहायिका के बीच नियुक्ति पत्र का वितरण किया गया.वहीं राज्य विधवा पुनर्विवाह प्रोत्साहन योजना अंतर्गत दो लाभुकों का चयन किया गया। इसी तरह मुख्यमंत्री कन्यादान योजना के तहत पांच लाभार्थियों को लाभ दिया गया। सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना के तहत 15 बच्चियों को लाभ दिया गया। वहीं कुल 28 सेविका व 28 सहायिका को सम्मानित किया गया.इसके अलावे गर्भवती महिलाओं का गोदभराई कार्यक्रम कराया गया वहीं बच्चों का अन्नप्राशन भी कराया गया।उपायुक्त श्री रंजन ने खीर खिलाकर बच्चों का अन्नप्राशन कराया।

इस अवसर पर बोलते हुए उपायुक्त शशि रंजन ने कहा कि सरकार की योजनाओं को धरातल पर उतारने में महिलाओं की अहम भूमिका है।उन्होंने कहा कि ग्राउंड जीरो पर कुल सेविका 28 सहायिका तैनात रहती है वो अपने परिवार का ध्यान रखते हुए विभिन्न सरकारी योजनाओं को सुचारू रूप से चलाने में अपना योगदान देती है यह प्रशंसनीय है।

उन्होंने कहा कि छोटे-छोटे बच्चे आंगनबाड़ी केंद्रों पर पढ़ने जाते है वहां उनका ख्याल आंगनबाड़ी सेविका रखती हैं बच्चे के भविष्य को संवारने में अपना योगदान देती है। उन्होंने कहा कि युहीं नहीं कहा गया है कि एक महिला साक्षर हो जाती हैं तो अगले कई जेनरेशन भी साक्षर हो जाते हैं। उन्होंने कहा कि महिलाएं हमारे समाज की बैकबोन है। उन्होंने कहा कि आगामी निर्वाचन कार्यो में भी आपकी सहभागिता आवश्यक है उन्होंने सभी से अपने मोबाइल में वीएचए एप इंस्टॉल करने पर बल दिया। इसी तरह समाज कल्याण पदाधिकारी नीता चौहान ने कहा कि इस मॉडर्न युग में महिलाएं आत्मनिर्भर हो रही है जिसका उदाहरण आप मंच पर भी देख सकते हैं जहां जिला परिषद अध्यक्ष प्रतिमा कुमारी,जिला आपूर्ति पदाधिकारी प्रीति किस्कु,व जेएसएलपीएस की डीपीएम शांति मार्डी बैठीं हैं। टाउन हॉल में समाज कल्याण से जुड़े विभिन्न स्टॉल लगाये गये थे सभी स्टॉल का उपायुक्त ने अवलोकन किया।

मौके पर सामाजिक सुरक्षा के सहायक निदेशक विक्रम आनंद, जिला कल्याण पदाधिकारी सेवाराम साहू,सहायक समाहर्ता रवि कुमार,समेत बड़ी संख्या में सेविका व सहायिका उपस्थित थे। ज्ञातव्य है कि उपरोक्त विषयक कार्यक्रम का शुभारंभ रांची में मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन ने किया जिसके पश्चात मेदिनीनगर के टाउन हॉल में जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन हुआ।

# मधुबनी का दारोगा नेपाल में रिवॉल्वर का रॉब दिखाते धराया

## एसपी ने किया सस्पेंड

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना**। बिहार पुलिस के कारनामे आए दिन चर्चा का विषय बनते हैं। इस बार तो ये चर्चा बिहार की सीमाओं को पार कर नेपाल तक पहुंच गई। दरअसल नेपाल पुलिसे ने खुलेआम रिवॉल्वर लहराने के आरोप में मधबुनी जिले के अररिया संग्राम थाने में पदस्थापित एसआई को हिरासत में ले लिया और इसकी खबर मधुबनी एसपी को दी। कड़ी मशक्कत के बाद एसआई को नेपाली पुलिस की हिरासत से छुड़ाया गया। इसके बाद एसपी ने आरोपी एसआई अमन सिंह को सस्पेंड कर दिया है।

बताया जाता है कि अररिया संग्राम थाना में पदस्थापित एसआई अमन सिंह पर आरोप है कि किसी लड़की को स्कूटी पर बैठाकर सिविल ड्रेस में सर्विस रिवाल्वर के साथ नेपाल घूमने गया था। जहां नेपाल पुलिस ने खुलेआम हथियार लहराने के आरोप में अमन सिंह के साथ-साथ लड़की को भी हिरासत में ले लिया।

नेपाल पुलिस ने पूछताछ की तो अमन सिंह ने बताया कि वो अररिया संग्राम थाने का एसआई है. जिसके बाद नेपाल पुलिस ने मधुबनी पुलिस से संपर्क किया। जिसके बाद मधुबनी पुलिस नेपाल पहुंची। मधुबनी पुलिस ने नेपाल पुलिस से मिलकर बात की और फिर कड़ी मशक्कत के बाद अमन सिंह और लड़की को हिरासत से छुड़ाकर लाया गया।

घटना की सूचना मिलते ही मधुबनी एसपी सुशील कुमार खुद अररिया संग्राम थाना पहुंचे। एसपी ने बताया कि झंझारपुर एसडी पीओ और थानाध्यक्ष की जांच में एसआई को प्रथम दृष्टया दोषी पाया गया है। जिसके बाद अमन सिंह को सस्पेंड कर दिया गया है और उससे पूरे मामले में स्पष्टीकरण मांगा गया है। साथ ही झंझारपर डीएसपी को मामले की जांच के आदेश दिए गये हैं।

# भीषण सड़क दुर्घटना में किशोर की मौत

## मृतक रौशन ने बीते माह ही दी थी मैट्रिक की परीक्षा, परिजनों में कोहराम

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** शहर के बैजनाथ बिगहा मोड़ के समीप तेज रफ्तार अनियंत्रित स्कॉर्पियो की चपेट में आने से एक 17 वर्षीय किशोर की दर्दनाक मौत हो गई। मृतक की पहचान शहर के पिपरडीह गांव निवासी मोहन यादव के पुत्र रौशन कुमार के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार रौशन बुधवार की सुबह अपने घर से बैजनाथ बिगहा किसी दोस्त से मिलने गया था। घर वापस पैदल लौटने के दौरान बैजनाथ बिगहा मोड़ के समीप तेज रफ्तार अनियंत्रित स्कार्पियो ने उसे रौंद दिया, जिससे घटनास्थल पर उसकी मौत हो गई। घटना के बाद घटनास्थल पर स्थानीय लोगों की भीड़ जुट गई। मौके पर अफरा-तफरी मच गई। भीड़ का फायदा उठाकर चालक स्कॉर्पियो




लेकर फरार हो गया। हालांकि स्थानीय लोगों ने उसे जिंदा समझकर इलाज के लिए सदर अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने नब्ज टटोलते ही उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पर सदर अस्पताल में परिजन पहुंचे और शव से लिपटकर चीत्कार उठे। परिजनों की चीत्कार से सदर अस्पताल का कोना-कोना दहल उठा। पोस्टमार्टम के दौरान परिजनों ने बताया कि रौशन इसी वर्ष मैट्रिक का परीक्षा दिया था और आगे की पढ़ाई के लिए वह पटना जाने की तैयारी में था। घटना के बाद नगर थाना की पुलिस शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम की प्रक्रिया पूरी कराई और शव परिजनों को सौंप दिया। परिजनों ने जिला प्रशासन से आपदा राहत के तहत मुआवजे की मांग की है। जानकारी के अनुसार मृतक दो भाइयों में छोटा था। घटना के बाद से गांव में कोहराम मच गया। नगर थानाध्यक्ष उपेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि दुर्घटना में एक किशोर की मौत हुई है। फिलहाल शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया गया है। मामले में आगे की कार्रवाई की जा रही है।

# कल होगा देवकुंड महोत्सव, तैयारी अंतिम चरण में

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गोह (औरंगाबाद)।** देवकुंड में कल यानी महाशिव रात्रि को होने वाला देवकुंड महोत्सव की तैयारी अंतिम चरण में है। इसको लेकर दो दिनों से स्टेज का निर्माण कार्य चल रहा है। बीडीओ राजेश कुमार दिनकर ने बताया कि एक दिवसीय महोत्सव को लेकर लगभग सारी तैयारी पूरी कर ली गई है। देवकुंड में पहली बार महोत्सव का आयोजन होना तय हुआ है। पहली बार सरकार द्वारा पांच लाख की आवंटन मिला है। दूसरी बार जब महोत्सव होगा तो भव्य पैमाने पर किया जायेगा। हालांकि इस बार भी जो आयोजन होगा वह शानदार आयोजन में एक होगा। इसको लेकर प्रशासनिक तैयारी लगभग पूरी हो गई है।

# एनटीपीसी नबीनगर में मनाया गया 53वां राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** औरंगाबाद स्थित एनटीपीसी नबीनगर में सोमवार को 53वां राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस मनाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत परियोजना प्रमुख सह मुख्य महाप्रबंधक चंदन कुमार सामंता ने राष्ट्रीय सुरक्षा ध्वज फहराकर किया। तत्पश्चात कार्यस्थल पर सुरक्षा के महत्व को दोहराते हुए श्री सामंता ने कर्मचारियों को सुरक्षा शपथ दिलाई। इस दिन के महत्व को रेखांकित करने हेतु परियोजना के सुरक्षा विभाग द्वारा एक विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। सभा को सम्बोधित करते हुए चंदन कुमार सामंता ने कहा की राष्ट्रीय के विकास के लिए कार्यस्थल सुरक्षा की भूमिका अहम है। उन्होंने बताया की सुरक्षा



नियमो का पालन सिर्फ व्यक्तिगत ही नहीं बल्कि हमारी सामुदायिक जिम्मेदारी भी है। इस कार्यकर्म में मुख्य महाप्रबंधक के साथ, महाप्रबंधक (एफ एम) आर पी अग्रवाल, महाप्रबंधक (ऑपरेशन), ए के त्रिपाठी एवं संयंत्र के अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरुस्कार दिया गया एवं कर्मचारियों, सहयोगियों और श्रमिकों को सुरक्षा मानकों को बनाए रखने एवं सुरक्षा के प्रति उनके दृढ़ प्रतिबद्धता के लिए उन्हें सम्मानित किया गया।

# चुनाव के मद्देनजर डीएम-एसपी ने दिए कई निर्देश



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** जिलाधिकारी श्रीकांत शास्त्री एवं पुलिस अधीक्षक स्वप्ना गौतम मेश्राम के संयुक्त अध्यक्षता में जिला के योजना भवन में लोकसभा चुनाव से संबंधित बैठक आयोजित किया गया। बैठक में जिला के सभी थानाध्यक्षों पुलिस निरीक्षक एवं अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी को वारंट, कुर्की, स्थाई वारंट, वेतामिला वारंट, धारा 107 के तहत कार्रवाई, निरोधात्मक कार्रवाई, आर्म्स वेरिफिकेशन करना, अधिक से अधिक शराब बरामद करना, अधिक से अधिक अभियुक्तों की गिरफ्तारी, बूथों का सत्यापन करने का पुलिस अधीक्षक, औरंगाबाद द्वारा निर्देश दिया गया। इसके अतिरिक्त आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर सभी बिंदुओं पर कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया।

# दो वारंटी भेजे गये जेल

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** रफीगंज पुलिस ने सिहुली खैरा गांव निवासी विजय यादव एवं कलेश्वरी कुंवर को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। इस संबंध में थानाध्यक्ष गुफरान अली ने बताया कि औरंगाबाद न्यायालय से दोनों के विरुद्ध वारंट निर्गत है। इसी के आलोक में दोनों को इन्हीं के घर से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

# दो एनबीडब्ल्यू वारंटी गिरफ्तार, जेल




नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गोह (औरंगाबाद)।** देवकुंड पुलिस ने थाना क्षेत्र के हथियारा गांव निवासी आफताब आलम व परवेज आलम को मंगलवार को गिरफ्तार कर थाने लाया गया है। थानाध्यक्ष अनन्त कुमार ने बताया की हथियारा निवासी आफताब आलम व परवेज आलम पर न्यायालय से एनबीडब्ल्यू वारंट निर्गत था। वह बहुत दिनो से फरार चल रहा था। गुप्त सूचना पर देवकुंड पुलिस द्वारा आफताब आलम और परवेज आलम के घर पर छापेमारी की गई और गिरफ्तार कर के बुधवार को जेल भेज दिया गया है।

# एसडीओ के स्थानांतरण पर सीतयोग कॉलेज में सम्मान समारोह का आयोजन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** सीतयोग इंजीनियरिंग कॉलेज में बुधवार को औरंगाबाद अनुमंडल पदाधिकारी विजयंत को स्थानांतरण के बाद विदाई समारोह आयोजित कर विदाई दी गई। विदाई समारोह की शुरुआत अनुमंडल पदाधिकारी विजयंत के साथ कॉलेज के अध्यक्ष कुमार योगेंद्र नारायण सिंह और सचिव डॉ राजेश कुमार सिंह ने दीप प्रज्जवलित कर किया। इस दौरान राम मंदिर के प्रतीक चिन्ह के साथ गुलदस्ता और अंग वस्त्र देकर कॉलेज के अध्यक्ष और सचिव ने स्वागत किया। इस दौरान कॉलेज के अध्यक्ष कुमार योगेंद्र नारायण सिंह ने अनुमंडल पदाधिकारी विजयंत के औरंगाबाद में किये गये कार्य की प्रसंसा किया। कहा कि श्री विजयंत एक पदाधिकारी के साथ साथ एक अच्छे व्यक्ति हैं। लोगों से मिल-जुल कर कार्य का निष्पादन करते थे। वे औरंगाबाद के लोगों के साथ परिवार के तरह मिलजुल कर रहते थे। सीतयोग कॉलेज से उनका नाता हमेशा जुड़ा रहा। उन्होंने कहा कि आज उनका पदोन्नति के साथ स्थान्तरण हुआ है। हमलोग चाहते हैं कि जहां वे जा रहें हैं वहां भी ईमानदारीपूर्वक कार्य करें। कॉलेज के सचिव डॉ. राजेश कुमार सिंह ने कहा कि विजयंत सर औरंगाबाद में अनुमंडल पदाधिकारी के तौर पर बेहतरीन कार्य किया है।




हमलोग की चाहत है कि सर को आईएस मिले और वे पुनः औरंगाबाद में आइएस के रूप में सेवा देने आएं। अपने संबोधन में अनुमंडल पदाधिकारी श्री विजयंत ने कहा कि औरंगाबाद में हमने अपने नौकरी के आधे समय औरंगाबाद में बिताया है। औरंगाबाद के लोगों ने हमे हर कार्य मे सहयोग किया है। उन्होंने कहा कि सीतयोग कॉलेज से मेरा पुराना नाता है। शुरुआत से ही हम इस संस्थान से जुड़े हुए हैं। उन्होंने कहा कि मैं पटना जा रहा हूँ और जिस विभाग में जा रहा हूँ उस विभाग में आकर हमसे सहयोग ले सकते हैं। उन्होंने कहा कि सीतयोग कॉलेज औरंगाबाद के लिए ही नही बल्कि पूरे बिहार के लिए मिल का पत्थर सावित हो रहा है। यहां से इंजीनियरिंग कर के छात्र बड़े जगहों पर जाकर कॉलेज का नाम रौशन कर रहे हैं। इस दौरान उन्होंने कहा कि औरंगाबाद में कई बड़ी चुनौती आई लेकिन लोगों के मदद से सहजतापूर्वक उस चुनौती को स्वीकार किया और उसे सहजतापूर्वक निष्पादन किया। उन्होंने कहा की 4 दिन पूर्व देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी का कार्यक्रम था। जिसके लिए हमने दिन रात जगकर कार्यक्रम को शान्तिपूर्वक तरीके से संपन्न कराया। इस दौरान डायरेक्टर डॉ झा, प्रिंसीपल सूरज कुमार, कॉलेज के प्रोफेसर वैभव सिंह, अश्विनी कुमार, चंचल सिंह, डॉ निरंजय कुमार के साथ संस्थान के अन्य शिक्षक और कर्मचारी के साथ सैंकड़ो छात्र छात्राओं मौजूद थे।

# शाखा प्रबंधकों को लक्ष्य प्राप्ति के दिए गए निर्देश



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**अंबा (औरंगाबाद)।** प्रखंड स्तरीय बैंकर्स कमेटी की समीक्षा बैठक बुधवार को प्रखंड मुख्यालय के सभागार मे की गई। इस दौरान वार्षिक साख योजना 2023-24 की समीक्षा की गई और सभी शाखा प्रबंधकों को लक्ष्य प्राप्ति, एसएलबीसी ऑनलाइन पोर्टल पर लंबित मामलों के त्वरित निष्पादन, चुनाव आयोग द्वारा तैयार किए गए ईएसएमएस सिस्टम के अंतर्गत नकदी का प्रेषण, पीएमईजीपी तथा पीएमएफएमई योजना के अंतर्गत सभी शाखाओं को अपने लक्ष्य के अनुरूप स्वीकृति व संवितरण करने का निर्देश दिया गया। बैठक में प्रखंड विकास पदाधिकारी मनोज कुमार, सीडीपीओ श्वेता कुमारी, इलाहाबाद बैंक मैनेजर रजनीश सिंह, यूको बैंक मैनेजर नितेश कुमार, दक्षिण बिहार ग्रामीण बैंक मैनेजर प्रमोद कुमार, स्टेट बैंक मैनेजर निक्की प्रिया, पंजाब नेशनल बैंक महाराजगंज मैनेजर धीरज कुमार पांडेय आदि उपस्थित थे।

# आपसी विवाद को लेकर दो पक्षों में मारपीट



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

औरंगाबाद। माली थाना क्षेत्र के जोसिया गांव में आपसी विवाद को लेकर दो पक्षों में मारपीट की घटना घटी। इस घटना में उक्त गांव निवासी सुंदर राम के पुत्र लल्लू राम व लल्लू की पत्नी संजू देवी जख्मी हो गई। घटना के बाद दोनों का इलाज सदर अस्पताल में कराया गया, फिलहाल इस घटना की सूचना माली थाना पुलिस को दे दी गई है।

### शराब लदी बाइक जब्त

**अंबा (औरंगाबाद)।** अंबा थाना की पुलिस ने गश्ती के दौरान मंगलवार की रात्री भलुवाड़ी खुर्द गांव में कब्रिस्तान के समीप से शराब लदे एक बाइक को जप्त किया। यह कार्यवाही पीएसआई आकाश कुमार ने की। उन्होंने बताया कि तस्कर झारखंड की तरफ से शराब लेकर उक्त रास्ते से गुजर रहा था। पुलिस को देखते ही तस्कर ने बाइक सड़क के किनारे खड़ी कर दी और अंधेरे में भाग निकला। जांच के दौरान बाइक पर लदा साठ लीटर रॉयल ब्लू माल्ट व्हिस्की अंग्रेजी शराब बरामद हुआ।

### स्कॉर्पियो की चपेट में आकर युवक जख्मी




**औरंगाबाद।** नगर थाना क्षेत्र के सिन्हा कॉलेज मोड़ के समीप स्कॉर्पियो की चपेट में आने से तेंदुआ गांव निवासी संजय गुप्ता घायल हो गया। घटना के बाद स्थानीय लोगों ने इलाज के लिए सदर अस्पताल पहुंचाया, जहां के डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर स्थिति में हायर सेंटर रेफर कर दिया। जानकारी के अनुसार संजय गुप्ता का शहर में ही इलेक्ट्रॉनिक का दुकान है। बुधवार की सुबह दुकान खोलने के लिए जा रहा था। इसी दौरान दुर्घटना में घायल हो गया।

# सतबहिनी मंदिर के जीर्णोद्धार में एसडीओ विजयंत की भूमिका रही अहम



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**अंबा (औरंगाबाद)।** माता सतबहिनी मंदिर प्रांगण में कार्यक्रम का आयोजन कर बुधवार को एसडीओ विजयंत कुमार को सम्मान के साथ विदा किया गया। इस दौरान वक्ताओं ने उनके प्रशासनिक एवं सतबहिनी मंदिर न्याय समिति के अध्यक्ष के रूप में किए गए कार्यो की सराहना की। पैक्स अध्यक्ष कुमुद रंजन मिश्रा ने कहा कि विजयंत कुमार ने निर्विवाद रूप से कार्यों का निर्वहन कर यह सिद्ध कर दिया कि वे ईमानदार और कर्तव्यनिष्ठ पदाधिकारी हैं। सतबहिनी मंदिर न्यास समिति के अध्यक्ष के पद पर रहते हुए सतबहिनी मंदिर के जिर्णोद्धार एवं अंबे महोत्सव जैसे बड़े कार्यक्रम का सफल आयोजन कराया। उनके किए गए कार्यो के प्रति न्यास समिति सदैव आभारी रहेगी। इस मौके पर पैक्स अध्यक्ष कुमुद रंजन मिश्रा, सतबहिनी मंदिर न्यास समिति के सचिव सिद्धेश्वर विद्यार्थी, पंचायत समिति प्रतिनिधि कंचन गुप्ता, शिक्षक विनय गुप्ता, विरेंद्र सिंह, राजीव पांडेय, अरुण सिंह, उज्जवल कुमार आदि लोग उपस्थित थे।

# धूमधाम से मनेगी महाशिवरात्रि

**गोह (औरंगाबाद)।** महाशिवरात्रि महोत्सव को लेकर बुधवार को देवकुंड मंदिर परिसर में महंत कन्हैयानंद पुरी की अध्यक्षता में मंदिर कमेटी के सदस्यों के साथ बैठक आयोजित की गई। बैठक में शांति व्यवस्था बनाए रखने व क्षेत्र में अमन-चैन से पर्व मनाने की अपील की गई। वहीं दिन में बाबा दूधेश्वरनाथ पर जलाभिषेक व संध्या काल में देवकुंड मठ से निकाली जाने वाली भव्य शिव बारात के बारे में विचार-विमर्श किया गया। वहीं स्थानीय महोत्सव कमेटी द्वारा मंदिर परिसर की साफ सफाई, रौशनी, पेयजल, शौचालय, सीसीटीवी कैमरे को दुरुस्त कर लिया गया है। इस मौके पर पैक्स अध्यक्ष उमाशंकर यादव, रामकृपाल विश्वकर्मा, श्रीकांत चंद्रवंशी, प्रकाश राज, अरुण यादव, प्रफुल्ल पासवान, अमरेन्द्र यादव, गौतम कुमार सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस (डी.बी.कॉर्प.लि.), उड़ान टोला, दानापुर कैंट, शिवाला रोड, खगौल, शाहपुर, पटना (बिहार) से मुद्रित एवं सत्येन्द्र नगर, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित।

**संपादक - कमल किशोर**
नवबिहार टाइम्स (दैनिक)
सत्येन्द्र नगर औरंगाबाद (बिहार)
पिन - 824101
मो.-9431223574,9572550076
व्हाटसप नं.-7295863300
ई-मेल: nbtimesbihar@gmail.com
Web : www.navbihartime.com
**झारखंड कार्यालय**
31, कॉपरेटिव कॉलोनी.
बोकारो स्टील सिटी, बोकारो
मो.- 9431145865
**दिल्ली प्रतिनिधि**
मो.- 09818366269

